माघ शुक्ल पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 175, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण 16

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू 15

केजरीवाल को धनशोधन के मामले में ईडी का छठा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति मामला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल (55) को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में भेजे गए समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पिछले सप्ताह केजरीवाल को 17 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा था। अदालत ने कहा था कि केजरीवाल प्रथम दृष्टया इसका अनुपालन करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं। इस मामले में ईडी द्वारा आईआरएस के पूर्व अधिकारी को भेजा गया यह छठा समन है।

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए विभाकर

लखनऊ/नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र विभाकर शास्त्री बुधवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। शास्त्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में भाजपा में शामिल हुए। विभाकर शास्त्री ने इससे पहले एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित पोस्ट में अपने त्यागपत्र की घोषणा की। विभाकर शास्त्री हरि कृष्ण शास्त्री के बेटे हैं। वह कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रहे हैं।

यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में लिखा स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया अबू धाबी के पहले मंदिर का लोकार्पण

अबू धाबी, एजेंसी

अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में मंदिर के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 27 एकड़ में क्षेत्रफल में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से हुआ निर्माण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वामीनारायण संप्रदाय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के बीच अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। हल्के गुलाबी रंग का रेशमी कुर्ता पजामा, बिना बांह वाली जैकेट और पटका पहने हुए प्रधानमंत्री ने मंदिर के लोकार्पण समारोह में पूजा विधि में भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने 'वैश्विक आरती' में भी भाग लिया जो बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा दुनियाभर में बने स्वामीनारायण संप्रदाय के 1200 से अधिक मंदिरों में एक साथ आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। इससे पहले मोदी ने यहां पहले हिंदू मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले विभिन्न संप्रदायों के लोगों से मुलाकात की। दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए मंदिर के उद्घाटन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गईं गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। मंदिर अधिकारियों के अनुसार शिल्प और स्थापत्य शास्त्रों एवं हिंदू ग्रंथों में उल्लेखित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार भव्य मंदिर बनाया गया है। बीएपीएस के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने कहा, यहां वास्तुशिल्प पद्धतियों को वैज्ञानिक तकनीकों के साथ जोड़ा गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर 300 से अधिक उच्च तकनीक वाले सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है तो मंदिर इसका पता लगा लेगा और हम अध्ययन कर सकेंगे। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है।

एक नजर

नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी गन

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी निर्मित 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन (एसआरसीजी) के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) कानपुर के साथ बुधवार को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबंध की कुल लागत 1752.13 करोड़ रुपए है और इन गनों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। ये गन दिन और रात दोनों समय में हमला करने में सक्षम है। इससे नौसेना और तटरक्षक बल की जहाजों के लिए खतरा पैदा करने वाले छोटे लक्ष्यों पर सटीक हमला करने की क्षमता बढ़ जाएगी।

500 से अधिक अस्पताल बने ईट राइट कैंपस

नई दिल्ली। खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने देशभर में 500 से अधिक अस्पतालों को 'ईट राइट कैंपस' के रूप में प्रमाणित किया है। यह पहल एफएसएसएआई के 'ईट राइट इंडिया' अभियान के तहत अस्पतालों सहित विभिन्न संस्थानों और कार्यस्थलों के भीतर सुरक्षित, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल खाद्य परिवेश बनाने पर केंद्रित है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सही खाद्य परिवेश के लिए प्रमाणित अस्पतालों तथा मेडिकल कॉलेज में से करीब 100 सरकारी अस्पताल हैं।

चित्रकूट में आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट से चार लोगों की मौत

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन समारोह से पहले हादसा

- हादसे में सभी मरने वाले थे छात्र महोत्सव में घूमने को पहुंचे थे

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

विस्फोट के बाद बचाव एवं राहत कार्य में जुटे पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : चित्रकूट इंटर कालेज में चल रहे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को समापन समारोह से पहले ही आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट हो गया। अफरा-तफरी और भगदड़ के बीच विस्फोट से चार युवकों की मौत हो गई। देर शाम मरने वालों की शिनाख्त हो गई। विस्फोट के बाद महोत्सव स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

चित्रकूट इंटर कालेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव चल रहा था। बुधवार को अंतिम दिन था। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव की आखिरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी प्रस्तावित थी। मैदान पर आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे आतिशबाजी के पैनल में अचानक विस्फोट हो गया। जो इतना जबर्दस्त था कि पैनल के पास मौजूद चार लोग लगभग 30 फीट तक उछल गए। एक युवक कालेज की तीसरी मंजिल पर जा गिरा और उसके चीथड़े उड़ गए। तीन युवक नीचे मैदान पर गिरे, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को फौरन जिला अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। देर शाम इनकी शिनाख्त कर्वी के मिशन चौराहा निवासी प्रभात पुत्र धर्मेंद्र, कर्वी माफी के विद्या नगर निवासी यश पुत्र विश्व प्रताप, पारस पुत्र कंशराज और मोहित पुत्र मुकेश के रूप में हुई। ये चारो छात्र थे और महोत्सव में घूमने पहुंचे थे। इनमें से मोहित (15) को छोड़कर तीनों 13-14 साल के थे। विस्फोट की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुःख, जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुःख जताते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को पांच- पांच लाख रुपये और घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। एडीजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है और जो दोषी हैं उन पर एफआईआर कराने के लिए कहा है। घायलों का निःशुल्क उपचार कराने के लिए भी कहा है।

जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई: डीएम

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के तहत रात में आयोजकों की ओर से आतिशबाजी का शो रखा गया था। अपराह्न 310 बजे विस्फोट हुआ, जिनमें दो की मौके पर ही मौत हो गई है, दो घायलों की प्रयागराज ले जाते समय सांसें थम गईं। कहा कि जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बेहमई कांड : बरसी पर 43 साल के बाद फैसला, एक को उम्र कैद

साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने एक आरोपी को किया दोष मुक्त

- कतार में खड़ाकर चलाई गई थी गोली, 20 लोगों की हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

आत्मसमर्पण के दौरान फूलनदेवी और डकैत मान सिंह।

अमृत वि.चार : बहुचर्चित बेहमई कांड के बहुप्रतीक्षित मुकदमे में अदालत ने 43 साल तक चली सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 43 साल पहले 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ लूटपाट करते हुए एक जाति वर्ग के लोगों को कतार में खड़ा कर उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर सामूहिक नरसंहार किया था। इस नरसंहार में 20 लोग मारे गए थे, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस नरसंहार के मामले में गांव के ही राजाराम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। इस मुकदमे की 43 साल तक चली सुनवाई के दौरान मुकदमे के वादी सहित गवाह और कई आरोपी दुनिया को अलविदा कह गए।

सुनवाई के दौरान अदालत में कई चक्रों में अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस हुई। दोनों पक्षों की ओर से अदालत में लिखित बहस भी दाखिल की गई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को अदालत ने मामले में अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया, वहीं दूसरे आरोपी श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

नरसंहार में ये लोग मारे गए थे

तुलसीराम सिंह, गजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगन्नाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामाधार सिंह, शिवराम सिंह, रामचंद्र सिंह, शिवबालक सिंह, बनवारी सिंह पुत्र लाखन सिंह, लाल सिंह, नरेश सिंह, दशरथ सिंह, बनवारी सिंह पुत्र महाराज सिंह, हिम्मत सिंह, हुकुम सिंह, हरिओम सिंह, रामऔतार, तुलसीराम पुत्र धनीराम व नजीर खां।

नड्डा गुजरात तो वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की नई सूची

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमशः ओडिशा और मध्य प्रदेश से उम्मीदवार घोषित किया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने महाराष्ट्र से चव्हाण के अलावा पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। जरूरत पड़ने पर 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मध्य प्रदेश से भाजपा ने राज्य मंत्री मुरुगन के अलावा उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है। मध्य प्रदेश में भाजपा के पास चार सीट जीतने का दम है जबकि कांग्रेस एक सीट जीत सकती है।

कांग्रेस ने सोनिया समेत 10 प्रत्याशी घोषित किए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पहले चार और फिर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की। उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तेलंगाना से पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी और प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम अनिल कुमार यादव को प्रत्याशी बनाया है। पहली सूची में सोनिया गांधी का नाम सबसे प्रमुख था जिन्होंने राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश, बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से वरिष्ठ नेता चंद्रकांत हंडोरे को उम्मीदवार बनाया गया है।

थोक महंगाई दर जनवरी में घटकर 0.27 % पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- फल और सब्जियों के दाम कम होने का असर

फल और सब्जियों के दाम कम होने से थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 0.27 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर 2023 में यह 0.73 प्रतिशत थी।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.39 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में लिए 0.27 प्रतिशत (अस्थायी) रही। थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 4.8 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी। इनमें सब्जियों की महंगाई दर 19.71 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 26.3 प्रतिशत रही थी। आलू की महंगाई नकारात्मक दायरे में रही। फल, अंडे, दूध, मछली और दूध की कीमतों में गिरावट आई है। ईंधन और बिजली क्षेत्र में जनवरी में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे 0.51 प्रतिशत रही।

मांग पर डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली चलो मार्च

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसान

हजारों किसान बुधवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने जब अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। कुछ किसानों ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जो अवरोधकों के करीब तैनात थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए एक ड्रोन तैनात किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया। दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वे एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत अपनी मांगों पर केंद्र के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

केंद्र-किसानों में आज चंडीगढ़ में होगी तीसरे दौर की वार्ता

चंडीगढ़। तीन केंद्रीय मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। दो बैठकें बेनतीजा रही हैं।

राजनाथ, मुंडा और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने की चर्चा

नई दिल्ली। राजनाथ सिंह और अर्जुन मुंडा समेत वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन और मुद्दों के समाधान के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री मुंडा के साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुंडा भी उन मंत्रियों में से एक हैं जिन्होंने किसान समूहों के साथ चर्चा की। बैठक के बारे में विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका है।

मुरादाबाद में लॉजिस्टिक तो बरेली में लगेगा फर्टिलाइजर और डेयरी उद्योग

प्रधानमंत्री से परियोजनाओं का वर्चुवल भूमिपूजन कराने की तैयारी में बड़े उद्योगपति, लखनऊ में बसेगी एआई सिटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जीबीसी : 4.0 में निवेश के लिहाज से प्रदेश का पश्चिमांचल हिस्सा बन रहा हॉट स्पॉट

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जीबीसी के दौरान वर्चुवल भूमिपूजन कराने के लिए कई बड़े उद्योगपतियों और सीईओ की ओर से तैयारी की जा रही है। मुरादाबाद में लॉजिस्टिक तो बरेली में फर्टिलाइजर और डेयरी उद्योग लगेंगे।

यूपीसीडा का 52 फीसदी निवेश के साथ पश्चिमाचंल हॉट स्पॉट बन गया है। लखनऊ में डिफेंस कॉरीडोर के साथ एआई सिटी, चंदौली में इंटीग्रेटेड टाउनशिप और झांसी में रेलवे कोच जैसे उद्यम स्थापित होंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 19 फरवरी को तैयार औद्योगिक गलियारा, रक्षा गलियारा समेत जनपद स्तरीय इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में निवेश के लिए उपलब्ध लैंड बैंक में वॉलमार्ट, सऊदी अरामको, स्टेट ग्रिड, अमेज़ॅन, ऐप्पल, अल्फाबेट, टोयोटा मोटर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, माननीय हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले, अडाणी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, बिड़ला ग्रुप समेत प्रदेश के तमाम उद्योगपतियों की ओर से प्रस्तावित कई परियोजनाओं का वर्चुवल भूमि पूजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जीबीसी 4.0 में 10.11 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की तैयारी है। मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफ ग्रुप) लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ निवेश करेगा और 1250 रोजगार भी सृजित करेगा। अमेठी में वरुण बेवरेजेस 780 करोड़ से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश करेगी। बरेली में 638 करोड़ से इफ्को का नैनो फर्टिलाइजर प्लांट, 3450 करोड़ से एचपीसीएल का प्लांट, 212 करोड़ से डेयरी क्राफ्ट इंडिया का प्लांट, 25 करोड़ से मैसर्स कृष्णा एसोसिएट्स, 10 करोड़ से मैसर्स राघव डेयरी समेत कई प्रोजेक्ट का भूमिपूजन होगा।

इन बड़ी परियोजनाओं का होगा भूमिपूजन

जिन बड़ी परियोजनाओं का भूमिपूजन होगा उनमें यूपीसीडा की 1,50000 करोड़ रुपये की 3160 परियोजनाएं, अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग की 1,24,164 करोड़ की 177, नोएडा की 72,488 करोड़ की 292, आई एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की 61,998 करोड़ की 60, उद्यान विभाग की 60,358 की 1,045, ऊर्जा विभाग की 59,973 करोड़ की आठ, आवास विभाग की 56,885 करोड़ की 746, उच्च शिक्षा विभाग की 53,331 करोड़ की 43, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की 45,148 करोड़ की 280, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग की 45,303 करोड़ की 2,948, पर्यटन विभाग की 31,179 करोड़ की 790 तथा नगर विकास विभाग की 18,196 करोड़ रुपये की 21 परियोजनाएं शामिल हैं।

चंदौली में इंटीग्रेटेड टाउनशिप, झांसी में बनेंगे रेल कोच

चंदौली जिले में 7 हजार करोड़ से सॉलिड प्लाई प्रालि. इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण करने जा रहा है। इसके अलावा यहां इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास किया जाएगा। वाराणसी में बीएचईएल 1325 करोड़ से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण करेगा। एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट 325 करोड़ से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना करेगा। अनीता डिस्टलरी बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर में निवेश करेगी। बुंदेलखंड में भी यूपीसीडा की कई बड़ी परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी। झांसी में रेल विकास निगम 2840 करोड़ की लागत से एलएचबी कोच और ट्रैक वर्क्स स्थापित करेगा। चित्रकूट के बरगढ़ में 1252 करोड़ से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में और ललितपुर में 250 करोड़ से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश होगा।

शिवाला बाजार में कब्जों के कारण वाहनों का चलना संभव नहीं। अमृत विचार

फुटपाथ घेरे परेड किताब बाजार। अमृत विचार

ई-रिक्शा ने बिगाड़ दी माल रोड की लाइफ लाइन

पटकापुर से हास्पिटल रोड तक ई-रिक्शा की अराजकता जोरों पर , वर्षों से 10 फिट चौड़े फुटपाथ पर किताब मार्केट का है कब्जा

बेजार बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। माल रोड के समानांतर फूलबाग से हास्पिटल रोड, यतीमखाना, बजरिया जाने वाली रोड ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण दम तोड़ रही है। पटकापुर, शिवाला, चौक चौराहा होते हुए गुजरने वाली इस रोड को माल रोड की लाइफ लाइन के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन अतिक्रमण व भीषण अराजकता के कारण यह 'लाइफ लाइन' अंतिम सांसें गिनने को मजबूर है।

परेड चौराहे से बड़ा चौराहा तक मेट्रो के निर्माण कार्य के कारण फूलबाग से मोतीझील, स्वरूप नगर, कल्याणपुर, रावतपुर जाने वाले वाले वाहन सवार पटकापुर, शिवाला, अस्पताल रोड, बजरिया होते हुए गुजरते हैं। माल रोड के समानांतर यह सड़क माल रोड की लाइफ लाइन बोली जाती है। मेट्रो निर्माण के चलते इस मार्ग पर रोजाना करीब एक लाख से अधिक वाहनों का ट्रैफिक लोड है, लेकिन प्रत्येक 10 मिनट में जाम लगता है।

जाम का प्रमुख कारण ई-रिक्शा व आधी सड़क तक कब्जे हैं। परेड स्थित दयाराम स्वीट हाउस से हास्पिटल रोड जाने के लिए सबसे पहली चुनौती है ई-रिक्शा चालकों की अराजकता। दयाराम स्वीट हाउस के पास दिन भर आड़े-तिरछे ई-रिक्शा खड़े रहते हैं। 40 फिट चौड़ी इस सड़क के दोनों ओर करीब 10-10 फिट चौड़े फुटपाथ हैं जो किताब मार्केट के कारण गुम हो चुके हैं।

हास्पिटल रोड पर जाम के निस्तारण के लिए करीब 35 वर्ष पहले साइकिल मार्केट स्थानांतरित कराकर 10 से 12 फिट का फुटपाथ खाली कराया गया था। लेकिन वर्तमान समय में फुटपाथ तो दूर आधी रोड तक वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे लोगों को जाम से जूझना पड़ता है।

अवैध पार्किंग से रास्ते में बड़ी बाधा। अमृत विचार

- मेट्रो कार्य के चलते पूरा ट्रैफिक लोड मार्ग पर आया

बीच सड़क बनी चौबेगोला चौकी

किताब मार्केट से चंद कदम की दूरी पर मूलगंज थानाक्षेत्र की चौबेगोला चौकी सड़क के बीचों-बीच बना दी गई है। जिस कारण सड़क संकरी हो गई है। लोगों ने बताया कि इसके कारण भी जाम लगता है।

शिवाला में कब्जेदारों का जलवा

शिवाला बाजार में एक ओर से वनवे करने के बाद भी ई-रिक्शा, बाइक सवार बेधड़क होकर बाजार में दिन भर दौड़ा करते हैं। मात्र 20 फिट चौड़ी सड़क पर करीब दो से ढाई सौ से अधिक दुकानें हैं। बेपरवाह दुकानदार पूरे फुटपाथ पर दुकानें सजाए हुए हैं। अतिक्रमण के कारण लोगों का बाजार में पैदल निकलना मुश्किल है।

..... क्या बोले व्यापारी .....

शिवाला बाजार के फुटपाथ पर दुकानदारों का वर्षों से कब्जा है। कई बार प्रशासन ने कब्जे हटवाए भी, लेकिन समस्या जस की तस है। वन वे होने के बावजूद ई-रिक्शा व वाहनों की बाजार में धमाचौकड़ी लगी रहती है। जिस कारण ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

– संजय शाह

महिलाओं की प्रमुख बाजारों में शुमार शिवाला बाजार में महिलाओं की सुविधाओं का टोटा है। एक यूरिनल बाजार से काफी दूर शिवाला पटकापुर रोड पर तो दूसरा कोतवाली के पास है। बाजार में यूरिनल की व्यवस्था न होने से महिलाओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

– आसिफ

शिवाला से पटकापुर की ओर जाने वाली रोड पर आधी सड़क तक चबूतरे निकले हुए है। फुटपाथ लोगों ने कब्जा कर रखे हैं। अतिक्रमण के कारण पटकापुर में सड़क 15 फिट तक ही बचती है। स्कूलों की छुट्टी होते ही दोनों ओर से आने वाले वाहन फंस कर रह जाते हैं।

– इमरान

शिवाला मार्केट पर वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगाई जानी चाहिए। मार्केट में आने जाने वाले रास्तों पर बेरीकेडिंग की जानी चाहिए। हास्पिटल रोड पर आधी सड़क तक खड़े वाहनों के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाया जाए, जिससे लोगों को जाम से न जूझना पड़े।

– सचिन

आधी सड़क तक वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। अभियान चलाया जाएगा, सड़क पर खड़े वाहनों का चालान किया जाएगा। दोबारा सड़क पर वाहन मिलने पर सीज किए जाएंगें। किताब मार्केट से पटकापुर तक निरीक्षण कर वैकल्पिक समाधान तलाशा जाएगा।

सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक

..... व्यापारियों के सुझाव .....

- बाजार में यूरिनल की व्यवस्था की जाए, खराब पड़े यूरिनल की मरम्मत की जाए।
- शिवाला बाजार में वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए।
- शिवाला में ग्राहकों व दुकानदारों के लिए पेयजल की समस्या है, जिसका निदान कराया जाए।
- पटकापुर से परेड तक अतिक्रमण अभियान चलाया जाए, दोबारा मिलने पर जुर्माना किया जाए।

एक नजर

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में सेवाग्राम कालोनी नई बस्ती निवासी 40 वर्षीय चेतन कालरा उर्फ टिंकू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चाचा लखनऊ निवासी अशोक ने बताया कि वह ड्राइवरी करता था। घटना के बाद पत्नी वंशिका व बेटी खुशी का रो-रोकर बुरा हाल है। आत्महत्या का कारण पता नहीं है।

दुकान से लाखों की चोरी

कानपुर। चोरों ने चकेरी में पान की दुकान का ताला तोड़कर दो लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। सफीपुर निवासी अभिषेक चौरसिया की सनिगवां में पर पान की दुकान है। अभिषेक के अनुसार मंगलवार रात वह दुकान बंद कर घर गए थे। देर रात बाइक सवार तीन चोर आए और ताले तोड़कर गल्ले में रखे रुपये ले गए।

छह दुकानों में चोरी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसीटीवी में कैद हुआ था नाबालिग आरोपी

अमृत विचार। सोमवार देर रात नौबस्ता थाना क्षेत्र में छह दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले नाबालिग चोर को पुलिस ने पकड़ लिया।

एडीसीपी अंकित शर्मा ने बताया कि जांच में पता चला कि मछरिया निवासी 14 वार्षिक एक नाबालिग ने चोरी की है। पुलिस ने बुधवार को उसे उसके घर के पास से ही पकड़ लिया।

पूछताछ में उसने बताया कि वह दिन में अपने क्षेत्र में घूमा करता है और फिर योजना बनाकर रात में वहां पर चोरी करने जाता है। पिता प्राइवेट काम करते हैं, मां गृहणी हैं। घर की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। एडीसीपी ने बताया कि 12 फरवरी की रात छह दुकानों में चोरी और 26 जनवरी की रात नौबस्ता थाना क्षेत्र के जेएस फिटनेस सेंटर में चोरी भी इसी ने की थी। उसके पास से 62 सौ रुपये बरामद हुए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद पांडेय, आवास विकास चौकी प्रभारी सद्दाम खान, हंसपुरम चौकी प्रभारी अशोक कुमार तिवारी, उपनि दीपक शर्मा, अमर सिंह राठौर शामिल रहे।

सचेंडी में अराजकतत्वों ने प्रतिमा तोड़ी, घंटों हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सचेंडी थानाक्षेत्र में मंगलवार रात अराजकतत्वों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ दी। बुधवार सुबह भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ धरना देकर नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस से नोकझोंक हो गई। इस दौरान पुलिस ने कुछ लोगों को पीटकर लाठी पटककर खदेड़ दिया। इसके बाद आलाधिकारियों ने काफी समझाया। नई मूर्ति लगाने के आश्वासन और अज्ञात पर रिपोर्ट लिखने के बाद लोग शांत हुए। घटनास्थल पर फोर्स तैनात है।

सचेंडी क्षेत्र के एस इंटर कॉलेज में बुधवार सुबह भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा टूटी मिली। थोड़ी देर बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ता पहुंच गए और हंगामा काटने लगे। एडीसीपी पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी, एसीपी टीबी सिंह व सचेंडी थाने की फोर्स मौके पर पहुंची। अफसरों ने क्षेत्रीय लोगों और भीम आर्मी के लोगों से बातचीत शुरू की। दोपहर दो बजे हंगामा चल ही रहा था कि इसी दौरान कुछ महिलाओं ने एक अधिकारी को वहां से जाने के लिए कहा। इस पर चौकी प्रभारी चकरपुर पर मारने पीटने के साथ लाठी लेकर दौड़ाने का आरोप लगाया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बाद में नई मूर्ति मंगवाकर लगवाए जाने और मुकदमा लिखाने के साथ कार्रवाई की बात पर लोग शांत हुए। भीम आर्मी के पदाधिकारी वीरेंद्र बहुजन ने बताया की चुनाव नजदीक है, इसलिए इस तरह की कई घटनाएं कानपुर के आसपास देखी गई हैं। पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि पार्क का सुंदरीकरण कराकर मूर्ति स्थापित कराई जाए। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि जहां-जहां प्रतिमा लगी है, वहां सुंदरीकरण कराया जाए और सीसीटीसी कैमरे लगवाए जाएं।

घटनास्थल पर हंगामा करते भीम आर्मी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

हंगामा कर रहे लोगों को हटाती पुलिस। अमृत विचार

- बुधवार को पार्क में लगी बाबा साहेब की मूर्ति टूटी मिली
- घटनास्थल पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा

राष्ट्रीय अधिवेशन में 221 प्रतिनिधि जाएंगे दिल्ली

चलो दिल्ली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। 17 फरवरी को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए शहर से 221 प्रतिनिधि दिल्ली जाएंगे। 16 फरवरी को विधायक, सांसद, विधान परिषद सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक समेत जिनको भी बुलाया गया है वह रवाना हो जाएंगे। इस संबंध में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि लोकसभा विस्तारक, नगर पंचायत व जिला पंचायत के अध्यक्ष, मोर्चा, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक क्षेत्र की महामंत्री (मुख्यालय प्रभारी) लोकसभा कलस्टर प्रभारी को शामिल होना अनिवार्य होगा।

भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने तैयारी बैठक की। उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध नेता 16 फरवरी को दिल्ली राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए रवाना होंगे। सूचीबद्ध नेताओं में कौन पहुंचा और कौन नहीं, इसकी भी मॉनिटरिंग की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे।

अधिवेशन के संदर्भ में तैयारी बैठक करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

- भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन 17 और 18 फरवरी को
- विधायक, सांसद व पालिका अध्यक्ष तक को बुलावा

प्रचंड बहुमत की सरकार का शंखनाद

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की प्रचंड बहुमत की सरकार बने, इसका भी शंखनाद राष्ट्रीय परिषद की बैठक से किया जाएगा। सब साथियों को तैयारी में जुटना है। बैठक में पूनम द्विवेदी, अनिता गुप्ता, अनूप अवस्थी, राजेश भदौरिया, राधेश्याम पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जाजमऊ थानाक्षेत्र में मंगलवार देर रात शार्ट सर्किट से कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। हादसे में लाखों का कबाड़ जलकर खाक हो गया।

नवाबगंज के नरेश कश्यप के कबाड़ गोदाम में देर रात करीब एक बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। कबाड़ धू-धूकर जलने लगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि दमकल गाड़ियां भेजी गईं थीं। जाजमऊ थाने का फोर्स और सहायक पुलिस आयुक्त कैंट अंजलि विश्वकर्मा भी पहुंची। उन्होंने बताया कि एक घंटे में आग को बुझा दिया गया। दूसरी ओर न्यू कानपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी में कोयले से लदी बोगियों में आग लगने पर जाजमऊ से एक दमकल पहुंची।

कबाड़ गोदाम में धू-धूकर जलती आग। अमृत विचार

कवायद नगर निगम प्राइवेट बसों के लिये मुहैया कराएगा जगह, बसों से लगने वाले जाम को रोकने का प्लान बनेगा

निजी बसों को खड़ा कराने की जगह खोज रहा निगम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सड़कों पर प्राइवेट बसों के अनियोजित स्टॉपेज जाम की समस्या बढ़ा रहे हैं। निजी बस संचालक चौराहों व चलती बस को कहीं भी रोक देते हैं जिससे जाम तो लगता ही है साथ ही दुर्घटना भी होती हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिये नगर निगम ने प्राइवेट बसों के उचित स्टॉपेज व बसें खड़ी करने की जगह देखने को सर्वे शुरू किया है। शहर में ही बसों को अस्थाई रूप से खड़ा करने के लिये नगर निगम अपनी जगह दे सकता है।

फजलगंज चौराहा शाम होते ही निजी बस संचालकों के कब्जे में हो जाता है। हर ओर खड़ी आड़ी तिरछी बसों की वजह से जाम लगता है। दक्षिण क्षेत्र से रोगियों को लेकर आने वाली एंबुलेंस भी इसमें फंस जाती हैं। रात 10 बजे के बाद तो दिल्ली व अन्य रूटों पर जाने वाली बसें चारों तरफ से चौराहे को घेर लेती हैं। फजलगंज से विजय नगर के बीच एक दर्जन से ज्यादा निजी बस संचालकों के दफ्तर हैं। इनकी बसें दिन में कालपी रोड या आसपास की गलियों में खड़ी रहती हैं। फजलगंज चौराहे के हर ओर बसें खड़ी होती हैं। विजय नगर चौराहे तक यही हाल रहता है। फजलगंज थाने से मात्र 150 मीटर दूर होने के बाद भी पुलिस का इन बस संचालकों पर बस नहीं चलता। इसकी वजह से कालपी रोड जाम होने के साथ ही संपर्क मार्ग भी जाम होते हैं।

कालपी रोड पर प्राइवेट बसें खड़े होने से जाम लग जाता है। अमृत विचार

जीटी रोड समेत कई सड़कों पर भी समस्या

जीटी रोड के साथ ही अन्य सड़कों पर भी प्राइवेट बस चलती हैं। महानगर बस सेवा संचालक सवारियों को कहीं से भी लेते हैं और कहीं भी उतारते हैं। जीटी रोड में कल्याणपुर से रामादेवी के बीच बसें अनियोजित चलती हैं। इनका कोई निश्चित ठहराव नहीं हैं। इससे जाम की स्थिति बन जाती है।

बसों से लगने वाले जाम को दूर करने के लिये प्रयास जारी हैं। बसों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करना और चौराहों के पास समय से रोकने पर काम किया जा रहा है।

– शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त

यह कार्य होंगे

- चौराहे से एक किलोमीटर दूर बसों को शिफ्ट करना
- बसों को खड़ा करने के लिये मिनट का निर्धारण
- बसों के लिये स्टॉपेज का निर्धारण
- रात में सड़क पर खड़ी बसों के चालान
- फजलगंज में खड़ी होने वाली बसों को शहर से बाहर स्थानांतरित करना

एचटी लाइन में फंटी छूने से किसान की मौत

कानपुर। बिठूर थानाक्षेत्र में मकान निर्माण के दौरान मिस्त्री को फंटी पकड़ाने में वह पास से गुजरी हाईटेंशन लाइन में छू गई। जिससे मकान मालिक की मौत हो गई।

कानपुर देहात के थाना रसूलाबाद के बुलबुलपुरवा खंड टिपिया के 37 वर्षीय अनिल कुमार बिठूर में मकान बनवा रहे थे। भाई सोनू ने बताया कि वह लोहे की फंटी को मिस्त्री को पकड़ा रहे थे तो वह पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को छू गई। जिससे वह झुलस गए। हैलट में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय–4–सी0, ऐ0आई0 आपर्टमेन्ट वजीरहसन रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :–अध्यक्ष: मंसूर आलम, 55 कैथाना फूलपुर प्रयागराज। उपाध्यक्ष:–मो0 नोमान सिद्दीकी हल्दी खुर्द मुंगारी करछना प्रयागराज। महासचिव: मो0 शायबा हम्फी ऐ–504/1–बी, जीटीबी नगर करेली प्रयागराज। कोषाध्यक्ष: मसरूर अहमद, हल्दी खुर्द करछना प्रयागराज। यदि किसी को पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

सूचना

पहले मेरा नाम ARUN था अब मैने बदलकर अपना नाम ARUN KUMAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **D/O: INDAL, VILL AND POST BANI JAISINGHPUR SULTANPUR, UTTAR PRADESH-228131**

सूचना

सूचित हो कि मैं **शालनी देवी पत्नी अजय सिंह, निवासी– सिलहरा तहसील सिकंदरा जिला कानपुर देहात**, मेरा खाता औरैया के एक्सिस बैंक में ज्वाइंट खाता है। जिसमें मेरा नाम SHALINI DEVI w/o AJAY SINGH त्रुटि पूर्ण अंकित हो गया है जबकि मेरा आधार कार्ड व पैन कार्ड के अलावा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में SHALANI DEVI अंकित है जो कि सही है। मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जाए।

आज का मौसम
तेज धूप के बीच हवा बहेगी, बादल भी आ सकते हैं।

24.4°	14.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:45	सूर्यास्त 06:01

एक नजर

पुलिस ने अतिक्रमण हटवाकर दी चेतावनी

कानपुर। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा, एसीपी नौबस्ता आशुतोष कुमार, एसीपी ट्रैफिक श्रृष्टि सिंह ने अर्रा सब्जी मंडी पर रोड के किनारे लगे फल, सब्जी के ठेलों व अतिक्रमण को हटवाया। आगे से अतिक्रमण न हो इसके लिए कब्जेदारों की चेतावनी दी है। एसीपी यातायात सृष्टि सिंह ने कल्याणपुर क्रॉसिंग का निरीक्षण किया तथा सब्जी मंडी को व्यवस्थित कर बैरियर व तार लगवाकर सब्जी मंडी के लिए जगह निश्चित कराई।

पुलिस भर्ती परीक्षा में बंद रहेगा मेट्रो कार्य

कानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें शहर में 56016 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं। जिसकी वजह से 16 और 17 फरवरी की रात्रि से अगले दिन प्रात: छह बजे तक मेट्रो का कार्य बंद रहेगा।

मजदूर का बेटा गड्ढे में गिरा, मौत

घाटमपुर। सजेती थाना क्षेत्र के दुर्गागंज में श्रीकिशन अपने परिवार के साथ परास गांव में एक ईंट भट्ठे में काम कर रहा था। इसी दौरान उसका 18 माह का बेटा आदर्श खेलते-खेलते एक गड्ढे में जा गिरा। जानकारी होने पर उसे बाहर निकाला गया। उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पेड़ से टकराई बाइक युवक की मौत

बिठूर। थाना क्षेत्र के पंचमापुरवा गांव के सामने चौबेपुर के भउआपुर निवासी गोविन्द वर्मा की बाइक शीशम के पेड़ से टकरा गई, जिससे गोविन्द की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे रौतापुर निवासी राधा कृष्ण भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र की गठित हुई दो चुनावी समिति

कानपुर। सपा कार्यालय में बुधवार को लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सीसामाऊ विधानसभा क्षेत्र के बूथ प्रभारियों, वार्ड अध्यक्षों, सेक्टर व जोनल प्रभारियों की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष फज़ल महमूद ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र की दो चुनावी समिति गठित की जाएगी। इसके बाद बूथ प्रभारियों व बीएलओ सम्मेलन होगा। सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी गई है, राष्ट्रीय नेताओं की तिथियां मिलते ही घोषणा जल्द की जाएगी। बूथों पर महिलाओं और युवाओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

हैदराबाद की टीम आई, एलिवेटेड रोड का रूट और बाधाएं देखीं

गोल चौराहे से रामादेवी तक 10.85 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड बनना प्रस्तावित है

एक्सक्लूसिव

अभिनव मिश्रा, कानपुर

- हैदराबाद की हेक्सा कंपनी की दो सदस्यीय टीम आई
- टीम ने गोल चौराहे से रामादेवी तक निरीक्षण किया
- कुछ दिनों में टीम के अन्य सदस्य भी शहर आएंगे

10.85 किमी एलिवेटेड रोड बननी है

01 पिलर पर बनाई जानी है रोड

18 रेलवे क्रॉसिंगों का जाम खत्म होगा

1000 करोड़ का बजट आवंटित हुआ था

अमृत विचार। गोल चौराहे से रामादेवी तक 10.85 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए बुधवार को हैदराबाद की हेक्सा कंपनी की दो सदस्यीय टीम शहर आई। टीम ने गोल चौराहे से रामादेवी तक निरीक्षण कर कार्य में आने वाली बाधाओं पर रिपोर्ट तैयार की। कसंल्टेंट टीम ने अलग-अलग स्टेज की रिपोर्ट तैयार कर मार्ग के जीपीएस कॉर्डिनेट व जियो टैगिंग लिए हैं। अगले चार-पांच दिनों में टीम दोबारा शहर आएगी।

शहर के बीच से निकल रही जीटी रोड पर अनवरगंज से मंधना तक 18 रेलवे क्रॉसिंग हैं। अनवरगंज-फर्रूखाबाद रेल रूट पर रोजाना 50 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। जिससे बार-बार क्रॉसिंग बंद होती है और जाम लगता है। जीटी रोड पर रोजाना लाखों की संख्या में भारी व दोपहिया वाहनों का आवागमन होता है।

शहर के बीचों-बीच रेलवे क्रॉसिंगों पर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए गोल चौराहा से रामादेवी तक एलिवेटेड रोड बनाये जाने की योजना तैयार की गई थी। केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2022 के तहत इसके निर्माण के लिए 1000 करोड़ का बजट आवंटित किया था। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इसका शिलान्यास भी कर दिया था। तत्कालीन जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने एलिवेटेड रोड के प्रस्ताव को वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्य योजना में शामिल करने के लिए पीडब्ल्यूडी मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद डीपीआर तैयार करने के लिए टेंडर प्रक्रिया की शुरूआत की थी। हैदराबाद की हेक्सा कंपनी का एलिवेटेड रोड का डीपीआर तैयार करने के लिए दिल्ली मुख्यालय से चयन किया गया है। बुधवार को कंपनी की दो सदस्यीय टीम शहर आई।

कई चौराहे संकरे पाए गए, अतिक्रमण भी

टीम ने एलिवेटेड रोड के गुजरने वाले स्थानों का सर्वेक्षण किया। टीम ने मार्ग के ट्रैफिक लोड के साथ चौराहों का सर्वे किया। मार्ग में कई चौराहे संकरे पाए गए। इसके साथ ही निर्माण कार्य के दौरान ट्रैफिक संचालन व डायवर्जन के स्थानों का भी जायजा लिया। एलिवेटेड रोड गुजरने वाले स्थानों पर टीम को कई जगह अतिक्रमण भी मिला। अधिकारियों ने बताया कि किन स्थानों पर पर्याप्त जगह है और कहां जगह की आवश्यकता है, इसका निर्धारण कंपनी करेगी। इसके साथ ही प्रभावित होने वाले जन सुविधाओं से जुड़े संसाधनों के स्थानांतरण के लिए शिफ्टिंग एस्टीमेट भी मांगेगी। आठ माह में कसंल्टेंट टीम डीपीआर एनएच डिवीजन को सौंपेगी।

> कसंल्टेंट टीम ने मार्ग का निरीक्षण किया है। अलग-अलग स्टेजों पर रिपोर्ट तैयार की गई है। कुछ दिनों में टीम के अन्य सदस्य शहर आएंगे। जिसके बाद यातायात पुलिस के साथ बैठक कर निर्माण कार्य के दौरान डायवर्जन व ट्रैफिक संचालन बाधित ना हो, इसके विकल्प तलाशे जाएंगे।
>
> **अरुण कुमार जयंत, अधिशाषी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, एनएच डिवीजन**

जीटी रोड का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

जरीब चौकी व रामादेवी बड़ी बाधा

निरीक्षण के दौरान टीम को सबसे बड़ी बाधा जरीब चौकी व रामादेवी चौराहे पर मिली। अधिकारियों ने बताया कि जरीब चौकी चौराहा पर हैवी ट्रैफिक लोड रहता है। निर्माण कार्य के दौरान चौराहे पर यातायात संचालन में भारी दिक्कत आएगी। इसके साथ ही रामादेवी चौराहे पर एनएच डिवीजन की सड़क 50 से 60 मीटर पहले खत्म हो जाती है। इसके बाद की सड़क भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की है। एलिवेटेड रोड को हाईवे से जोड़ने या अन्य संभावित विकल्पों के लिए एनएचएआई से मंजूरी मांगी जाएगी।

सिंगल पिलर पर योजना

सिंगल पिलर पर एलिवेटेड रोड बनाने की योजना है। मेट्रो की तरह ही डिवाइडर के ऊपर पिलर बनाए जाएंगे। इससे यातायात कम से कम रुकेगा और जाम की समस्या भी नहीं आएगी। झकरकटी और सीओडी पुल के पहले एलिवेटेड रोड से उतरने व चढ़ने के लिए रैंप का निर्माण होगा। फिलहाल इस मार्ग पर यात्री कार इकाई (पीसीयू) प्रतिदिन 60 हजार आंकी गई है। एलिवेटेड रोड के बन जाने से श्रम विभाग, कोकाकोला, गुमटी, जरीब चौकी क्रॉसिंग पर जाम में वाहन नहीं फंसेंगे, क्योंकि वाहन ऊपर- ऊपर निकल जाएंगे। वैसे भी अनवरगंज से कल्याणपुर तक रेलवे ट्रैक भी एलिवेटेड होगा।

यातायात विभाग से डायवर्जन के लिए होगी बैठक

एलिवेटेड मार्ग पर भारी यातायात दबाव की जानकारी कसंल्टेंट टीम को मिली है। निर्माण कार्य के दौरान चौराहों पर रूट डायवर्जन व यातायात बाधित ना हो इसके लिए बैठक कर विकल्प तलाशे जाएंगे।

पुलिस अभिरक्षा से भाग निकला कैदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कैदी को पकड़कर ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- एक्सरे कराने के लिए हैलट लाया गया था

अमृत विचार। जेल से हैलट एक्सरे के लिए लाया गया कैदी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। पुलिस ने उसे कुछ दूरी पर दौड़कर पकड़ लिया। इस दौरान हैलट परिसर में हड़कंप मच गया। आलाधिकारियों ने लापरवाही पर सिपाहियों को फटकार लगाई।

कानपुर जेल में बंद कैदी राजे खान उर्फ नजरूल हसन को जेल पुलिस कर्मी सरकारी वाहन से हैलट अस्पताल के एक्सरे विभाग में सुबह 11 बजे लेकर आए थे। उसके एक्सरे के लिए पर्चा बन रहा था। इसी दौरान वह मौका पाकर हथकड़ी छुड़ाकर मार्चुरी की तरफ भाग निकला। पुलिसकर्मी ने उसे दौड़कर मार्चुरी के पास दबोच लिया। जेल अधीक्षक डॉ बी डी पांडेय ने बताया कि बिधनू के शिवगंज चौराई निवासी राजे खान उर्फ नजरूल हसन 23 जून 2023 को दुष्कर्म के आरोप में जेल लाया गया था। उसे टीबी और मल्टी ड्रग रजिस्टेंट की बीमारी है।

मित्र का एक्सीडेंट बताकर ठग लिए 75 हजार रुपये

कानपुर। साइबर ठग ने युवक को व्हाट्सएप वीडियो कॉल कर उनके मित्र का एक्सीडेंट होने की बात बताई और मदद के नाम पर 75 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है।

मंगला विहार निवासी रंजीत सिंह चौहान के अनुसार 30 अक्टूबर 2023 को उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप चैट और वीडियो कॉल आया। फोन करने वाले ने उनके मित्र का साथी बताया और कहा कि मित्र का उन्नाव में एक्सीडेंट हो गया है। अस्पताल के खर्चे के नाम पर रुपये मांगे। इस पर उन्होंने दो बार में 75 हजार रुपये पेटीएम के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए कुछ देर बाद उन्होंने अपने मित्र को हालचाल लेने के लिए फोन किया तो उन्हें अपने साथ हुई ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने साइबर सेल में शिकायत की।

बैठक कर तैयार की रणनीति

कानपुर। पुलिस आयुक्त कानपुर अखिल कुमार ने कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को और सुदृढ करने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में गोष्ठी की। गोष्ठी में अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चन्दर, अपर पुलिस आयुक्त अपराध व मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, सभी जोनों के पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त यातायात शामिल हुए।

पत्नी के साथ भांग खाई शराब पी, करंट लगाया

दर्दनाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फिर भी नहीं मरे तो पहले बेटी को जहर दिया, इसके बाद पत्नी का गला घोंटा
- पत्नी मरते समय कह रही थी पहले बेटी को मार दो
- पुलिस ने कराया दोनों का अंतिम संस्कार, कोई परिजन नहीं पहुंचा

अमृत विचार। चकेरी के कांशीराम कालोनी में कर्ज से परेशान होकर परचून दुकानदार अर्जुन जायसवाल ने पत्नी निशा और चार वर्षीय बेटी की हत्या करके खुद को भी कई जगह चाकुओं से वार कर घायल कर लिया था। हत्याकांड के तीसरे दिन बुधवार को हत्यारोपी अर्जुन ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी निशा ने कभी शराब नहीं पी थी, लेकिन मरना तय करने के बाद दोनों ने एक -एक पैग रात 12 बजे पिया था। उसके बाद भांग खाई, फिर करंट लगाकर जान देने की कोशिश की।

जब करंट से भी मौत नहीं हुई तो पत्नी के कहने पर सुबह तीन बजे दूसरा पैग दोनों ने पिया। इसके बाद वह पत्नी का गला दुपट्टे से कस रहा था कि तभी पत्नी ने पहले बेटी को मारने को कहा तो उसने पत्नी को छोड़कर बेटी की जहर देकर हत्या कर दी।

बेटी को मारने के बाद अर्जुन ने पत्नी का गला दुपट्टे से घोंट दिया और उसके बाद पंखे से फंदा बनाकर जान देने की कोशिश की। दुपट्टा टूट गया तो उसने चाकू से अपने हाथ पैर की नसें काट लीं।

निशा और आशवी। अमृत विचार

पुलिस अभिरक्षा में पोस्टमार्टम हाउस लाया गया अर्जुन पत्नी और बच्ची का शव देखकर फफक पड़ा। अर्जुन बोला कि मैं अभागा हूं, पत्नी की मर्जी से उसकी और बेटी की हत्या करने का निर्णय लिया था। अर्जुन बोला मेरी फूल सी बच्ची और बहुत प्यार करने वाली पत्नी अब दुनिया में नहीं है। इसके बाद पुलिस कर्मी उसे मानसिक रोग विशेषज्ञ के पास ले गए।

कब्रिस्तान में बेटी आशवी के शव को दफनाने के दौरान रोता बिलखता हत्यारोपी पिता अर्जुन जायसवाल। अमृत विचार

पत्नी के कहने पर की थी वारदात

पुलिस हिरासत में अर्जुन ने बताया कि उसने पत्नी के कहने पर वारदात को अंजाम दिया था। वह रात में भांग और शराब लाया था। पहले पति-पत्नी ने भांग खाई और बेटी को जहरीला पदार्थ दिया। चूंकि वह पहले मेडिकल लाइन में था लिहाजा उसे ये पता था कि कितना जहर बेटी के शरीर में काम करेगा। हत्यारोपी अर्जुन ने बताया कि उसने प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों परिवारों ने किनारा कर लिया था। परचून की दुकान खोलने के लिए अर्जुन ने सात लाख रुपये का कर्ज लिया था, जिसकी वजह से सूदखोर उसे परेशान कर रहे थे।

अंतिम संस्कार में नहीं आए परिवारवाले

बुधवार पैनल से मां-बेटी का पोस्टमार्टम किया गया। निशा और आशवी के पोस्टमार्टम की वीडियो फोटोग्राफी कराई गई। पोस्टमार्टम से पता चला कि निशा की दुपट्टे से गला घोंट कर हत्या की गई है, जबकि आशवी को जहर देने की आशंका है। पोस्टमार्टम के बाद निशा के शव का भैरोघाट के विद्युत शवदाह गृह में अंतिम संस्कार किया गया वहीं आशवी को नजीराबाद थाने के सामने स्थित हिंदू कब्रिस्तान में दफनाया गया। दोनों का अंतिम संस्कार पुलिस ने कराया। कोई भी परिवार वाले शामिल नहीं हुए।

रिपोर्ट लिखाने के बाद बहू ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दहेज प्रताड़ना से ऊबकर मायके में लगाई फांसी
- 9 फरवरी को पति और सास पर लिखाई थी रिपोर्ट

नवविवाहिता खुशबू।

अमृत विचार। पति और सास के खिलाफ पांच दिन पहले नवाबगंज थाने में दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट लिखाने वाली नवविवाहिता ने मायके में फांसी लगाकर जान दे दी। आरोप है कि पांच लाख रुपये और कार न देने पर ससुरालवाले प्रताड़ित करते थे।

कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बारासिरोही के रहने वाले वीरेंद्र प्रताप ने पुलिस को बताया कि उनकी 28 वर्षीय बेटी खुशबू की शादी 27 नवंबर 2023 को रावतपुर रोडवेज कालोनी निवासी अर्पित कठेरिया से हुई थी। भाई देवांश ने बताया कि शादी के बाद से ही खुशबू को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा।

पांच लाख रुपये और कार की मांग की गई। मांग न पूरी करने पर घर से निकाल देने की धमकी दी जाने लगी। आठ फरवरी को पति ने उसे बंधक बनाकर पीटा। जिसके बाद उसे मायके में ले आए थे। नौ फरवरी को नवाबगंज थाने में दहेज और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। भाई देवांश ने बताया कि मंगलवार दोपहर खुशबू कमरे में थी। काफी देर तक बाहर नहीं निकली तो मां पुष्पा ने दरवाजा खटखटाया। कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो पिता वीरेंद्र ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर देखा तो वह साड़ी के फंदे से लटक रही थी। इस संबंध में कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया घटना कल्याणपुर क्षेत्र की है इसलिए मुकदमा वहीं दर्ज करना चाहिए।

कालापानी की सजा काट चुके सेनानी की पत्नी का देहदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहीद भगत सिंह व चंद्रशेखर आजाद के साथी रहे कानपुर के डॉ. गया प्रसाद कटियार को वर्ष 1930 में कालापानी की सजा दी गई थी। छूटने के कुछ समय बाद उनकी मौत हो गई थी। उनकी पत्नी निर्मल देवी (93) ने वर्ष 2009 में देहदान का संकल्प लिया था। बुधवार को उनकी मौत होने पर उनके बेटे ने मां की अंतिम इच्छा पूरी की और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को उनकी देह दान कर दी।

कल्याणपुर इंदिरा नगर निवासी निर्मल देवी का बुधवार सुबह करीब चार बजे निधन हो गया। बेटे क्रांति कटियार ने देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को सूचना दी। मनोज सेंगर ने मेडिकल कॉलेज की नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ.शालिनी मोहन व एनाटमी विभागाध्यक्ष डॉ.प्रमोद को जानकारी दी।

डॉ.शालिनी की मदद से दिवंगत निर्मल देवी का नेत्रदान कराया गया। दोपहर करीब तीन बजे पार्थिव देह मेडिकल कॉलेज पहुंची। यहां पर उन्हें पुलिस कर्मियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। फिर पुत्र क्रांति, परिजनों व साथियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत निर्मल देवी की देह दान की। इस दौरान विधायक नीलिमा कटियार, माधवी सेंगर, स्वतंत्र प्रकाश कटियार, पुत्रवधू डॉ. सुमन बाला कटियार, पौत्र आजाद कटियार, शौर्य कटियार, पौत्री विप्लवी कटियार, प्रताप साहनी, रमेशचंद्र, प्रखर श्रीवास्तव और देव कुमार आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्य को देहदान पत्र देते अभियान प्रमुख मनोज सेंगर व अन्य। इनसेट निर्मला देवी।

● भगत सिंह व चंद्रशेखर आजाद के साथी थे डॉ. गया प्रसाद

लाहौर कांड में मिली थी सजा

देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि लाहौर कांड में 12 लोग शामिल थे। इनमें से भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को फांसी दे दी गई थी और डॉ. गया प्रसाद समेत अन्य लोगों को कालेपानी की सजा दी गई थी। युग दधीचि देहदान महायज्ञ में यह 271वीं आहुति प्रदान की गई है। देहदान के पत्रक अभियान प्रमुख मनोज सेंगर व उनकी पत्नी माधवी सेंगर ने प्राचार्य प्रो. संजय काला व एनाटमी प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार को समर्पित किए।

रिपब्लिकन आर्मी में सक्रिय थे डॉ.गया प्रसाद

डॉ.सुमन बाला कटियार के मुताबिक देश को स्वतंत्र कराने के लिए हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का गठन किया गया था, जिसके कमांडर इन चीफ चंद्रशेखर आजाद और दल के बौद्धिक नेता सरदार भगत सिंह थे। डॉ.गया प्रसाद कटियार दल के सक्रिय सदस्य थे। जब दल को पता चला कि वे शादीशुदा हैं तो उन्हें रखने से मनाकर दिया गया और पत्नी से इजाजत लेकर आने को कहा गया। तब वह पत्नी के पास गए और बोले कि मैं क्रांतिकारी पार्टी का सदस्य बनना चाहता हूं। तुम अपना सिंदूर पोछ लो और समझो लो कि तुम विधवा हो गई हो। यह सुनकर उनकी पत्नी रो पड़ीं। काफी समझाने पर उनकी पत्नी ने अपने आपको संभालते हुए बोला था कि मैं अंत तक अपना वचन निभाऊंगी। देश को समर्पित करने के लिए मेरे पास तुमसे अधिक मूल्यवान और कोई नहीं है। आज से मैं तुम्हे परिवार के सभी माया मोह से मुक्त करती हूं। उसके बाद वह चले गए और सहारनपुर बम फैक्ट्री का संचालन करते हुए गिरफ्तार हो गए और पुलिस सुपरिन्टेंडेंट सांडर्स की हत्या में शामिल होने के इल्जाम में लाहौर षड़यंत्र केस में आजीवन कारावास की सजा देकर उन्हें काला पानी भेज दिया गया था, तब वह 17-18 वर्ष के थे।

पांच साल तक काटी थी कालापानी की सजा

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय डॉ. गयाप्रसाद कटियार का परिवार मूलरूप से शिवराजपुर के जगदीशपुर गांव का है।

डॉ. गयाप्रसाद कटियार क्रांतिकारी थे। उन्हें अंग्रेजी सरकार ने 15 मई 1929 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 31 मई तक पुलिस रिमांड के बाद एक जून से 10 जुलाई 1929 तक लाहौर फोर्ट हवालात, फिर 7 अक्टूबर 1930 तक लाहौर जेल में रखा गया। इस दौरान उन पर लाहौर षड़यंत्र केस चला और आजीवन कालापानी की सजा सुनाई गई। वे नवम्बर 1932 से सितंबर 1937 तक सेल्युलर जेल, अंडमान निकोबार (काला पानी) में रहे। उनकी पत्नी निर्मला देवी संघर्षों में डॉ. कटियार का साथ देती थीं। जब 1956 में आंदोलन के लिए 6 माह के लिए व 1965 में डेढ़ वर्ष के लिए डॉ. कटियार जेल गए, तब तीन बेटियों और दो बेटों की जिम्मेदारी निर्मला देवी ने संभाली।

कम्युनिष्ट पार्टी से चुनाव लड़े थे कटियार

वर्ष 1952 और 1957 में कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर जब डॉ. कटियार बिल्हौर विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में कूदे तो निर्मला देवी भी सक्रिय रूप से नागरिकों को संगठित करने में लग गईं। निर्मला देवी महिला सशक्तिकरण के पहलुओं पर ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने का काम किया करती थीं। लम्बे समय से अस्वस्थ होने के बावजूद निर्मला देवी न सिर्फ सामाजिक कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता किया करती थीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के त्योहार पर साक्षात्कार भी दिया करती थीं।

श्रम विभाग पोर्टल से धोखाधड़ी में प्रेमी जोड़े समेत 6 गिरफ्तार

- अपात्रों के खाते में एक करोड़ सात लाख ट्रांसफर कर लिया था
- छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तारी
- दो सगे भाइयों समेत 6 आरोपी धरे गए, कैश भी बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। श्रम विभाग के पोर्टल से एक करोड़ सात लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने प्रेमी जोड़े के साथ चार अन्य आरोपियों को छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुछ माल की बरामदगी भी हुई है।

बुधवार को पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि एक फरवरी 2024 को अपर श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी थी कि साइबर अपराधियों ने कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत अनुदान के फर्जी आवेदन कर उनकी आईडी व अधिकारियों के फर्जी डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग कर डीएलसी तथा एलसी की आईडी को स्कीप करते हुए लगभग 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में लगभग एक करोड़ सात लाख की धनराशि ट्रांसफर कर ली थी। साइबर थाना में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासा के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर सर्विलांस तथा स्वाट टीम समेत चार टीमों का गठन किया गया। जांच शुरू की तो पता चला कि इस घटना के मुख्य मास्टरमाइंड प्रेमी जोड़ा उदित मिश्रा निवासी सजेती हाल पता 19 वीं मंजिल बिल्डिंग पारा थाना लखनऊ और उसकी प्रेमिका नैंसी ठाकुर निवासी नागपुर महाराष्ट्र हैं।

उदित श्रम विभाग के टेक्निकल सलाहकार के रूप में मदद करता था और ट्रेजरी ऑफिसर का डिजिटल सिग्नेचर कर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। बताया पुलिस ने इस धोखाधड़ी में शामिल सजेती निवासी अंकित मिश्रा, मुरादाबाद के थाना मोजपुर निवासी मोहम्मद यासीन, मुरादाबाद के थाना कटघर अंबेडकर नगर निवासी ललित कश्यप, सीतापुर के आदर्श नगर निवासी विनय दीक्षित को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने बताया कि उदित और अंकित भाई हैं। पुलिस टीम को 1 लाख रुपये का पुरस्कार की घोषणा की गई। मास्टरमाइंड उदित ने बताया कि उसे धोखाधड़ी करने के लिए कुल धनराशि में 20 प्रतिशत रकम मिलनी थी। कुछ रकम उसके भाई अंकित मिश्रा के खाते में गई। उसने बताया कि कृष्णा नगर स्थित एक ज्वैलर्स के पास नकद का आदान-प्रदान किया गया था। इसका सीसीटीवी भी पुलिस को मिल गया।

आरोपी नैंसी ठाकुर, अंकित मिश्रा, उदित मिश्रा, ललित, मोहम्मद याशीन, विनय प्रकाश दीक्षित। अमृत विचार

अपात्र श्रमिकों के खाते में गई रकम

डीसीपी ने बताया कि विभागीय प्रक्रियाओं को बाईपास कर डीएलसी व एलसी की आईडी को स्कीप करते हुए कुल 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में लगभग एक करोड़ सात लाख की धनराशि को रातों-रात ट्रांसफर कर दिया गया। साइबर अपराधियों ने सहारनपुर में तैनात रोहित कुमार की आईडी से बिना मोबाइल नंबर, बिना नवीनीकरण, बिना किसी आईडी के 25 और 30 जनवरी को 259 आवेदन कराए। रोहित की आईडी से आवेदन आवंटित नहीं हो सकते थे। शातिरों ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी कानपुर देहात अरविंद की आईडी से आवंटन की प्रक्रिया पूरी की।

प्रेमिका बीटेक और प्रेमी है साइबर एक्सपर्ट

डीसीपी ने बताया कि अभियुक्तों के प्रयोग किए गए विभिन्न खातों में अपराध से आई हुई लगभग 64 लाख रुपये की रकम को भी फ्रीज कराया। बताया कि मास्टरमाइंड उदित मिश्रा शातिर है। उसकी प्रेमिका नैंसी ठाकुर कंप्यूटर साइंस में बीटेक है। उदित यूट्यूब तथा अन्य माध्यम से साइबर सिक्योरिटी के कई ऑनलाइन कोर्स किए है।

आरोपियों के पास से माल बरामदगी

एडीसीपी अपराध मनीष सोनकर ने बताया कि 63 लाख रुपये की धनराशि को फ्रीज कराया गया। 5 मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, पांच लैपटॉप, एक सोने की चेन, दो लाख 39हजार, चार सामानों की क्रय रसीदें, एक पासबुक और चेकबुक बरामद हुई है।

लखनऊ श्रम विभाग के अकांउटेंट ने की मदद

उदित मिश्रा ने पुलिस के सामने बताया कि वो वेबसाइट टेस्टिंग का काम करता है। श्रम विभाग की वेबसाइट में उसने बचाव का रास्ता खोज लिया। लखनऊ स्थित श्रम विभाग में कार्यरत अकाउंटेंट दिनेश दीक्षित ने उसे पूरी जानकारी दी। अकाउंटेंट ने ही उसे डिजिटल सिग्नेचर की डीएफसी दी थी। इसकी मदद से उसने पूरी घटना को अंजाम दिया। उदित ने बताया कि दिनेश ने ही एक्सल फाइल में 18 खातों की जानकारी दी थी। इसमें 19.80 लाख रुपये की रकम उनके पास गई। उदित ने बताया कि श्रम विभाग की योजनाओं का दो बार पूरे देश में टॉप पर नाम लेकर आया इसके लिए उसे भारत सरकार ने भी दो बार सम्मानित भी किया। लखनऊ में आयुष्मान योजना में टारगेट पूरा करने के लिए बुलाया गया था।

एबीवीपी की नगर कार्यकारिणी गठित की गई

घाटमपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर कार्यकारिणी का गठन कर चुनाव अधिकारी अमोल सिंह, डॉ. एचएन द्विवेदी ने अध्यक्ष एवं मंत्री के नाम की घोषणा की है।

कार्यकारिणी में राहुल राजावत को नगर अध्यक्ष, कृष्णा वाजपेई को नगर मंत्री, अरविंद कुमार, भास्कर त्रिवेदी व दीपक त्रिपाठी को नगर उपाध्यक्ष, तहसील संयोजक अनमोल व अनुराग चौहान, प्रांजल तिवारी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अवनीश चौहान, हरिओम त्रिवेदी, स्वामी शुक्ला नगर मंत्री बनाए गए हैं। नगर संयोजक अभिषेक परमार, प्रेम, आकाश सोनी, करण सिंह, सोशल मीडिया संयोजक सचिन सचान, खेलो भारत संयोजक विवेक पांडेय, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक बने। अंजलि चौहान, अंकुश सिंघौर, अभिषेक चंदेल आदि मौजूद रहे।

दो लुटेरे और साथी दुकानदार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नौबस्ता थानाक्षेत्र में महिला कैप्टन से मोबाइल लूट का पुलिस ने छह दिन बाद खुलासा कर दिया है। नौबस्ता पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से दो लुटेरों व एक दुकनदार को गिरफ्तार किया वहीं एक शातिर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं।

एडीसीपी साउथ अंकित शर्मा ने खुलासा करते हुए बताया कि किदवई नगर ई ब्लॉक निवासी सेना में कैप्टन विनीत त्रिपाठी का मोबाइल छह फरवरी की दोपहर मछरिया मार्केट के पास बाइक सवार लुटेरों ने लूटा था। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि गोविंद नगर निवासी रोहित, अंकित, रविदास पुरम गुजैनी निवासी लवी ने लूट को अंजाम दिया है। पुलिस ने तीनों को गुजैनी से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवकों ने बताया कि शराब पार्टी और गाड़ी से घूमने के शौक ने उन्हें लुटेरा बना दिया। ये लोग राह चलते लोगों को शिकार बनाते थे। लूट का माल गोविंद नगर निवासी अर्जुन निषाद की दुकान पर बेच देते थे। पुलिस ने अर्जुन को भी गिरफ्तार कर लिया है। एक साथी लवी फरार है। लूट के मोबाइल के साथ सात अन्य मोबाइल भी बरामद किए हैं। रोहित 2023 में पनकी से लूट के मामले में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज हैं। रोहित चार माह पहले ही जेल से छूटकर आया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नौबस्ता जगदीश प्रसाद पांडेय, चौकी प्रभारी बसंत बिहार दीपमाला दुबे, चौकी प्रभारी विराट नगर नंदू सिंह, उपनि. सुधीर कुमार, सतेन्द्र सिंह, सर्विलांस प्रभारी दक्षिण अजय कुमार गंगवार शामिल रहे।

लूट के मोबाइल के साथ धरे गए शातिर आरोपी। अमृत विचार

● महिला कैप्टन से मोबाइल लूट का खुलासा

बच्चों के साथ मम्मी-पापा की भी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। परीक्षाएं शुरू होते ही घरों का माहौल बदलने लगा है। विशेषज्ञों की मानें तो यह परीक्षाएं बच्चों के साथ अभिभावकों को भी तनाव में ला रही हैं। विशेषज्ञ इस तनाव को 'इग्जाम फोबिया' का नाम दे रहे हैं। यह 'इग्जाम फोबिया' अभिभावकों को घर का माहौल बदले जाने के दबाव को लेकर हो रहा है। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि ऐसी स्थितियों में बच्चों से मित्रता का व्यवहार रखें।

शहर में लगभग सवा लाख बच्चे एक महीने तक बोर्ड की परीक्षाएं देंगे। बच्चों के साथ अभिभावक भी परीक्षाओं के लिए परेशान हो रहे हैं। इसका खुलासा बच्चों की काउंसिलिंग करते समय होता है। जब बच्चों की समस्या बताते हुए अभिभावक खुद आपस में झगड़ पड़ते हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि इसी लक्षण को वे लोग 'इग्जाम फोबिया' का नाम देते हैं। रोजाना 3 से 5 मामले सामने आते हैं। ऐसे में बच्चों के साथ ही उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग करनी होती है।

केस 01 आजाद नगर निवासी बैंक कर्मचारी की बेटी की सीबीएसई की दसवीं की परीक्षाएं हैं। बच्चों की काउंसिलिंग के दौरान अचानक पति-पत्नी के बीच विवाद की स्थिति खड़ी हो गई। काउंसिलिंग से पता चला कि अभिभावक इकलौती बेटी के बेहतर भविष्य के लिए ज्यादा गंभीर थे। अभिभावकों की काउंसिलिंग की गई है।

केस 02 रतनलाल नगर निवासी कारोबारी के बेटे की इस बार बोर्ड परीक्षाएं हैं। कारोबारी अपने बेटे को व्यापार सौंपना चाहते हैं लेकिन उनकी पत्नी कॉरपोरेट जगत में नाम कमाना देखना चाहती हैं। पत्नी की ओर से इस वजह से घर में अत्यंत गंभीर अनुशासन लागू किया गया। इस वजह से बच्चे में तनाव जैसी स्थिति पनपी।

इन वजह से होता फोबिया

मनोवैज्ञानिक ने बताया कि परीक्षा के दौरान घर के माहौल में शांति, पढ़ाई, समय पर भोजन, मनोरंजन से मनाही, टीवी व इंटरनेट का कनेक्शन काटा जाना, बच्चों के मोबाइल फोन पर रोक व बार-बार बच्चे से परीक्षा की चर्चा करने से यह फोबिया बढ़ता है। सदस्यों के मस्तिष्क में 'हेप्पी हार्मोंस' बनना बंद हो जाते हैं। ''टेस्टोस्टरोन' रसायन भी प्रभावित होता है। इसके असर से घर के सदस्यों में मतभेद बढ़ जाते हैं और तनाव की स्थिति भी पैदा हो जाती है।

5परीक्षा के दौरान अभिभावकों का बर्ताव घर व बच्चे के लिए खास महत्व रखता है। बच्चा अपने अभिभावकों के बर्ताव के अनुसार ही खुद को ढालता है। इसलिए परीक्षा के समय व उससे पहले घर में अनावश्यक थोपा गया अनुशासन बच्चों को तनाव व अवसाद से ग्रसित कर सकता है। इसलिए परीक्षा के दौरान अभिभावकों को भी खास ख्याल रखने की जरूरत होती है।

-डॉ. एलके सिंह, मनोवैज्ञानिक परीक्षण व परामर्श केंद्र

● परीक्षाओं के समय घर का माहौल बदलने से अभिभावक भी चिंतित

इसका रखें ख्याल

- घर में मित्रता का व्यवहार रखना चाहिए
- घर पर बहुत अधिक परीक्षा की चर्चा न करें
- कठिन अनुशासन लागू करने से बचना चाहिए
- बच्चों को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं रखना चाहिए
- परिवार के सदस्यों के बीच मनोरंजन भी होना चाहिए

यह हैं लक्षण

- घर में अनावश्यक सन्नाटा पसरा होना
- परिवार के सदस्यों के बीच संवाद न होना
- छोटी-छोटी बातों में गुस्सा आ जाना
- सामान्य से अधिक भूख लगना

परिवार के सदस्यों के बीच मन न लगना

बाइक पेड़ से टकराई तीन घायल

घाटमपुर। नंदना चौकी के हथेही-रेवना मार्ग पर सरगवां मोड़ पर मोटरसाइकिल सवार बच्ची समेत तीन लोग बबूल के पेड़ से जा टकराए, जिसमें मोटरसाइकिल चालक अरुण पुत्र राजू निवासी मामर्खापुर, राहुल निवासी चंदकुरा मंगलपुर, कानपुर देहात और बच्ची को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र गजनेर भेजा, जहां अरुण की हालत चिंताजनक देख रेफर कर दिया गया।

आज से ऑफलाइन कंट्रोल रूम शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● यूपी बोर्ड परीक्षाओं की समस्याएं सुलझेंगी

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑफलाइन कंट्रोल रूम की शुरुआत गुरुवार से होगी। इस कंट्रोल रूम में यूपी बोर्ड से संबंधित समस्याओं का समाधान हो सकेगा। राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

शिक्षा विभाग की ओर से दो कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। इनमें एक ऑनलाइन और दूसरा ऑफ लाइन कंट्रोलरूम है। ऑनलाइन कंट्रोल रूम परीक्षा संबंधी निगरानी के लिए जबकि दूसरा समस्याओं के निराकरण के लिए बनाया गया है। कक्ष निरीक्षकों के प्रवेश पत्रों का वितरण भी हो गया है। निरीक्षकों के प्रवेश पत्र में विशेष रूप से क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है जिससे कक्ष निरीक्षकों की पहचान आसानी से हो सकेगी। उधर,बोर्ड परीक्षा के लिए सभी प्रश्न पत्र जिले में पहुंच गए हैं। इन प्रश्न पत्रों की चौबीस घंटे निगरानी सीसीटीवी के जरिए हो रही है। प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है।

आगमन | 21 फरवरी को शहर आएगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

राहुल गांधी के स्वागत की तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 21 फरवरी को शहर आएगी। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भव्य स्वागत की तैयारी कांग्रेस ने शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कानपुर लोकसभा कोआर्डिनेटर शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने तिलक हाल में बैठक की। इसमें मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांग रहे नेता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वागत की तैयारियां पूरी कर लें। भव्य स्वागत होना चाहिए। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जाएं।

शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि वार्ड स्तर पर कांग्रेसजनों व आम लोगों से सम्पर्क कर भारी भीड़ लानी है। सम्पूर्ण यात्रा मार्ग को तिरंगे झंडे, झंडियों एवं होर्डिंग्स से सजाना है। कलक्टरगंज, घंटाघर में आयोजित होने वाली सभा के लिए जुट जाएं। सभा को विराट रूप देने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वार्ड स्तरीय प्रचार वाहनों से व्यापक रूप से भी प्रचार करने की अपील की। चतुर्वेदी ने लोकसभा चुनाव के आवेदनकर्ताओं की बैठक के बाद वार्ड अध्यक्षों, शहर पदाधिकारियों, फ्रन्टल संगठनों, विभागों एवं सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों व कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुये अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रचार प्रसार करने के लिए कहा। बैठक में शहर कांग्रेस उत्तर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, आलोक मिश्रा, पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, करिश्मा ठाकुर, फजल हुसैन, शंकर दत्त मिश्र, निजामुद्दीन खां, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, सिराज कुरैशी, शकील मंसूरी,जावेद जमील उस्मानी, रीता कठेरिया, दिनेश बाजपेई, राधेश्याम कश्यप, रईस अख्तर,रामाश्रय पाल, विजय सिंह, आतिफ रहमान, अमिताभ दत्त मिश्रा उपस्थित रहे।

40 रोजे शुरू, चर्च में हुईं प्रार्थना सभाएं

कानपुर। मसीही समाज के 40 रोजे बुधवार से शुरू हो गए। 24 मार्च को पाम संडे और 29 मार्च को गुड फ्राइडे मनाया जाएगा। 31 मार्च को ईस्टर डॉन सर्विस होगी। पहला रोजा खोलने के बाद ऐश वेडनेसडे मनाया गया। बुधवार शाम को मनाए गए पर्व पर चर्च में प्रार्थना सभाएं हुईं। पास्टर सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के पादरी डायमंड यूसुफ और दि गुड शेफर्ड चर्च के पादरी सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि राख के पर्व को मनाते हुए चर्च में विशेष प्रार्थना हुई। भक्तों को इसका महत्व भी बताया गया। द गुड शेपर्ड चर्च इन इंडिया में हुए आयोजन में बिशप पंकज राज मलिक ने श्रद्धालुओं से कहा कि यह रोजे श्रद्धालुओं को मानवता का पाठ पढ़ाते हैं।

बिशप पंकज राज मलिक।

कार्यालय ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर ,वि0ख0चौबेपुर कानपुर नगर

पत्रांकः मेमो/पंचम/पन्द्रहवां वि0अ0/ग्रा0 पं0/टेन्डर/ दि0: 13.02.2024

अति अल्प कालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा पारा प्रतापपुर विकास खण्ड चौबेपुर के जी0एस0टी0 धारकों से वर्ष में ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर ग्राम पंचायत की बैठक में अनुमोदित कार्य योजना में प्रस्तावित कार्य के निर्माण कार्य के लिये दिं0 19/02 /2024 तक अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है। विकित निविदाये निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दि0 15/02 /2024 पूर्वान्ह से 19/02 /2024 प्रत्येक कार्य दिवस में मु0 200.00 नकद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाये दिं0 19/02 /2024 ... को कार्यालय के कार्य दिवस में अपरान्ह तीन बजे तक ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर के कार्यालय कक्ष में निविदा दाताओं की उपस्थिति में गठित समिति के द्वारा खोली जायेगी। सचिव ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओ को बिना कारण बताए निरस्त कर दे। प्राक्कलन की प्ररम्भिक लागत के अनुसार सामग्री का विवरण निम्नवत है प्राक्कलन स्वीकृत के पश्चात एवं कार्य की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार सामग्री की मात्रा धट बढ सकती है।

-:कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः-

क0	कार्य व कार्यस्थल का नाम	कार्य की अनुमानित सामग्री/स्वीकृत लागत (लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	राम बाबू के घर से देवी माता मन्दिर तक नाली निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार	1 माह
2	राजू के घर से सी0सी0रोड तक सी0सी0 रोड निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार	1 माह
3	नन्हू के घर से तालाब तक सी0सी0 रोड निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार	1 माह
4	आर0आर0सी0 सेन्टर मे अतिरिक्त कार्य	प्राक्कलन के अनुसार	10 दिन
5	नन्हू के घर से तालाब तक नाली निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार	10 दिन
6	देवी माता मन्दिर से राजू यादव के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार	1 माह

प्रधान
ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर
विकास खण्ड –चौबेपुर कानपुर नगर

सचिव
ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर
विकास खण्ड –चौबेपुर कानपुर नगर

एक नजर

आज 70 मोहल्लों में रहेगा बिजली संकट

कानपुर। गर्मी के मौसम में लोगों को बिजली के लिए परेशान न होना पड़े, इसलिए केस्को ने तैयारी शुरू कर दी है। केस्को फरवरी माह को मेंटिनेंस माह के रूप में मना रहा है। इसके तहत गुरुवार को बांबा रोड, चंद्रिका लाल हाता, कलक्टरगंज, टुकनिया पुरवा, इफ्तिखाराबाद, डिप्टी पड़ाव, दलेल पुरवा, बांसमंडी, गोरा कब्रिस्तान, पेचबाग, हरबंश मोहाल, माल रोड, राजीव पेट्रोल पंप, मौनीघाट, आजाद नगर, ज्योरा, पीरोड, गांधी नगर, रामबाग, साकेत नगर, लाल कॉलोनी, केडीए मार्केट, बर्रा-दो, पराग डेयरी, गोविंद नगर, दामोदर नगर, बर्रा साउथ, गुंजन विहार, जरौली, दर्शनपुरवा, गुमटी, नानकारी, मसवानपुर, रावतपुर गांव, शास्त्री नगर, डबल पुलिया समेत 70 मोहल्ले में बिजली संकट रहेगा। इन क्षेत्रों में बिजली दो से चार घंटे तक बाधित रहेगी। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि पेड़ों की छंटाई, बिजली उपकरणों में मेंटिनेंस कार्य किया जाएगा, जिस वजह से शटडाउन लिया जाएगा।

न्यूनतम पारा पहुंचा 14 डिग्री सेल्सियस

कानपुर। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बुधवार को दोपहर तक बदली के बाद शहर में मध्यम धूप रही। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार गुरुवार से आसमान पूरी तरह खुल जाएगा। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। यह सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार 18 फरवरी से एक बार फिर बादल और बूंदाबांदी का मौसम हो सकता है।

दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रशिक्षण

घाटमपुर। पतारा ब्लाक संसाधन केंद्र में दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए 9 फरवरी से प्रशिक्षण दिया गया, जिसका समापन हो गया। पतारा विकास खंड में दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र में 9 फरवरी से 13 फरवरी तक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन एवं एआरपी इंद्रवीर त्रिपाठी की देखरेख में संपन्न हुआ। प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सौ नोडल अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया।

25 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं 27 केंद्रों पर आज से देंगे परीक्षा

सीबीएसई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीबीएसई की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं। इस बार की परीक्षा में शहर में 25 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। दसवीं में 13,052 और 12वीं में 12,425 परीक्षार्थी हैं। परीक्षा के लिए शहर में 27 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा के लिए केंद्रों पर बुधवार को तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया। बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन होगा। पुलिस भी तैनात रहेगी।

प्रवेश तथा परिचय पत्र के साथ काला व नीला पेन लेकर जाएं

परीक्षा में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर या कोई भी इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने की मनाही है। इसके अलावा लेखन सामग्रियों में काले व नीले पेन, एडमिट कार्ड, स्कूल कार्ड ले जाने की अनुमति होगी। परीक्षार्थियों को पारदर्शी पानी की बोतल ले जाने की अनुमति होगी। परीक्षा का समय सुबह दस बजे हैं। परीक्षार्थियों को सुबह नौ बजे परीक्षा केंद्र में रिपोर्ट करना है। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों का प्रवेश 9.45 बजे कराया जाएगा।

13,052 10 वीं के परीक्षार्थी होंगे शामिल

27 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी परीक्षा

12,425 12वीं के परीक्षार्थी देंगे इस बार परीक्षा



प्रश्न पत्र पढ़ने और समझने को 15 मिनट अतिरिक्त समय

परीक्षा के दौरान बोर्ड की ओर से परीक्षार्थियों को 15 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा। यह अतिरिक्त समय परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र को पढ़ने और उसे समझने के लिए दिया जाएगा। बोर्ड की ओर से यह व्यवस्था इसलिए की गई है जिससे परीक्षार्थी बिना तनाव के बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

सीबीएसई की परीक्षाओं की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा जांच कई चरणों में पूरी कर ली गई है। स्कूल स्तर पर सभी बच्चों को परीक्षा संबंधी निर्देश भी दिए गए हैं। उम्मीद है सभी परीक्षार्थियों की तैयारी पूरी है, वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

-बलविंदर सिंह, सिटी कोआर्डिनेटर, सीबीएसई।

डायबिटिक छात्र-छात्राओं को मिलेगी यह सुविधा

- सीबीएसई की ओर से टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित परीक्षार्थियों को इस बार अलग से सुविधा दी गई है। यह सुविधा दसवीं और बारवीं दोनों ही परीक्षा के परीक्षार्थियों को मिलेगी। पीड़ित परीक्षार्थी अपने साथ दवा, चिकित्सकीय जांच और खानपान की सामग्री केंद्र पर ले जा सकते हैं। इनमें शुगर की टेबलेट, चॉकलेट, कैंडी, केला, पानी की बोतल, ग्लूकोमीटर व ग्लूकोज टेस्टिंग मशीन जैसे उपकरण शामिल हैं। यह सुविधा लेने वाले परीक्षार्थियों को इसकी सूचना पहले बोर्ड के पोर्टल पर देनी होगी।

परीक्षा पैटर्न बदला, टापर और डिवीजन होगी बंद

- इस साल सीबीएसई 10वीं और 12वीं परीक्षा का पैटर्न बदला गया है। सीबीएसई परीक्षा परिणाम में टॉपरों की भी घोषणा नहीं करेगा। छात्रों को डिवीजन, डिस्टिंक्शन और प्रतिशत भी नहीं बताया जाएगा।

जनता पर सितम, विभागों पर करम अकेले रेलवे पर 120 करोड़ बकाया

नगर निगम मुख्यालय में गृहकर की वसूली पर महापौर प्रमिला पांडेय ने ली बैठक

राजस्व वसूली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। यह खबर आम गृहकर बकाएदारों को मुंह चिढ़ाने वाली है। हर जोन में टाप-10 बकाएदारों के नामों की होर्डिंग लगाने और कर नहीं चुकाने पर कुर्की करने की चेतावनी देने वाले नगर निगम का दोहरा मापदंड बुधवार को राजस्व वसूली को लेकर हुई बैठक में तह सामने आ गया जब पता चला कि नगर निगम का सबसे बड़ा बकायेदार रेलवे विभाग है। निगम को गृहकर राजस्व के रूप में रेलवे से 120 करोड़ रुपये लेने हैं। पीडब्ल्यूडी पर तीन करोड़ पचास लाख, श्रम विभाग एवं कानपुर विकास प्राधिकरण पर 17-17 करोड़ रुपये और जिला कारागर पर चार करोड़ रुपये बकाया है।

नगर निगम मुख्यालय समिति कक्ष में महापौर की अध्यक्षता में हुई राजस्व वसूली की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 की जानकारी मांगी गई तो मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि इस बार का लक्ष्य 414 करोड़ है, जिसके सापेक्ष 260 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। अभी 154 करोड़ की वसूली बाकी है। लेकिन यह बकाया ज्यादातर सरकारी विभागों पर है। इसके बाद उन्होंने सरकारी विभागों पर बकाए की जानकारी दी।

इस पर महापौर ने प्रयागराज रेल मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी, जेल अधीक्षक कानपुर और पराग डेयरी के महाप्रबंधक से वार्ता की तो अधिकारियों ने बकाया राशि का परीक्षण कराकर जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिया। बैठक में अपर नगर आयुक्त अमित कुमार भारतीय, अपर नगर आयुक्त मो. अवेश, जगदीश यादव, जोनल अधिकारी विद्या सागर यादव, लाल चन्द्र सरोज, राजेश सिंह, विनय प्रताप सिंह, राजेश गुप्ता उपस्थित रहे।

बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय।

- श्रम विभाग और केडीए पर 17-17 तो पीडब्ल्यूडी पर साढ़े तीन करोड़ रुपये बकाया

414 करोड़ इस वित्तीय वर्ष में वसूली का लक्ष्य

260 करोड़ रुपये की वसूली अब तक की जा चुकी

154 करोड़ बकाए में सरकारी विभागों का हिस्सा ज्यादा

पिछले साल बढ़िया वसूली पर मिला 100 करोड़ पुरस्कार

बैठक में महापौर ने कहा कि विगत वर्ष अच्छी वसूली होने पर शासन ने 100 करोड़ रुपये का पुरस्कार सीएम ग्रिड के अन्तर्गत मिला है। महापौर ने शहर वासियों से अपील की कि समय से अपना गृह कर अदा करें, क्योंकि राजस्व वसूली से ही शहर का विकास होता है और लोगों को नागरिक सुविधाएं प्राप्त होती हैं।

छोटे नालों की सफाई में स्लैब बनी रोड़ा

कानपुर। शहर में एक मीटर से छोटे कई नालों को साफ करने से स्वास्थ्य विभाग ने हाथ खड़े कर दिए हैं। इनमें से 19 नाले सिर्फ जोन -दो में हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि इन नालों में कई जगह आरसीसी स्लैब पड़ी है। नाले के खुले भाग को पत्थरों से ढका गया है। जिसको मानव बल से हटा पाना संभव नहीं है। इसलिए यह काम इंजीनियरिंग विभाग से ही संभव हो सकेगा। हर जोन में इस तरह की समस्या है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने आपत्ति की है। लोकसभा चुनाव से पहले शहर के नाले साफ कराने के लिए नगर निगम जल्द ही टेंडर कराने जा रहा है। नगर निगम के छह जोन में 1473 छोटे-बड़े नाले हैं। इंजीनियरिंग विभाग के 264 बड़े नालों और स्वास्थ्य विभाग के 1209 छोटे नालों की सफाई पर करीब सात करोड़ रुपये खर्च किए जाने का अनुमान है। इस कार्य में करीब 88 हजार मजदूरों को लगाया जाएगा। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के अनुसार चुनाव की आचार संहिता को देखते हुए टेंडर समय से पहले करा लिए जाएंगे। ताकि बरसात में शहर में जलभराव को रोका जा सके।

नौसेना को 1752 करोड़ की रिमोट कंट्रोल गन की आपूर्ति

कंट्रोल गन। अमृत विचार

- एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया नौसेना को देगा 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन
- रक्षा मंत्रालय के साथ आयुध निर्माणी निर्मित 463 गन आपूर्ति के करार पर हुए हस्ताक्षर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रक्षा मंत्रालय भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड से 463 स्वदेशी निर्मित 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन खरीदेगा। एडब्ल्यूईआईएल का मुख्यालय कानपुर में स्थित है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण से इन बंदूकों के निर्माण और आपूर्ति के लिए बुधवार को एडब्ल्यूईआईएल के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। अनुबंध की कुल लागत 1752.13 करोड़ रुपये है। स्थिर रिमोट कंट्रोल गन के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। माना जा रहा है कि यह अनुबंध रक्षा में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को और बढ़ावा देगा। 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन से दिन और रात दोनों समय में सभी प्रकार के वातावरण में जहाजों के लिए खतरा पैदा करने वाले छोटे लक्ष्यों पर सटीकता से हमला किया जा सकता है। इन गन को मिलने से नौसेना और तटरक्षक बल की मारक क्षमता और बढ़ जाएगी।

- कंट्रोल गन के निर्माण में 85% से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया

पांच सितारा लाउंज का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सेंट्रल स्टेशन पर एक्जीक्यूटिव लाउंज का काम बुधवार से शुरू कर दिया गया। इस कारण यह लाउंज तीस दिन के लिए बंद कर दिया गया है। लाउंज का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों के लिए प्लेटफॉर्म एक पर मौजूद फूड प्लाजा के बगल में वैकल्पिक स्थान दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पूरी तरह बनने के बाद लाउंज में यात्रियों को पांच सितारा सुविधाएं हासिल हो सकेंगी।

सेंट्रल स्टेशन पर लंबे समय से प्रस्तावित एक्जिक्यूटिव लाउंज को अत्याधुनिक बनाने का काम शुरू हो गया है। इस कार्य के लिए एक निजी कंपनी को टेंडर दिया गया है। कंपनी को तीस दिन में पूरे लाउंज में अत्याधुनिक सुविधाएं जुटाकर लाउंज को पांच सितारा होटल जैसा लुक देना है।

स्टेशन पर यात्रियों के लिए दूसरी सुविधा पर भी काम तेज हो गया है। बुधवार को प्लेटफॉर्म एक पर बनने वाले स्लीपिंग पॉड सुविधा का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया। अब निजी कंपनी के प्रतिनिधियों की ओर से प्लेटफॉर्म एक के रिटायरिंग रूम में होने वाले निर्माण के लिए सर्वे किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सेंट्रल पर लगभग 24 स्लीपिंग पॉड यात्रियों के लिए बनाए जाने हैं। काम जल्द शुरू होगा। इस सुविधा से यात्रियों को स्लीपिंग पॉड में सोने के अलावा वाईफाई, मोबाइल चार्जिंग सुविधा सहित अन्य सुविधाएं हासिल हो सकेंगी।

कुछ ऐसा बनेगा एग्जीक्यूटिव लाउंज

इस तरह का होगा कोच रेस्टोरेंट

सेंट्रल स्टेशन पर कोच रेस्टोरेंट का फिर से टेंडर

सेंट्रल पर कैंट साइड पर बनने वाले कोच रेस्टोरेंट के लिए दोबारा टेंडर किए जाने की तैयारी की जा रही है। कोच रेस्टोरेंट का तीन महीने से काम शुरू किए जाने का इंतजार किया जा रहा है। पूर्व में निजी कंपनी के प्रतिनिधि के नहीं आने की वजह से अब अधिकारी दोबारा इस योजना के टेंडर की बात कर रहे हैं। माना जा रहा है कि मार्च के दूसरे सप्ताह में इस योजना के तहत नई कंपनी का चयन हो सकेगा। रेलवे की ओर से शहर में सेंट्रल स्टेशन और गोविंदपुरी में कोच रेस्टोरेंट बनाया जाना है। इसमें गोविंदपुरी स्टेशन पर रेस्टोरेंट के लिए काम शुरू हो गया है।

बाबू सिंह के परिवार को मिली जान की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में छह माह पूर्व किसान बाबू सिंह यादव ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता डॉ प्रियरंजन अंशु को मंगलवार को हाईकोर्ट से अंतरिम अग्रिम जमानत मिलने के बाद पीड़ित परिवार में आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को किसान का परिवार डीसीपी पूर्वी से मिला। पीड़ित परिवार ने जमानत पर छूटे आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जिसकी जांच में कर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। डीसीपी ने बताया कि फरार चल रहे एक लाख के इनामिया बब्लू के घर दबिश डाली गई। उसका घर बंद मिला।

चकेरी गांव निवासी किसान बाबू सिंह यादव की जमीन हड़पने के मामले में नौ सितंबर 2023 को ट्रेन के आगे लेटकर जान दे दी थी। मामले में मुख्य आरोपी बाल संरक्षण आयोग का सदस्य डॉ प्रियरंजन अंशु दिवाकर समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस अबतक आरोपी राहुल जैन, शिवम चौहान और मधुर पांडेय को जेल भेज चुकी है। वहीं अंशु समेत बबलू यादव फरार चल रहे थे। अंशु दिवाकर ने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली है। बुधवार को किसान बाबू सिंह की बेटियां रूबी और काजल डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार से मिलीं। बेटियों ने अंशु दिवाकर की अग्रिम जमानत पर निराशा व्यक्त की। डीसीपी पूर्वी ने सजा दिलाने का आश्वासन दिया। बेटियों से कहा कि वे अंशु दिवाकर की जमानत खारिज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएंगी।

- डीसीपी पूर्वी से मिला बाबू सिंह का पीड़ित परिवार
- जमानत पर छूटे आरोपियों पर धमकी देने का आरोप

शहर में पुरुषों के कैंसर में तंबाकू 57 फीसदी कारण

अमृत विचार। धूम्रपान, हुक्का बार और मुंह में खैनी या गुटखा दबाए रखने की आदत लोगों को तेजी से कैंसर की तरफ ले जा रही है। धूम्रपान से जहां शहर में फेफड़े के कैंसर के रोगी बढ़ रहे हैं, वहीं तंबाकू चबाने के कारण मुख कैंसर के रोगियों की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की जा रही है।

कैंसर पीड़ित हर दूसरा पुरुष तंबाकू सेवन से हुआ शिकार



- इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के विगत दिवस जारी आंकड़ों के मुताबिक मुंह के कैंसर का सबसे बड़ा कारण तंबाकू का सेवन है। आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में कैंसर से पीड़ित हर दूसरा पुरुष तंबाकू के कारण ही इस समस्या से ग्रसित हुआ है। प्रदेश में पुरुषों के 53 फीसदी मामले तंबाकू के कारण होने वाले कैंसर के सामने आ रहे हैं, जबकि कानपुर में पुरुषों को होने वाले कैंसर में तंबाकू का कारण 57 फीसदी है। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 55 फीसदी कैंसर के मामलों में मृत्यु हो जाती है।

06 हजार कानपुर में हर साल कैंसर के नए मरीज सामने आते हैं

53% पुरुषों में कैंसर के मामले प्रदेश में तंबाकू के कारण

इन लक्षणों से होती शुरुआत

- लगातार खांसी बने रहना, खांसी के साथ खून आना, सांस लेने में कठिनाई, वजन घटना, थकान, भूख नहीं लगना।

85% फेफड़े के कैंसर में धूम्रपान की लत जिम्मेदार

जीवन के लिए शरीर को ऑक्सीजन की जरूरत होती है। शरीर के सभी अंगों को क्रियाशील रहने के लिए ऑक्सीजन युक्त खून की आपूर्ति होती है। ऐसा नहीं होने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा रहता है। शरीर के लिए सिगरेट और बीड़ी का एक कश ही बहुत ही नुकसानदायक है, इसका असर सीधे फेफड़ों पर पड़ता है। इसके अलावा प्रदूषण भी फेफड़े को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर का कारण बनता है।

- डॉ. प्रमोद कुमार, जेके कैंसर संस्थान।

- हर साल 30 फीसदी बढ़ रहे फेफड़े के कैंसर के रोगी : बीड़ी, सिगरेट की लत के चलते लंग्स कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान में वर्ष 2021 में लंग्स कैंसर रोगियों की संख्या 131 और 2022 में 217 थी जो वर्ष 2023 में 290 तक पहुंच गई। पीड़ितों में 85 फीसदी को कैंसर धूम्रपान के कारण हुआ है।
- धूम्रपान डीएनए को पहुंचता नुकसान : धूम्रपान सबसे पहले कोशिकाओं में डीएनए को नुकसान पहुंचाना शुरू करता है। डीएनए ही कोशिकाओं के विकास और कार्यों को नियंत्रित करता है। डीएनए में होने वाली क्षति से कैंसर होता है। चिकित्सकों के अनुसार धूम्रपान शरीर के लिए साइलेंट जहर है।
- भूगर्भ में क्रोमियम, आर्सेनिक भी बीमारी बढ़ाने में मददगार : कानपुर में हर साल छह हजार कैंसर के नए मरीज सामने आते हैं। यह आंकड़ा जेके कैंसर अस्पताल का है। इसके पीछे अन्य कारणों के साथ टेनरियों से निकलने वाला क्रोमियम व आर्सेनिक भी जिम्मेदार है, जो भूगर्भ जल दूषित करता है। प्रदूषित पानी पीने से लोगों को लिवर और पेट का कैंसर हो रहा है।

सेहत की बात हैलट अस्पताल में बुखार, खांसी का इलाज कराने आए 200 मरीजों में 60 फीसदी का ब्लड प्रेशर मिला बढ़ा

बीपी बढ़ने का पता नहीं चलने से बढ़ रहा हार्ट अटैक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अनियमित जीवनशैली, बिगड़े खानपान और तनाव से ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण लोगों की नसों में खून का थक्का जम रहा है। अचानक हार्ट अटैक या ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ते मामलों के पीछे यही कारण है। हैलट अस्पताल में मेडिसिन विभाग की ओपीडी में पहुंचने वाले तमाम मरीजों का ब्लड प्रेशर जांच में समान्य से अधिक मिल रहा है, तो कार्डियोलॉजी संस्थान की ओपीडी में हार्ट अटैक के अधिकांश ऐसे मरीज आ रहे हैं, जिनको पहली बार पता चला कि ब्लड प्रेशर अधिक होने से उनकी तबीयत बिगड़ी है।

हैलट अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के प्रो.ब्रजेश कुमार ने बताया कि बुधवार को ओपीडी में करीब 200 मरीज इलाज कराने आए, इनमें 60 फीसदी का ब्लड प्रेशर बढ़ा था। ये मरीज सांस की तकलीफ, बुखार, खांसी-जुकाम का इलाज कराने आए थे। उधर, कार्डियोलॉजी में भी हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। अत्यधिक चिंता या तनाव के अलावा शरीर में सोडियम और पोटेशियम की कमी से भी हाइपरटेंशन की समस्या होती है। इससे हार्ट अटैक व स्ट्रोक जैसी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। कार्डियोलॉजी की इमरजेंसी में आ रहे हार्ट अटैक के ज्यादातर रोगियों को पहली बार हाई बीपी डायग्नोस हो रहा है। संस्थान के निदेशक प्रो. राकेश वर्मा ने बताया कि ठंड में ब्लड प्रेशर बढ़ने पर मरीज लक्षण समझ नहीं पाता है। इससे अचानक हार्ट या ब्रेन अटैक के केस बढ़े हैं।

65 लाख की मशीन से होगी बिना चीरा सर्जरी

कानपुर। हैलट अस्पताल में अब बिना चीरे की सर्जरी संभव होगी। इसके लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन को मशीन खरीदने के लिए 65 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। हैलट अस्पताल में ऐसे तमाम मरीज आते हैं, जिनके पेट में सर्जरी करनी पड़ती है। सर्जरी के बाद पेट में लगाए जाने वाले टांके के निशान जीवन भर रहते हैं। महिलाओं को ऐसे टांके ज्यादा परेशान करते हैं, उनको साड़ी पहनने में दिक्कत होती है। पेट में सर्जरी का निशान दिखता रहता है। ऐसे में मॉडलिंग व डांस आदि में कैरियर बनाने वाली युवतियां पेट की सर्जरी कराने से कतराती हैं। लेकिन अब हैलट अस्पताल के सर्जरी विभाग में जल्द ही बिना चीरे के सर्जरी संभव होगी। इसके लिए यहां 65 लाख रुपये से डबल ल्यूमन थेरेपेटिक इंडोस्कोप मशीन आएगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि डबल ल्यूमन थेरेपेटिक इंडोस्कोप मशीन से मरीजों की बिना चीरे की सर्जरी की जा सकेगी।

यूपी आइकॉनिक अवॉर्ड से सम्मानित हुए 'हीरोज'

रेडियो अड्डा व अक्षर समूह ने मोतीझील लाजपत भवन में 'उत्तर प्रदेश आइकॉनिक अवॉर्ड सम्मान समारोह किया आयोजित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रेडियो अड्डा एवं अक्षर समूह की ओर से बुधवार को मोतीझील स्तिथ लाजपत भवन में 'उत्तर प्रदेश आइकॉनिक अवॉर्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सम्मान समारोह में कानपुर सहित देश-प्रदेश में विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान देने वाली विभूतियों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इनके अलावा रेडियो और टीवी जगत की बड़ी हस्तियों एवं समाज के गण्यमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। इस समारोह में अमृत विचार ने मीडिया पार्टनर की भूमिका निभाई।

आरजे दिलीप सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाजिक क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को प्रोत्साहन मिलता है। साथ ही समाज में अच्छे काम करने की ललक बढ़ती है। उन्होंने बताया कि रेडियो अड्डा के बैनर तले अबतक मुंबई, दिल्ली, बिहार, राजस्थान सहित तमाम जगह पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है।

इस मौके पर आरजे दिलीप सिंह ने कहा कि उनकी कई मूवी पाइप लाइन में हैं, कई टीवी सीरीयल में मुख्य किरदार के रूप में भी काम किया है। वहीं अक्षर समूह के संस्थापक विशाल शर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए, ताकि प्रतिभाओं को सामने लाया जा सके और प्रदेश के लोग उन्हें पहचान दिलाई जा सके।

आयोजकों ने अवार्ड घोषित किए। अमृत विचार

इनको मिला अवार्ड

वॉयस ओवर आर्टिस्ट का अवार्ड ओमी जोशी, ग्राहक सेवा और नेतृत्व में उत्कृष्टता का अवार्ड डॉ. धीरेंद्र जैन, ममता दीक्षित को प्रसारक और संस्थापक सकोया फान्डेशन, आरजे सुगंधा को सर्वश्रेष्ठ आरजे, महेंद्र कुमार चौधरी को सामाजिक कार्यकर्ता, मुनीब हसन खान को सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इसके साथ ही पूर्णिमा राजपूत को सर्वश्रेष्ठ मॉडल और अभिनेता, रति त्रिपाठी को रियल लाइफ फाइटर, आरजे जय शेखर को वॉयस कोच और वरिष्ठ प्रसारक, के राशि भदेलिया कुमार को सर्वश्रेष्ठ संकाय पुरस्कार से नवाजा गया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। अमृत विचार

सार-संक्षेप

महिला जली, पति पर जलाने का आरोप

घाटमपुर। रायपुर में संदिग्ध हालात में एक महिला जल गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है। रायपुर के प्रवीण कुमार उर्फ राजू प्रजापति पर पत्नी चुन्नी को घर में आग लगाकर जलाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने चुन्नी को एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा, जहां से रात में ही उर्सला हॉस्पिटल कानपुर रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि महिला 85 प्रतिशत जल गई है, जिसे कानपुर से लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पारिवारिक कलह में आग लगाने की बात सामने आई है। पति राजू का भी चेहरा झुलसा है। महिला की शादी 12 वर्ष पहले हुई थी। एक 10 वर्ष का बेटा और दो छोटी बेटियां हैं। पिता रतिराम की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है।

रोजगार मेला में युवाओं की उमड़ी भीड़

बिल्हौर : कौशल विकास सेवा केंद्र व आईटीआई बिल्हौर के साथ सेवायोजन कार्यालय की ओर से ब्लॉक खंड स्तरीय रोजगार मेला के आयोजन में बुधवार को मेले का आयोजन ककवन विकासखंड कार्यालय के आवासीय परिसर में किया गया। इस दौरान मेले में पहुंचे युवाओं ने पंजीकरण कराकर कंपनियों को साक्षात्कार दिया। चयनित युवाओं को नौकरी के साथ नियुक्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत ने भी युवाओं को संबोधित किया। रोजगार मेला के दौरान लगभग 280 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें 168 युवाओं को नौकरी दी गई। आईटीआई प्रधानाचार्य मयंक मिश्रा ने बताया कि लगभग दो दर्जन कपंनी टाटा, पेटीएम, आदि कपंनी के प्रतिनिधि ने युवाओं से वार्ता की। ग्राम प्रधान ककवन राजू स्वर्णकार, धीरेन्द्र राजपूत, मानस मिश्रा, ललित शुक्ला, सचिव संजीव कैथवार, आनंद गौतम, राजकिशोर के साथ पंचायत सहायक के साथ आईटीआई के अनुराग साहू, प्रखर शुक्ला, अजातशत्रु शुक्ला आदि मौजूद रहे।

भाजपा ने किया महिलाओं का सम्मान

संवाददाता, बिल्हौर : बिल्हौर विकासखंड के उत्तरीपुरा गांव में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन में समूह से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर पार्टी के नेताओं ने कहा कि सबसे ज्यादा सम्मान महिलाओं का भारतीय जनता पार्टी ने किया है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से चलाई जा रही महिलाओं की योजनाओं पर प्रकाश डाला। भाजपा के जिला मंत्री राजू दुबे ने भी पार्टी की ओर से चलाए जा रहे तमाम कार्यक्रमों के बारे में बताया। इस मौके पर बिल्हौर, शिवराजपुर, चौबेपुर व ककवन ब्लाक की समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं। यहां भाजपा नेता अंशुल बाजपेई, खंड विकास अधिकारी दिनेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि गुड्डू सिंह के साथ भाजपाई मौजूद रहे।

बाइक सवार युवक ने बच्चे को मारी टक्कर

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र की चिरली गांव में बाइक सवार युवक ने एक चार वर्ष के बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया और घायल बच्चे को इलाज के लिए कानपुर ले गए। चिरली गांव निवासी संदीप सिंह का पुत्र रुद्र सिंह (4) घर के बाहर खेल रहा था, तभी बिधनू थाना क्षेत्र के शंभुआ निवासी बाइक सवार जय प्रकाश ने रुद्र को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन बच्चे को लेकर चिकित्सालय चले गए। इधर ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। रुद्र को कानपुर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है। पीड़ित पक्ष ने कोई कार्रवाई नहीं करने की बात कही है।

महिलाओं का सम्मान किया गया। अमृत विचार

शक्ति वन्दन सम्मेलन में महिलाओं का सम्मान

घाटमपुर : पतारा मंडल में शक्ति वंदन अभियान के तहत मातृ शक्ति का सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा ने सरकार की ओर से महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाएं गिनाईं और महिलाओं को सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से घाटमपुर के निवर्तमान विधायक उपेंद्र पासवान, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मीरा भदौरिया सहित मंडल, जिला पदाधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की मातृ शक्ति व एनजीओ प्रमुख उपस्थित रहीं।

वसंत पंचमी पर पूजन, स्नान और हजारों विवाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वसंत पंचमी पर बुधवार को पूजन, श्रद्धा और आस्था का संगम रहा। शिक्षण संस्थानों के साथ ही शहर के विभिन्न संगठनों ने भी आयोजन किया। अबूझ मुहूर्त होने के चलते शहर में मांगलिक कार्यों की भरमार रही। माना जा रहा है कि वसंत पंचमी पर शहर में लगभग दो हजार विवाह आयोजित हुए।

स्नान व दान की मान्यता के चलते गंगा घाटों पर भीड़ रही। स्कूलों में पूजन और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए। शहर मे दो हजार से अधिक विवाह संस्कार हुए। कई विवाह समारोह में वसंत पंचमी थीम से सजावट की गई थी। शहर में लगभग 5 हजार यज्ञोपवित संस्कार व मुंडन संस्कार भी आयोजित हुए।

दो कन्याओं का हुआ विवाह: उन्नति सेवा संस्था समिति की ओर से बुधवार को दो आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं का विवाह कराया गया। समारोह में बीएल गुलाबिया, अनिल सुमन, सुशील सागर, सनी, कुसुम बक्सी, प्रेमा यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन हुआ। अमृत विचार

सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

वसंत पंचमी पर अखण्ड ब्राह्मण मंच की ओर से सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार आयोजित हुआ। इस दौरान सात बटुकों का संस्कार हुआ। श्याम नगर स्थित गौ माता मंदिर में हुए आयोजन में सपा विधायक अमिताभ बाजपेई डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण दीक्षित महेश मिश्रा मनोज शुक्ला हर्षवधन मिश्र, विपिन पाण्डेय, आशीष गौड़, संजय शुक्ला रहे।

बच्चों ने सरस्वती पूजन किया। अमृत विचार

वसंत पंचमी पर सामूहिक विवाह हुआ। अमृत विचार

जेल में खेल में बंदियों को किया पुरस्कृत

कानपुर। वसंत पंचमी के दिन जेल में दीप प्रज्जवलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कारागार अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय ने जेल दिवस का शुभारम्भ किया। बंदियों ने सरस्वती वंदना का गायन करने के बाद कारागार में बैडमिंटन, बॉलीवाल, कैरम, नीबू दौड़, बोरी दौड़, चेस, रस्साकसी इत्यादि खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। अतिरिक्त जेलर अनिल कुमार पांडेय, राजेश कुमार, उप कारापाल अनिल कुमार, सायमा जलीस, मौसमी राय प्रशिक्षु उपकारापाल अरविन्द यादव उपस्थित रहे।

- शिक्षण संस्थानों के साथ ही मंदिरों में भी हुए आयोजन
- अबूझ मुहूर्त के चलते मांगलिक कार्य की भरमार

डॉक्टरों ने किया पूजन

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में भी मां सरस्वती का पूजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. संजय काला, सर्जरी विभाग के प्रो प्रेम शंकर, प्रो जीडी यादव, प्रो विनय सहित अन्य मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय में हुआ पूजन

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में सभी विभागों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रशासनिक भवन के सामने मां सरस्वती की प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी ने माल्यार्पण किया।

युवाओं को दिए टिप्स

एबीवीपी कानपुर विश्वविद्यालय इकाई ने विद्या की देवी मां सरस्वती की चरण वंदना के साथ पूजा अर्चना की। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विशाल शर्मा ने छात्र छात्राओं को वसंत पंचमी पर्व का महत्व बताया। डा पूजा सिंह ने ज्ञान, शील और एकता के महत्त्व को बताया।

शैलेंद्र और अनंत की शानदार पारी से फ्रेंडस क्लब को जीत

कानपुर। पालिका मैदान में बुधवार को कानपुर क्रिकेट एसोसियेशन से आबद्ध व पैरामाउंट क्लब ने 'प्रथम राधा देवी स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। यहां पर फ्रेंडस स्पोटिंग क्लब और एमयूसी के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसोसियेशन के सचिव कौशल कुमार सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच मुकाबला शुरू हुआ। फ्रेंड्स स्पोटिंग क्लब ने आठवां विकेट पर 33 वें ओवर की पांचवीं गेंद पर 191 रन का स्कोर बनाया, जिसमें शैलेंद्र ने 67, अनंत बाजपेयी ने 36, वैभव मेहरोत्रा ने 31, मोहम्मद आमिर ने 28, रिषभ डोनवाल ने 19 रन बनाए व राहुल 13 रन नाबाद रहे। 191 रनों का पीछा करने उतरे एमयूसी के खिलाड़ी 34वें ओवर की तीसरी गेंद पर 187 रन पर ही ढेर हो गए। टीम से रितविक सिंह ने 44 और अमित कुमार ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। पालिका मैदान में हुए क्वार्टर फाइनल मैच में एमयूसी को हराते हुए फ्रेंडस स्पोटिंग क्लब ने अपनी जगह बनाई।

विजेता टीम ने खुशी जताई। अमृत विचार

वीर जवानों के पराक्रम से ही देश सुरक्षित, शहीदों को नमन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पुलवामा हमले की पांचवीं बरसी पर बुधवार को भाजपा दक्षिण कार्यालय में दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहीद हुए वीर जवानों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। उत्तर में जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में नवीन मार्केट स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की।

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि आज हमारा देश अनेकानेक वीरों की शहादत के कारण ही सुरक्षित है। पुलवामा में देश की रक्षा करते हुए 40 जवान शहीद हो गए थे। हमें उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। शिवराम सिंह ने कहा कि पुलवामा में शहीद जवानों के बलिदान और देश सेवा को देश सदैव याद रखेगा। इस दौरान राम बहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, जसविंदर सिंह ,राजन चौहान, जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, वीरेंद्र दिवाकर, अर्जुन बेरिया,संजीव बेरी आदि मौजूद रहे। दीपू पांडे ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमला भारत पर हुए सबसे खराब आतंकी हमले में से एक माना जाता है। कार्यक्रम में अवधेश सोनकर, वीरेश त्रिपाठी, सत्येंद्र नाथ पांडे, पारस मदान, विनय पटेल, अभिनव दीक्षित, राम अवतार सेंगर, राघवेंद्र मिश्रा, रोहित साहू, महेंद्र तिवारी आदि रहे।

मोमबत्ती जलाकर पुलवामा के शहीदों को याद किया गया। अमृत विचार

शहीद जवानों की याद में किया रक्तदान

कानपुर। संकल्प सेवा समिति ने बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव के घर में श्री कंस्ट्रक्शन एंड इंटीरियर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। समिति के सदस्यों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद रक्तदान शिविर शुरू हुआ। 37 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान राजीव पांडेय, योगेंद्र सिंह, शांति गौतम, अंकिता, आकांक्षा व प्रफुल्ल आदि उपस्थित रहे।

पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

बिल्हौर। वर्ष 2019 14 फरवरी को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में मारे गए जवानों की शहादत को कौन के युवाओं ने नमन किया दर्जनों युवाओं ने देर शाम ब्लॉक गेट पर कैंडल मार्च का आयोजन किया और उनके आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी वीरता और साहस को सराहा लगातार कई वर्षों से ककवन के युवा 14 फरवरी को कैंडल मार्च का आयोजन करते हैं जिसमें ब्लॉक गेट पर दर्जनों युवाओं ने मिलकर कैंडल मार्च निकाला इस मौके पर मुख्य रूप से सोनू सविता ,सूरज सिंह ,सूरज शर्मा,सचिन राठौर ,पंकज शर्मा, मुनेष कुमार, ककवन भाजपा मंडल अध्यक्ष शानू राठौर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

केक काटते करौली शंकर महाराज। अमृत विचार

गुरु को नमन | करौली शंकर महादेव धाम में उत्सव का आयोजन, गायकों ने भजनों से गुरु महिमा का बखान किया

गुरु कृपा से ही मिलते चारों पुरुषार्थ : करौली शंकर महाराज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। करौली शंकर महादेव धाम करौली में बाबा राधा रमण मिश्र के 140 वें पंच दिवसीय जन्मोत्सव पर बुधवार को विविध रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर चेक गणराज्य, अमेरिका, नेपाल,हांगकांग समेत कई देशों के श्रद्धालु करौली शंकर आश्रम पहुंचे और भक्ति रूपी गंगा में गोते लगाए।

भजन गायक कमलेश कपूर व तरुण सागर ने भजन सुनाए। करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं को सुखमय जीवन का मंत्र बताया। कहा आध्यात्मिक जगत के चारों स्तंभ, अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति बिना गुरु कृपा के संभव नहीं है। गुरु शरीर मात्र नहीं होते हैं, गुरु एक शक्ति का नाम है। गुरु कृपा से भवसागर से पार लग सकते हैं।

भजन गायकों ने लागी मेरी प्रीत तेरे संग मेरे शंकरा, करौली शंकर महादेव का डमरू शंकर शंकर महादेव जी, बाबा मेरे करौली वाले जिनके हैं ठाठ निराले जो देवो के देव महादेव हैं व महादेवा ओ तेरा डमरू- डमरू ओम नमः शिवाय, शिव नमः शिवाय भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को थिरकने पर विवश किया। इस दौरान चरण पादुका यात्रा निकाली गई। करौली शंकर महादेव ने कहा कि इंसान अपने जीवन में सबकुछ कर सकता है परंतु वो जो कर रहा हैं, वो काम सही है या नहीं ये जानने की सीख उसे गुरु से मिलती है। एक दूसरे का सम्मान करना और अपने देश से प्रेम करना गुरु से ही सीखने को मिलता है।

कमलेश कपूर ने भजन सुनाए।

आश्रम में हजारों भक्त मौजूद रहे। अमृत विचार

अपने गिरोह के सदस्यों के साथ फूलन देवी, जिसका बीहड़ में खासा आतंक था। (फाइल फोटो)



फूलन देवी के साथ डाकू मान सिंह, जो अभी तक नहीं पकड़ा गया। (फाइल फोटो)

क्या था बेहमई कांड

राजपुर थाना थाना क्षेत्र के यमुना किनारे बसे बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981 को डकैत फूलन देवी ने लाइन से खड़ा करके 20 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मरने वाले सभी ठाकुर थे। इस घटना के बाद देश व विदेश में इस घटना की चर्चा थी। कई विदेशी मीडिया ने भी जिले में डेरा डाला लिया था और जब सारा ज़िला इस घटना से कांप रहा था। तब बेहमई के ही राजाराम मुकदमा लिखावाने के लिए आगे आए थे। उन्होंने फूलन देवी और मुस्तकीम समेत 14 को नामजद कराते हुए 35 डकैतों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पूरे देश को दहला देने वाला बेहमई कांड लचर पैरवी और कानूनी दांव पेंच में ऐसा उलझा कि 43 साल बाद पीड़ितों को न्याय मिल सका।

छह लोग हुए थे घायल

- जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि बेहमई कांड में 26 लोगों को लाइन में खड़ा कर उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं गई थी जिनमें 20 लोगों की मौत हुई थी वहीं छह लोग रघुवीर, देव प्रयाग, कृष्णा स्वरूप, गुरुमुख सिंह, जंटर सिंह व वकील सिंह गंभीर रूप से घायल हुए थे इन्हीं घायलों को अभियोजन ने अपना मुख्य गवाह बनाया था। जिनकी गवाही अदालत में करवाई गई थी।

मुठभेड़ में कई डकैत मारे गए थे

- अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे के अनुसार बेहमई कांड के बाद उसी दौरान पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कई डकैतों को अलग अलग मुठभेड़ में मार गिराया था इसमें मुस्तकीम, लल्लू, बलवान, मोती, ललतू, रामशंकर, बलराम सिंह, वृंदावन, रामप्रकाश और श्याम शामिल थे।

फूलन देवी ने मध्य प्रदेश में आत्म समर्पण किया था। (फाइल फोटो)

डकैत से सांसद बनी फूलन देवी और फिर हत्या

- ग्यारह साल बाद 1994 में फूलन देवी ने जेल से रिहा होने के बाद राजनीत में कदम रख दिया 1996 में समाजवादी पार्टी की टिकट पर मिर्जापुर से सांसद बन गई दो साल बाद 1998 में हुए चुनाव मे हार गई वहीं फिर 1999 में हुए चुनाव में दूसरी बार सांसद चुनी गई लेकिन दुर्भाग्यवश ज्यादा दिनों तक कुर्सी का सुख नहीं मिल सका 25 जुलाई 2001 में दिल्ली में फूलन देवी को घर पर शेर सिंह राणा नाम के व्यक्ति ने गोली मार कर हत्या कर दी।

वादी राजाराम सिंह और गवाह जंटर की हो चुकी मौत

- बेहमई नरसंहार के गवाह व मुकदमे के वादी राजाराम सिंह की 13 दिसंबर 2020 को बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। राजाराम 40 सालों तक मुकदमे की पैरवी करते रहे। उनके पुत्र रामकेश सिंह उर्फ खिल्लन ने बताया कि नरसंहार कांड के बाद उनके पिता ने गांव के बाहर स्मारक स्थल बनवाया था। वहीं 14 फरवरी 1981 को बेहमई नरसंहार का मंजर देखने वाले घटना के चश्मदीद गवाह जंटर सिंह की भी 21 अक्तूबर 2021 को लंबी बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। बेहमई कांड की बरसी व आए फैसलने पर राजाराम व जंटर की कमी जरूर रही।

बरसी के आयोजन के दौरान अदालत के फैसले की पहुंची खबर, डकैत को उम्र कैद की सजा पर बेहमई में मनी दिवाली

बरसी पर नम थीं आंखें, फैसला आते ही खिले चेहरे

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचारः बेहमई गांव में बुधवार की सुबह नरसंहार कांड की 43वीं बरसी मनाई जा रही थी। हर किसी की आंखें नम थीं, इसी बीच अदालत के फैसले की खबर पहुंची तो हर किसी के चेहरे खिल उठे। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। बेहमई गांव के लोगों के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आया और दिवाली मनाई गई।

नरसंहार में अपनों को खोने वाले लोग सुबह स्मारक स्थल पर बरसी मना रहे थे, तभी खबर पहुंची कि नरसंहार कांड के आरोपी डकैत जालौन जिले के मलहान पुर्वा थाना रामपुरा निवासी श्यामबाबू मल्लाह को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस पर गांव में खुशियों का माहौल छा गया। बेहमई नरसंहार कांड में मारे गए लोगों की याद में बने शहीद स्मारक स्थल में ग्रामीणों ने इकठ्ठा होकर स्मारक स्थल पर मोमबत्ती जलाकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई। वहीं नरसंहार कांड के बाद से फरार चल रहे तीन आरोपियों को सजा न सुनाए जाने का लोगों में मलाल दिखा।

14 फरवरी 1981 में राजपुर के बेहमई गांव में डकैत फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथियों के साथ धाबा बोलकर 20 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसकी गूंज देश विदेशों में सुनाई दी थी। इस हत्याकांड में गांव के राजाराम सिंह ने सिकंदरा थाने में डकैत फूलन देवी, पोसा, भीखा, विश्वनाथ, श्याम बाबू मल्लाह, मान सिंह समेत 35 डकैतों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान मुख्य आरोपी डकैत फूलन देवी समेत 32 डकैतों की मौत हो गई थी। 43 वर्षों से कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन था।

कोर्ट का फैसला आने के बाद बेहमई के स्मारक स्थल पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते लोग। अमृत विचार

तीन साल में गवाही पूरी, मगर तीन बार अंतिम बहस

बेहमई कांड में वर्ष 2012 में आरोप तय होने के बाद मुकदमे की कार्रवाई आगे बढ़ी और सिर्फ तीन सालों में अभियोजन ने 15 गवाहों के बयान कोर्ट में दर्ज कराकर गवाही खत्म करा दी। बयान और बहस के बाद मुकदमा फैसले की दहलीज तक पहुंच गया, लेकिन कुछ कानूनी पेंचीदगियों में फैसला उलझ गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि मुकदमे में तीन बार अंतिम बहस हुई। जब फैसले की घड़ी आती तो जज का तबादला हो जाता। नए न्यायाधीश के आने पर दोबारा बहस होती। दिसंबर 2019 में फिर फैसला आने की उम्मीद थी, लेकिन केस डायरी का पेंच फंस जाने के कारण फैसला फिर से अटक गया था। वहीं आरोपी विश्वनाथ के घटना के समय नाबालिग होने के प्रार्थना पत्र पर फाइल किशोर न्याय बोर्ड भेजने के चलते फैसले में देरी हुई।

तीन डकैत अभी तक फरार

- बेहमई कांड में भीखा, श्यामबाबू, विश्वनाथ उर्फ पुतानी को जमानत मिली थी। बुधवार को श्यामबाबू को सजा सुनाई गई है, जबकि नामजद डकैत विश्वनाथ उर्फ अशोक व रामकेश अभी तक फरार हैं। वहीं गवाही के दौरान अभियोजन के पत्र पर मान सिंह को भी आरोपी बनाया गया था। तब से वह भी फरार रहा।

35 डकैतों पर दर्ज हुई थी एफआईआर

- बेहमई कांड में वादी रहे राजाराम ने फूलन देवी समेत 35 डकैतों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वर्ष 2012 में फूलन देवी, भीखा, पोसा, विश्वनाथ, श्यामबाबू व राम सिंह पर आरोप तय किए गए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित अदालत में चल रही थी। हत्याकांड के 43 साल पूरे होने पर 14 फरवरी को बरसी पर बेहमई कांड का फैसला आ गया।

डकैत पोसा को कभी नहीं मिली जमानत

- बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बेहमई कांड में जितने भी आरोपी थे, उनमें विश्वनाथ, भीखा और श्यामबाबू को जमानत मिली थी। बाद में भीखा की मौत हो गई। इसमें आरोपी विश्वनाथ व श्यामबाबू अधिक उम्र के हैं। वहीं पोसा को पकड़े जाने के बाद कभी भी जमानत नहीं मिली। पूर्व में उसकी भी बीमारी के चलते मौत हो चुकी है।

फैसले पर बोले अधिवक्ता

बेहमई हत्याकांड में 43 साल बाद आया निर्णय इस बात को चरितार्थ करता है कि न्याय में विलंब न्याय से इंकार है। इस वीभत्स हत्याकांड ने देश ही नहीं, बल्कि विश्व को हिलाकर रख दिया था। इसके बाद भी वादी ने हिम्मत जुटाकर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा लिखाया, लेकिन आरोपियों ने न्यायालय दर न्यायालय देश के कानून और दूषित राजनैतिक व्यवस्था का सहारा लेकर मुकदमे को निर्णय तक पहुंचने में दांव-पेंच के बाड़ लगाए।

-जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता माती कचेहरी

बुधवार को हत्याकांड के आरोपी जनपद जालौन के मलहान का पुर्वा थाना रामपुरा निवासी श्याम बाबू मल्लाह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सजा की जानकारी मिलते ही बेहमई गांव में खुशी का माहौल छा गया। गांव के लोग स्मारक स्थल पर एकत्रित हुए और स्मारक स्थल पर रोशनी की। इसके बाद पीड़ित परिजनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। गांव के बाबूजी सिंह, पूर्व प्रधान जयवीर सिंह, गांधी सिंह, देवेंद्र चंदेल, लल्लन सिंह, रामकेश सिंह, बादाम सिंह, तख्त सिंह मुन्नी देवी, गुटकन देवी, सुनीता देवी समेत सभी ग्रामीणों ने बेहमई गांव के बाहर बने स्मारक स्थल पर पहुचकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की।

फूलन देवी की गिरफ्तारी में पुलिस रही नाकाम

- बेहमई कांड में मुख्य आरोपी फूलन देवी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने जमीन आसमान एक कर दिया था लेकिन लगातार फूलन देवी के बदलते ठिकानों के चलते पुलिस उस तक कभी पहुंच नहीं सकी थी हालांकि इस दौरान पुलिस को कई डकैतों को मुठभेड़ में मार गिराने में सफलता मिली थी। बेहमई कांड के दो साल तक पुलिस फूलन देवी की सिर्फ तलाश ही करती रही इसी बीच 13 फरवरी 1983 को फूलन देवी ने अपने साथियों सहित मध्य प्रदेश के भिंड जिले में तत्कालीन मुख्यमंत्री के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

बरसी पर 'अपनों' को याद कर छलकते रहे आंसू

संवाददाता, राजपुर

- बेहमई गांव में बने स्मारक स्थल पर मृतकों दी गई श्रद्धांजलि
- मुकदमे के वादी और गवाह की याद में परिवार वाले रोये

अमृत विचारः बेहमई कांड की बरसी पर बुधवार को स्मारक स्थल पर श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान डकैतों की गोली का शिकार बने लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि के मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। लोगों ने हवन-पूजन कर दो मिनट का मौन रखा।

14 फरवरी 1981 को डकैत फूलन देवी ने गिरोह के साथ बेहमई गांव में लोगों को एक कतार में खड़ा कर गोलियों से छलनी कर दिया था, जिसमें 20 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। बेहमई कांड में मृतकों की याद में गांव किनारे स्मारक स्थल बनाया गया है, जहां हर साल बरसी पर लोग मृतकों को श्रद्धांजलि देते हैं। बुधवार को बेहमई कांड में मारे गए लोगों के परिजनों ने समेत अन्य लोगों ने स्मारक में पहुंचकर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

परिवार के लोगों ने रुंधे गले से बताया कि नरसंहार कांड में डकैत फूलन ने अपने साथियों के साथ 20 निर्दोष लोगों को एक कतार में खड़ा कर गोलियों से छलनी कर दिया था। पुलिस की लचर पैरवी व कानूनी दांव-पेंच के चलते इंसाफ में देरी हुई है। इस दौरान मुकदमे में वादी रहे दिवंगत राजाराम सिंह व घटना के चश्मदीद गवाह रहे दिवंगत जंटर सिंह को भी याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर समाजसेवी लालजी सिंह, पूर्व प्रधान जयवीर सिंह, शिवपाल सिंह, बादाम सिंह, अकबर सिंह, बेनी सिंह, राजेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

बेहमई गांव के स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

बुधवार को यज्ञोपवीत संस्कार में पहुंचे बटुक। अमृत विचार

कूष्मांडा मंदिर में बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार

संवाददाता, घाटमपुर

- भार्गव सेवा संस्थान की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमृतविचारः वसंत पंचमी के अवसर पर भार्गव सेवा संस्थान की ओर से बुधवार को 51 बटुकों का जनेऊ संस्कार कराया गया। इस मौके पर दो गरीब कन्याओं का विवाह कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजन कराया।

संस्थान के संयोजक प्रदीप शुक्ला ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपने बच्चों को समय से जनेऊ धारण कराने और समाज को एकजुट रहने का आवाह्न किया। वसंत पंचमी के मौके पर यह कार्यक्रम कूष्मांडा देवी मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञोपवीत संस्कार कराया, जिसमें दूर-दूर से लोग जनेऊ संस्कार के लिए कूष्मांडा देवी मंदिर पहुंचे। यहां 134 बटुकों ने जनेऊ संस्कार कराया। वहीं गुच्चूपुर रोड पर भार्गव सेवा संस्थान की ओर से भी यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें इस बार 51 बटुकों ने जनेऊ संस्कार में भाग लिया। बटुकों के साथ आए परिजनों व रिश्तेदारों को संस्थान की ओर से खाने-पीने के इंतजाम भी किए गए। यहां समिति के अनिल शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, रजत शुक्ला, दैविक शुक्ला, शिवम अवस्थी व रामजी अग्निहोत्री आदि रहे।

डिलेवरीमैन को पीटा, बैग छीना

संवाददाता, घाटमपुर

- घाटमपुर पुलिस आरोपी युवकों की तलाश में जुटी

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के नौरंगा में एक डिलीवरी मैन को कुछ युवकों ने जमकर पीटा और माल से भरा बैग छीनकर भाग निकले। बताया गया कि प्रेमिका के बुलाने पर चार युवकों ने वारदात को अंजाम दिया है। लुटेरों की तलाश में पुलिस जुट गई है।

कानपुर के शास्त्री नगर निवासी आशीष मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वह सोडोफोकस टच प्राइवेट में डिलीवरी का काम करता है। 13 फरवरी की शाम सजेती की रहने वाली दीक्षा का जॉकेट वापसी का पार्सल लेने गया था। घर में दीक्षा मिली, जिसने पार्सल वापस दे दिया। इसके बाद उन्हें बताया कि दो घंटे बाद जॉकेट के रुपये उनके खाते में वापस आ जाएंगे। इसके बाद वह डिलीवरी देने के लिए नौरंगा निकल आया।

नौरंगा पहुंचने पर उसके पास दीक्षा का फोन आया और वहीं रुकने के लिए कहा। इसके बाद दीक्षा स्कूटी से नौरंगा आई और बोली कि रुपये खाते में वापस करो। दीक्षा ने गालीगलौज शुरू कर दी। इसके बाद दीक्षा ने किसी को फोन किया। कुछ ही देर बाद एक बाइक पर सवार चार युवक मौके पर आए और मारपीट करने के साथ डिलीवरी बैग छीनकर भाग निकले। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि युवकों की तलाश की जा रही है।

युवती संग छेड़खानी की एफआईआर दर्ज

घाटमपुर। सजेती थाना क्षेत्र की युवती ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ करने, पीटने और वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवती ने बताया कि गांव के ही विजय व शिवम घर से निकलते समय छेड़खानी करते हैं। जब विरोध किया गया तो रंजिश मानने लगे। अब वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हैं।

वसंत पंचमी पर स्कूलों में हुए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता, चौबेपुर

- मां सरस्वती का पूजन-अर्चन कर किया गया मिष्ठान वितरण

अमृत विचारः वसंत पंचमी पर वीवीआईपी स्कूल में मां सरस्वती का पूजन करने के साथ छात्र-छात्राओं को पर्व की महत्ता बताई गई। बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

बुधवार को बेला मार्ग स्थित वीवीआईपी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेई ने छात्रों को बताया कि यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन के स्वागत में मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती का पूजा करने से विद्या की देवी मां सरस्वती जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह पर्व सर्दियों के का अंत और वसंत के आगमन का प्रतीक है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अंकित बाजपेई, सागर मारवाह, कैफी आजमी, आलोक, संजय, रजनी, नेहा, सुप्रिया, सोनाली, दीक्षा, अभिषेक व आलोक आदि शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

दूसरी ओर ग्राम सेवा दल ने तातियागंज में वसंत उत्सव मनाया। रोटरी क्लब के उपाध्यक्ष गौरव तिवारी ने कहा कि वसंत पंचमी मां सरस्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए। पूजन से ज्ञान में वृद्धि के अलावा बुद्धि भी निर्मल होती है। यहां संस्था के संस्थापक के एम भाई, अंकित शर्मा, विजय पाठक, शुभम, अजय, विशाल आदि रहे।

मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेई।

चादर चढ़ाई | हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक मकनपुर की दरगाह में मेला का आयोजन

वसंत पंचमी पर मकनपुर में उमड़े जायरीन

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचारः मकनपुर स्थित हजरत सैयद बदीउद्दीन जिंदाशाह मदार की दरगाह पर बुधवार को वसंत पंचमी के मौके पर 'दम मदार बेड़ा पार' की गूंज सुनाई देती रही। पारंपरिक मेले के मुख्य पर्व वसंत पंचमी पर सुबह से ही जिंदाशाह मदार की दरगाह पर भीड़ उमड़ती रही। जायरीनों ने दरगाह शरीफ पर चादर चढ़ाई और मन्नत मांगी।

जिंदाशाह मदार साहब की दरगाह पर आयोजित मेले में मंगलवार को खासी चहल-पहल रही। विदेशी श्रद्धालु भी आए। मंगलवार की रात से ही मेले में जायरीनों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह होते मकनपुर की गलियां जायरीनों से भर गई और चारों ओर दम मदार, बेड़ा पार की गूंज सुनाई देने लगी। दरगाह पहुंचे राजस्थान के कासिम अहमद, तेलंगाना के बिलाल ने बताया कि वह दस वर्षों से दरगाह आते हैं। दूर-दूर से आए लोगों ने दरगाह शरीफ पर जियारत की और चादर चढ़ाई। वहीं बच्चों का मुंडन और कर्णछेदन कराने वालों की भीड़ रही। मेले में उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा पहुंचीं। तहसीलदार तिमिराज सिंह की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।

वसंत पंचमी पर मकनपुर मेले में जियारत के लिए पहुंचे जायरीन। अमृत विचार

जैमर से फेल होंगी इलेक्ट्रानिक डिवाइस

पुलिस भर्ती परीक्षा की निगरानी एसटीएफ करेगी, 24 केंद्रों पर 13 इंस्पेक्टर, 10 दरोगा व महिला इंस्पेक्टर रहेंगी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले के 24 केंद्रों पर आगामी 17 व 18 फरवरी को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा की निगरानी एसटीएफ करेगी। दो दिन में 42000 परीक्षार्थी पहुंचेंगे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी होगी। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम होंगे। केंद्रों पर जैमर लगे होने से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी काम नहीं करेंगी। सभी केंद्रों पर 13 इंस्पेक्टर, 10 दरोगा व महिला इंस्पेक्टर की तैनाती की गई है। साथ ही अफसर भी लगातार इसकी मानिटरिंग करते रहेंगे। पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस की सबसे बड़ी सिपाहियों की भर्ती परीक्षा आगामी 17 व 18 फरवरी को होनी है। इसके लिये उन्नाव में 24 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जहां करीब 42000 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिये भर्ती बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार, केंद्र चयनित कर दिये गये हैं। केंद्रों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां भी लगा दी गयी हैं। साथ ही एसटीएफ की टीम भी इस पर नजर बनाये है। जिससे साल्वरों और परीक्षा में धांधली करने वालों को रोका जा सके। पुलिस अफसरों को भी सख्त निर्देश दिये गये हैं कि परीक्षा में लगे पुलिस कर्मी समय से ड्यूटी पर पहुंचें। परीक्षा दो पालियों में दो दिन होगी। निर्देश हैं कि यदि किसी भी कर्मी की ड्यूटी सम्बंधित लापरवाही मिली तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों पर सीसीटीवी लगाये जायेंगे। उनकी मॉनिटरिंग पुलिस लाइन से होगी। जिसमें इंस्पेक्टर रैंक के कर्मचारी नियुक्त किये गये हैं। जो चार पॉलियों में होने वाली परीक्षा पर नजर बनाये रहेंगे।

बैठक में निर्देश देतीं डीएम अपूर्वा दुबे व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। अमृत विचार

इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने की नहीं है अनुमति

परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होनी है। डीएम अपूर्वा दुबे ने सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये हैं कि व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से पूरी हों। जिससे परीक्षा में किसी प्रकार की समस्या न आये। परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों को अपने साथ किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, कैल्कुलेटर, रूल, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक घड़ी आदि ले जाने की अनुमति नहीं है।

डेढ़ घंटे पहले होगा प्रवेश

17 और 18 अक्टूबर को होने वाली पुलिस भर्ती में बोर्ड की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार सभी केंद्रों पर जैमर लगेगा। जिससे कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस काम नहीं करेगी। इसके साथ केंद्रों पर पहुंचने वाले परीक्षार्थी भी निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले पहुंचेंगे।

एक पाली में 10,500 परीक्षार्थी होंगे शामिल

जिले में 24 परीक्षा केंद्रों में करीब 42 हजार 336 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को आने-जाने में कोई समस्या न हो इस पर भी प्रशासन की ओर से तमाम व्यवस्थाएं की गयी हैं। जाम से बचने के लिये यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त रहेगी। सभी प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस भी मौजूद रहेगी।

बोर्ड परीक्षा में न लगाई जाए परिषदीय शिक्षकों की ड्यूटी, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जूनियर शिक्षक संघ ने डीआईओएस को ज्ञापन देकर बोर्ड परीक्षा में परिषदीय शिक्षकों को ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की है। शिक्षक नेताओं ने कहा कि परीक्षा ड्यूटी की वजह से विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। इसके अलावा जूनियर शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए को भी ज्ञापन देकर जनवरी का वेतन न मिलने सहित समस्यायों के निस्तारण की मांग की।

बता दें कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बोर्ड परीक्षाओं में बड़ी संख्या में परिषदीय शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है। इसे लेकर प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ द्वारा विरोध किया जाता है। बुधवार को उप्र प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह व महामंत्री अनुपम मिश्रा की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने डीआईओएस एसपी सिंह को ज्ञापन देकर बोर्ड परीक्षा में परिषदीय शिक्षकों की ड्यूटी न लगाने की मांग की। इसमें बताया कि शीतकालीन अवकाश व उसके बाद ठंड के कारण परिषदीय स्कूलों में बच्चों की छुट्टी रही। इससे उनका शिक्षण कार्य बाधित हुआ है। यदि ऐसे में बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगाई जाती है तो विद्यालय में पुनः शिक्षण कार्य प्रभावित होगा। प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की समस्यायों को लेकर बीएसए संगीता सिंह को भी ज्ञापन दिया। इसमें जनवरी माह का वेतन दिलाने के अलावा शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान तथा शिक्षणेत्तर कर्मियों को एसीपी दिलाने, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के आवेदन को निस्तारण करने व सेवा पुस्तिकाओं को पूरी करने आदि मांग शामिल रहीं। नेताओं ने समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष उमेश मिश्र, अनूप कुमार आदि रहे।

डीआईओएस को ज्ञापन देते शिक्षक नेता। अमृत विचार

- डीआईओएस व बीएसए को शिक्षक नेताओं ने दिया ज्ञापन

उपमुख्यमंत्री की बुआ का इलाज के दौरान निधन, दौड़ी शोक की लहर

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी

- दो फरवरी को आग तापते समय गंभीर रूप से झुलस गईं थी
- कानपुर के एलएलआर चिकित्सालय में चल रहा था उनका इलाज

अमृत विचार। आग तापते समय गंभीर रूप से झुलसी प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की बुआ का बुधवार को कानपुर के हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर परिजनों व क्षेत्र व जिला वासियों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर उनके आवास पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया।

विद्यावती मिश्रा।

बता दें कि कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की करीब 100 वर्षीया बुआ विद्यावती मिश्रा (सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षिका) नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रानगर में बीती 2 फरवरी को सुबह आग तापते समय गंभीर रूप से झुलस गई थीं। परिजन उन्हें पहले स्थानीय निजी अस्पताल ले गए थे। जहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया था। तभी से उनका इलाज हैलट में चल रहा था। बुधवार दोपहर करीब चार बजे इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। वे डिप्टी सीएम की बुआ होने के अलावा पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा की मां, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा व फतेहपुर चौरासी व्यापार मण्डल अध्यक्ष अमित मिश्रा की दादी भी थीं। उनके निधन की सूचना से कस्बा व क्षेत्र वासियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की सूचना पर लोगों ने उनके आवास पहुंचना शुरू कर दिया।

फतेहपुर चौरासी क्षेत्र स्थित उनके घर पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

किसान की जमीन पर निर्माण प्रधान प्रतिनिधि ने रुकवाया

सफीपुर उन्नाव। चुनावी रंजिश में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा लेखपाल की मिलीभगत से अपने भूमिधरी नंबर पर निर्माण कार्य करा रहे किसान का निर्माण रुकवा दिया गया। पीड़ित किसान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम पंचायत नौबतपुर निवासी रमेश पुत्र पराग ने एसडीएम नवीन चंद्र को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि भूमि संख्या-178 जिसका रकबा 0.013 हेक्टेयर है और वह उसका भूमि धर व बुजुर्गी काबिज भी है। उस भूमि पर वह निर्माण कार्य करा रहा था। जिसे प्रधान प्रतिनिधि हुकुम चंद्र ने चुनावी रंजिश के चलते चकबंदी लेखपाल को बुलाकर रुकवा दिया। पूर्व एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय ने निर्माण रुकवाया था। लेकिन, उनके जाते ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उसे भूमि से बेदखल करने के लिए कूड़ाघर बनवाने का प्रयास कर रहे हैं।

शहीद को पुण्यतिथि पर किया नमन, दी श्रद्धांजलि


शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार


शहीद के चित्र पर माल्यार्पण करते विमल द्विवेदी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। पुलवामा हमले में शहीद हुए अमर शहीद अजीत कुमार की पुण्यतिथि पर विधायक समेत अन्य समाजसेवियों व जनमानस ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी ने शहर के चौरा रोड स्थित शहीद स्मारक में स्थापित शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

वर्ष-2019 में हुए पुलवामा हमले में शहीद हुए शहर के अजीत कुमार आजाद को बुधवार को लोगों ने उनके शहीद स्मारक पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता, नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक व हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी विमल द्विवेदी ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान शहीद आजाद की पत्नी वीर नारी मीना गौतम व प्यारेलाल आदि ने श्रद्धांजलि देने वालों का आभार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस दौरान हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी आदि रहे।

शहीद जवानों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

शुक्लागंज। पुलवामा में शहीद हुये जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिये बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से गंगाघाट कोतवाली के सामने एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने अमर शहीदों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी।कांग्रेस जिला सचिव पुत्तीलाल वर्मा ने कहा कि अमर जवानों का यह बलिदान राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च प्रतिमान है। हमारे राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदानों को हमेशा याद रखा जाएगा। नगर महामंत्री रवि शंकर गुप्ता ने कहा पुलवामा हमले को 5 साल बीत गए लेकिन आज भी यह घटना दिल को इस तरह दहला देती है, जैसे कि यह सब अभी-अभी हुआ हो। नगर महासचिव जयपाल साहू ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा कायराना हमला बहुत निंदनीय है। नगर संयोजक मुन्ना सोनी ने कहा हमारे देश के सैनिक हमारी रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर देते हैं। उनकी यह कुर्बानी कभी भी बेकार नहीं जाएगी। आज पूरा देश उनको नमन करता है। इस मौके पर शुभी सिंह, राजेश रावत, रामकिशोर पाल, दीपचंद वर्मा, आदिल उपस्थित रहे हैं।

तमंचा रखने में आठवीं बार फिर गया जेल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। आसीवन पुलिस ने बुधवार को एक ऐसे शातिर को पकड़ा है जो पूर्व में सात बार तमंचा रखने में जेल जा चुका है। इस बार भी उसके पास तमंचा पकड़ा गया। जिससे पुलिस ने उस पर आर्म्स एक्ट में कार्रवाई कर आठवीं बार जेल भेजा है।

बता दें कि गोरे पुत्र स्व. नरेश पाल सिंह निवासी उमरापुर थाना बघौली जिला हरदोई का निवासी है। बताया जाता है कि उसे बचपन से तमंचा रखने का शौक है। वर्चस्व कायम रखने और आमजन में दहशत बनाए रखने की मंशा से वह अपने पास हमेशा तमंचा रखता है। वह तमंचा रखने में सात बार जेल भी भेजा जा चुका है। इसके अलावा वह पांच बार गांजे के साथ भी पकड़ा गया और जेल गया।

पुलिस गिरफ्त में युवक। अमृत विचार

पगार मांगने पर मजदूर को पीटा वीडियो वायरल

शुक्लागंज-उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग स्थित एक मजदूर ने अपनी पगार के पैसे मांगे। जिस पर बैंड बाजा संचालक ने उसे बुरी तरह से पीट दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

राजधानी मार्ग स्थित एक बैंड बाजा की दुकान में काम करने वाला मजदूर बुधवार दोपहर पगार का पैसा मांगने पहुंचा। जिस पर दुकानदार ने उसकी सरेराह पिटाई कर दी। किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल साइटों पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर लोग प्रतिक्रियाएं देते रहे।

बुलाने पर नहीं आई एंबुलेंस, महिला अस्पताल के गेट पर ही प्रसव

कार्यालय संवादाता उन्नाव

- जिला अस्पताल के गेट पर हुआ प्रसव, पति ने पत्नी को गोद में उठाकर पहुंचाया अस्पताल
- मांगने पर अस्पताल से स्ट्रेचर तक नहीं मिला, सीएमएस बोलीं- देर से घर से निकले

अमृत विचार। समय से एंबुलेंस न पहुंचने पर महिला को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल लाते समय उसका गेट पर ही प्रसव हो गया। आरोप है कि पति को स्ट्रेचर नहीं मिला तो वह पत्नी को गोद में लेकर अस्पताल पहुंचा। इसका वीडियो वायरल हो गया। हालांकि अस्पताल प्रशासन स्ट्रेचर की कमी की बात को नकार रहा है। वहीं नवजात की हालत खराब होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया है।

बता दें कि सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक के आटा-बंथर गांव निवासी महेश की पत्नी अंजू (29) को बुधवार दोपहर प्रसव पीड़ा हुई। इस पर पति महेश ने एंबुलेंस को फोन मिलाया। एंबुलेंस चालक ने उसे अचलगंज सीएचसी ले जाने की बात कही। पति ने उसे बताया कि जिला अस्पताल ज्यादा करीब है। एंबुलेंस के न आने पर वह पत्नी को ई-रिक्शा से लेकर जिला महिला अस्पताल पहुंचा। अस्पताल के मुख्य द्वार पर गर्भवती को पीड़ा होने लगी। पति ने स्टेचर मांगा तो नहीं मिला। इस पर पत्नी को गोद में लेकर उसने महिला अस्पताल के भीतर पहुंचाया। प्रसव के बाद बच्चे की हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर यहां से उसे कानपुर के हैलट रेफर कर दिया गया। सीएमएस डा. संजू अग्रवाल ने बताया कि घर से निकलने में उन्हें देर हुई थी।

पत्नी को गोद उठा कर लाता पति।

सार-संक्षेप

खाद की बोरियों की जांच कर दुकान सील कराने की कार्रवाई करते अधिकारी।

किराना दुकान से बिकती मिली यूरिया, 180 बोरियां बरामद

उन्नाव। जिले में खाद की कालाबाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। इसकी सूचना पर जिला कृषि अधिकारी ने एक किराना दुकन पर औचक छापेमारी की। इस दौरान उन्हें वहां यूरिया की 180 बोरियां रखी मिलीं। अधिकारी ने जब दुकान मालिक से लाइसेंस मांगा तो वह लाइसेंस नहीं दिखा सका। इस पर उन्होंने दुकान को सील करवा दिया। साथ ही दुकानदार पर रिपोर्ट दर्ज कराने की संस्तुति करते हुये डीएम को रिपोर्ट भेजी है। डीएम के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी। बता दें कि जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा को लगातार खाद की कालाबाजारी की सूचना मिल रही थी। शिकायत पर उन्होंने बिछिया में मेसर्स प्रताप किराना स्टोर में छापेमारी की। इस दौरान दुकान के सामने बने एक कमरे में यूरिया की 180 बोरियां रखी मिलीं। दुकान में कोई उपस्थित नहीं मिला तो स्टोर मालिक प्रताप सिंह को फोन कर मौके पर बुलाया गया और पूछताछ की गयी। पूछताछ में मालिक कानपुर फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड की 180 बोरी के बारे में कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका और न ही यूरिया रखने का लाइसेंस दिखा सका। जिस पर यूरिया का नमूना लेकर स्टोर सील कर दिया गया। वहीं प्रताप सिंह पर रिपोर्ट दर्ज कराने की संस्तुति करते हुये रिपोर्ट डीएम को भेजी गयी है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में बड़े दुकानदार से कुछ छोटे दुकानदार खाद की बोरियां लेकर महंगे दामों में बेचने का काम करते हैं। जिसकी शिकायत उन्हें मिल रही थी। इस तरह की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यदि कहीं कोई शिकायत मिलती है तो उसे पर भी कार्यवाही की जायेगी।

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

स्वच्छ भारत मिशन के प्रचार वाहन को किया रवाना

पुरवा। विकासखंड परिसर में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यक्रम के तहत खंड विकास अधिकारी डा. संतोष श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत सहायक विकास अधिकारी उदल सिंह ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसे लेकर बीडीओ ने बताया कि नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, पेयजल, व स्वच्छता समिति को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक अनिकेत वर्मा, सहायक समन्वयक धर्मेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

बद्तर हालात | चोरी और लूट की घटाओं में तेजी से इजाफा, जुआ के फड़ जगह-जगह

अपराध का गढ़ बना सोहरामऊ क्षेत्र, अफसर अनजान

संवाददाता, सोहरामऊ-उन्नाव

अमृत विचार। सोहरामऊ क्षेत्र इन दिनों अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। क्षेत्र में खुलेआम जुएं के फड़ सज रहे हैं। वहीं चोरी व लूट जैसी घटनाओं की भी बाढ़ सी आ गई है। पुलिस के हाल यह हैं कि करीब 47 दिन पूर्व हुई लूट की घटना का आज तक खुलासा नहीं हो सका है।

बता दें कि थानाक्षेत्र के कई गावों व कसबा क्षेत्र रोजाना दोपहर से ही लखनऊ व कानपुर के जुआड़ियों का लग्जरी वाहनों से आना शुरू हो जाता है। जुआ के फड़ों का संचालन अलग-अलग संचालक करते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है ऐसे जुआरी क्षेत्र में दहशत का माहौल भी बनाते हैं। विरोध करने पर वे मारपीट व गालीगलौज पर भी अमादा हो जाते हैं। पुलिस से शिकायत करने भी कोई कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीणों का आरोप है कि इन बुक संचालकों व जुआं के फड़ संचालित करने वालों की पुलिस से मिलीभगत है। जिसके चलते पुलिस भी उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करती है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र जुआं का एक फड़ गांव सरायजोगा के पास वन विभाग के जंगलों में चलता है वहीं दूसरा गांव सहरावां के पास स्थित एक बाग में और तीसरा फड़ सई नदी के पास संचालित हो रहा है। इनमें लखनऊ, कानपुर व उन्नाव से खिलाड़ी आते हैं। इन फड़ों के संचालन से एक ओर जहां गांव के पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है वहीं दूसरी ओर चोरी व लूट जैसी घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

बीते दिनों थानाक्षेत्र में हुईं प्रमुख चोरियां

- 16 जनवरी : क्षेत्र के गांव आदमपुर हड़ैया में प्रताप नारायण द्विवेदी, धर्मेंद्र मिश्र व श्याम सुंदर के घर पांच लाख की चोरी, खुलासा नहीं।
- 23 दिसंबर : आशाखेड़ा गांव में रामसुघर के घर 4 लाख की चोरी हुई। 24 फरवरी को उसकी बेटी की शादी थी। रिपोर्ट के लिए पुलिस उसे महीनों दौड़ाती रही। घटना का खुलासा नहीं।
- 2 नवंबर : सोहरामऊ थाना में तैनात महिला कांस्टेबल के आवास पर चोरी।
- 14 नवंबर : थानाक्षेत्र के लच्छी पुर गांव में विद्यासागर पुत्र जगन्नाथ के घर चोरी।
- 3 नवंबर : थाने के सामने विनोद पुत्र राधेलाल लोहार की वेल्डिंग की दुकान में चोरी।
- 9 अक्तूबर : थानाक्षेत्र के गांव महानौरा निवासी बजरंगी रैदास के घर चोरी।

ग्रामीणों के अनुसार, यह चोरियां तो पुलिस रिकार्ड में दर्ज हैं। जबकि, दर्जनों ऐसी चोरियां हैं जो पुलिस रिकार्ड में ही नहीं हैं। लेकिन किसी भी चोरी का खुलासा सोहरामऊ पुलिस आज तक नहीं कर पाई है।

- क्षेत्र में खुलेआम सज रहे जुएं के फड़, चोरी व लूट की घटनाओं की आई बाढ़

47 दिन बाद भी लूट का नहीं हो सका खुलासा

बीती 29 दिसम्बर को सोहरामऊ थानाक्षेत्र के निवासी स्वर्णकार सियाराम सोनी जो फेरी व बाजार में दुकान लगाकर घर लौट रहा था। तभी बाइक सवार तीन लुटेरे स्वर्णकार से तमंचे के बल पर सामान से भरा बैग छीन कर भाग गए थे। घटना को लेकर संदिग्धता जताने वाली पुलिस ने पीड़ित की लगातार फरियाद के बाद रिपोर्ट दर्ज की थी। लेकिन आज तक घटना का खुलासा नहीं हो सका है।

आग से झुलसे युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली अंतर्गत बीती आठ फरवरी को आग जलाते समय झुलस कर गंभीर घायल हुए युवक ने देररात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसकी मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बाकी गांव निवासी सलाऊद्दीन (38) पुत्र हबीब हसन बीती आठ फरवरी की देरशाम घर में आग तापने के लिए लकड़ी जला रहा था। लकड़ी गीली होने से उसने ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया। इससे अचानक आग की तेज लपट उठी और वह झुलस गया। इस पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए थे। हालत में सुधार न होने पर उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत, पांच घायल

फतेहपुर चौरासी, औरास, बांगरमऊ व आसीवन क्षेत्रों में हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- दो हादसों में चार लोग हुए गंभीर रूप से घायल
- पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी व औरास थानाक्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घटना की जानकारी के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। इसके अलावा बांगरमऊ व आसीवन क्षेत्र में हुए हादसों में चार लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजने के साथ शव पोस्टमार्टम को भेजे हैं।

दिवंगत मजदूर।

केस 01 औरास : थानाक्षेत्र के रामपुर खंझडी गांव निवासी राम कुमारी (83) पत्नी सुंदरलाल तिवारी बुधवार को लखनऊ से अपने पौत्र गौरव के साथ बाइक से गांव लौट रही थी। तभी औरास क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर सरधोही गांव के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें पीछे बैठी वृद्धा नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गई। उसे सीएचसी औरास लाया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

केस 02 हसनगंज कोतवाली अंतर्गत मौलाबाकीपुर गांव निवासी श्रीकृष्ण (50) मंगलवार शाम सात बजे फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अख्त्यारपुर से खाने का सामान लेकर वापस दुगवां गांव लौट रहा था। कालीमिट्टी-दबौली मार्ग पर बहादुर खेड़ा गांव के पास पीछे से आई दूसरी बाइक उसकी बाइक से टकरा गई। इसमें श्रीकृष्ण गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। दिवंगत युवक दुगवां में बन रहे धर्मकांटा पर मजदूरी करता था। उसकी मौत से पत्नी सुनीता, बेटे अनूप, रूप सिंह व सचिन रो-रोकर बेहाल हैं। दिवंगत के बेटे अनूप की तहरीर पर बुधवार को बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

केस 03 बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव पलिया निवासी महेश पुत्र अयोध्या प्रसाद व गांव हयात नगर भौरा निवासी दानिश पुत्र जफ़र पुट्टी कारीगर हैं। दोनों नगर में ही काम कर रहे हैं। बुधवार शाम काम निपटाकर दोनों एक साइकिल से अपने घर जा रहे थे। तभी रास्ते में संडीला मार्ग स्थित सहदानी मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से साइकिल सवार कारीगर सड़क पर जा गिरे। इसमें दोनों को गंभीर चोटें आईं। उन्हें एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसी तरह एक अन्य हादसे में हरदोई जिला के कस्बा बिलग्राम निवासी शबाना पत्नी जावेद व फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव हिंदूपुर निवासी जयनारायण पुत्र गिरजा शंकर भी गंभीर घायल हो गए।

केस 04 आसीवन। न्यू हैदरगंज चौक लखनऊ थाना ठाकुरगंज निवासी भारत पुत्र नीलूराम व शुभम बाइक से दोस्त की शादी में सफीपुर जा रहे थे। तभी लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित किरमिली मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने भारत को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले गये हैं।

बजरंगबली ब्रह्मचारी को याद करते लोग। अमृत विचार

पुण्यतिथि पर ब्रह्मचारी जी को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में महामंडलेश्वर ब्रह्मलीन स्वामी बजरंगबली ब्रह्मचारी जी की 13वीं पुण्यतिथि मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मौजूद वाक्ताओं ने बताया कि ब्रह्मलीन स्वामी बजरंगबली जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वाक्ताओं ने बताया कि ब्रह्मचारी जी ने अपना पूरा जीवन ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना को विकसित करने में लगाया।

ब्रह्मचारी जी ने धार्मिक उत्थान के समर्पण को ध्यान में रखकर सन 1967 में बद्रीनाथ केदारनाथ धाम ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया गया। स्थानीय परियर आश्रम में भी वे प्रबंधक रहे। धार्मिक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ सामाजिक एवं राजनीतिक शुचिता को आगे बढ़ाने में ब्रह्मचारी जी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। 1967 में जनसंघ पार्टी से विधायक भी रहे। कई बार लोकसभा चुनाव भी लड़ा। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जहां आने जाने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। श्रद्धांजलि सभा में विधायक भगवंत नगर आशुतोष शुक्ला, अंजनि अग्निहोत्री, ओमप्रकाश मिश्रा, अंजनिकांत मिश्र, अवनीश शुक्ला, ओमप्रकाश दीक्षित, अशोक तिवारी, विजय शंकर तिवारी, उमाशंकर यादव, संतोष मिश्रा, राम नारायण द्विवेदी, शिवसरन अग्निहोत्री, आदित्य त्रिपाठी, सोनी शुक्ला, दुर्गा तिवारी, प्रत्यय गुप्ता, अनुज तिवारी, योगेन्द्र देव त्रिपाठी, अमित पाण्डेय मौजूद रहे।

जाम देख कनपुरिया बोले- शुक्लागंज आने लायक नहीं

शुक्लागंज उन्नाव । बुधवार को बसंत पंचमी होने के कारण उन्नाव, कानपुर के अलावा दूर दराज से लोग राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर और बालूघाट स्थित गायत्री मंदिर में दर्शन करने के लिये पहुंचे। जहां नवीन पुल के संकरे रास्ते के कारण सुबह से लेकर देर शाम तक कई बार भीषण जाम लगता रहा। जाम में फंसे उन्नाव और कानपुर से आने वाले श्रद्धालु यही कहते दिखाई पड़े कि शुक्लागंज अब आने लायक नहीं रहा।

नवीन पुल के संकरे रास्ते और बुधवार को बसंत पंचमी होने के कारण नवीन पुल पर वाहनों का अधिक भार रहा। जिस कारण सुबह नौ बजे से एक बजे तक नवीन पुल से लेकर फोरलेन सब्जी मंडी तक दोहरी, तिहरी कतारों में ई रिक्शा, टेंपो, कारब, बाइक, साइकिल, लोडर के अलावा अन्य वाहन सवार खड़े रहे। वहीं बसंत पंचमी होने पर अधिकांश लोग गायत्री मंदिर अपने वाहनों से पहुंचे। जिस कारण पुल के वैकल्पिक मार्ग से वाहन निकालते रहे। जिस कारण दोपहर से लेकर देर शाम तक नवीन पुल पर भीषण जाम लगा रहा। जाम के कारण हर कोई कराह उठा। वहीं गंगाघाट कोतवाली पुलिस भी जाम हटवाने के लिये पूरे दिन एक पैर पर खड़ी रही। जाम टस से मस नहीं हुआ।

सार-संक्षेप

शिविर में मरीजों का परीक्षण करते डाक्टर। अमृत विचार

रोटरी क्लब के स्वास्थ्य शिविर में 470 मरीजों का परीक्षण

शुक्लागंज उन्नाव। बुधवार को रोटरी क्लब कानपुर सनराइज व मधु होम्यो केअर के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां सुबह से दोपहर तक मरीजों का कतारें लगी रही। इस दौरान 470 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें नि :शुल्क दवाइयां दी गई। बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के पास रोटरी क्लब कानपुर सनराइज व मधु होम्यो केअर के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जहां नगर व आस पास क्षेत्र में रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान शिविर में मौजूद डा. एस के शुक्ला, डा. ओम प्रकाश, डा. आरती मिश्रा, डा. प्रिया सिंह, डा. निखिल चौहान ने मरीजों का परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्हें नि :शुल्क दवाइयां दी गई। अध्यक्ष रो. योगेन्द्र देव त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में बीपी, शुगर, हृदय, सांस, चर्म रोग, बुखार, खांसी, जुकाम के अलावा महिलाओं से संबंधित 470 मरीजों का परीक्षण किया गया है। वहीं डा. निखिल ने बताया कि वह पूरे जिले में 100 नि :शुल्क मेडिकल कैंप करेंगे। यह उनका पहला कैंप है। इस मौके पर सचिव रो. सीताराम अग्रवाल, अंकुर शुक्ला, राहुल तिवारी, हर्षित त्रिपाठी, अम्बुल मिश्रा, मनीष गौतम, महेश मिश्रा, सिराज मुस्तफा, अवनीश, विनीत, वैभव सविता मौजूद रहे।

मां सरस्वती की वंदना करते सरोज सरस्वती के बच्चे। अमृत विचार

स्कूलों में मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा अर्चना

शुक्लागंज उन्नाव। बुधवार को बसंत पंचमी पर्व को देखते हुये गंगा नगर स्थित सरोज सरस्वती शिशु मंदिर में मां सरस्वती की पूजा अर्चना हुई। जिसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, केदार तिवारी, राकेश कुमार, डॉ. अनुपम सिंह, डॉ मोतीलाल कटियार, सुभाषिनी, अल्का, दुर्गा तिवारी, जागृति पांडे आदि तमाम मौजूद रहे। वहीं चंपापुरवा स्थित शिवांश कान्वेंट स्कूल में विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रेमलता कुशवाहा, शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्कूल के बच्चों के साथ ही आचार्यों ने विधि विधान से मां सरस्वती की पूजा अर्चना कराई। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं अंबिका प्रसाद स्कूल में प्रबंधक अजय त्रिवेदी, प्रधानाचार्या डेफनी लेम्यूर ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके अलावा शिवम कान्वेंट में अंकुर शुक्ला, पूर्णिमा विद्या मंदिर, संत विवेकानंद स्कूल, महार्षि दयानंद पब्लिक स्कूल सहजनी, पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, डीएसएम पब्लिक स्कूल, विवेकानंद स्कूल के अलावा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में विधि विधान से मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर प्रसाद बांटा गया।

स्कूलों में हुए रंगारंग कार्यक्रमों में बच्चों ने मोहा मन

बांगरमऊ उन्नाव। वसंत पंचमी पर नगर के स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का प्रदर्शन देख दर्शक तालियां बजाने को मजबूर हो गए। नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आरआरडीएस स्कूल में बुधवार को बसंत पंचमी पर रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रबंधक पीके सैनी के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सास्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। विधायक श्रीकांत कटियार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके अलावा गल्ला संघ सरस्वती शिशु मंदिर और बाल विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर के तिकोनिया पार्क के सामने स्थित एक अतिथि गृह में मनमोहन सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर सैकड़ों अभिभावकों सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

चोरी के ई-रिक्शा के साथ दो पुलिस के हत्थे चढ़े

शुक्लागंज उन्नाव। पुलिस ने दो चोरों को पकड़कर उनके पास से चोरी का ई रिक्शा बरामद किया। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि श्री नगर निवासी नितिन गुप्ता का ई रिक्शा 18 जनवरी को घर के बाहर से चोरी हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इधर बुधवार को एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस मुखबिर की सूचना पर बदरका चौराहे के पास निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास पहुंची। जहां पुलिस ने चोरी का ई रिक्शा खड़ा देखा।

एक नजर

बच्ची से दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी बच्ची से दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामित सलमान पुत्र सलीम उर्फ माहिया व रहीस पुत्र रफीक को अजगैन गांव के मजरे छतईखेड़ा के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि दोनों बीते एक माह से फरार चल रहे थे।

कार की टक्कर से बच्चा हुआ घायल

शुक्लागंज। बुधवार दोपहर मरहला चौराहे के पास पैदल जा रहे एक बच्चे को कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। ऐरा भदियार निवासी रमेश की 13 वर्षीय बेटा राजू मरहला चौराहे के पास पैदल जा रहा था। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े। जिस पर कार सवार बच्चे को इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजन घंटों मरहला चौराहे पर बच्चे का इंतजार करते रहे। काफी देर तक वह वापस नहीं आया। परिजन परेशान हो गये।

शीघ्र चालू होगी नई सरैयां क्रासिंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर बन रहे आरओबी के कार्य की हकीकत देखने के लिये बुधवार दोपहर नई दिल्ली से चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अपनी टीम के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने कार्य का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सरैयां क्रासिंग के शिफ्टिंग का कार्य देखा। उन्होंने बताया कि दो से तीन दिन के भीतर क्रासिंग शिफ्ट हो जायेगी। जिसके बाद रेलवे अपना काम तेजी से करायेगा और जून तक पिलर का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

सरैयां रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम के कारण रेलवे का काम पिछड़ रहा है। जिसे देखते हुये उसके बगल में दूसरी नई क्रासिंग बनवाई गई है। जिसका काम लगभग पूरा हो चुका है। सिग्नल का कुछ काम बाकी है। वहीं रेलवे द्वारा बनाये जा रहे चार पिलर का कार्य पिछड़ने पर बुधवार दोपहर नई दिल्ली से आये चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर एसके सपरा, मुख्य परियोजना प्रबंधक अशीष श्रीवास्तव, अस्टिंट इंजीनियर अनिल कुमार के साथ सरैयां आरओबी पहुंचे। जहां उन्होंने नई रेलवे क्रासिंग का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि क्रासिंग के कार्य में तमाम तकनीकी काम होते हैं। जिस कारण विलंब हुआ है। दो-तीन दिन पुरानी क्रासिंग बंद कर दी जायेगी और नई क्रासिंग चालू हो जायेगी। क्रासिंग चालू होने के बाद तेजी से रेलवे का कार्य शुरू कराया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जून माह तक रेलवे अपने चारों पिलर, कंक्रीट का काम पूरा लेगा। जिससे बरसात के दिनों में पिलर के काम में कोई अड़चन न आ सके। इसके साथ ही जून के बाद स्टील और गार्डर ढालने का काम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उन्हें मालूम है कि यह मार्ग और क्रासिंग से यातायात का भार अधिक है इसलिये इस कार्य को जल्द पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रेलवे आरओबी बन रहा है।

आरओबी स्थल पर टीम के साथ चर्चा करते चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर।

सिर पर बट मारकर सर्राफ से लूटा जेवर और नकदी

संवाददाता, पुरवा-उन्नाव

- घायल ज्वैलर्स को लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया

अमृत विचार। दुकान बंद कर रात में घर जाते समय एक सर्राफा व्यवसाई के सिर पर तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया और ज्वैलरी भरा बैग के साथ नकदी लूट ली। पीड़ित को लहूलुहान हालत में मौरावां पुलिस ने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से उसे गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया। सूचना मिलने पर एएसपी व सीओ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया।

मौरावां थाना क्षेत्र के गांव मोहिद्दीनपुर निवासी सर्राफा व्यवसाई अमित सोनी उर्फ विक्की पुत्र राजू सोनी की असगरगंज चौराहे पर ज्वैलरी शॉप है। बुधवार रात करीब दस बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर के लिए निकला था। तभी उसे गांव निवासी युवक फुरकान मिल गया और साथ में बाइक में बैठकर चल दिया। व्यवसाई सोने चांदी की ज्वैलरी से भरा बैग व नकदी लेकर घर लौट रहा था। तभी दुकान से लगभग 200 मीटर दूर रास्ते में एक कार खड़ी थी। उसी के पास पीछे से पहुंचे तीन स्कूटी सवार लुटेरों ने उसे रोक लिया। उनमें से एक ने किसी वजनी चीज से अमित सोनी के सिर पर वार कर दिया। जिससे अमित गिर गया और लुटेरे जेवरात व नकदी से भरा बैग लूटकर भाग गए। लूट की सूचना पर मौरावां एसओ भवन सिंह मौर्य मौके पर पहुंचे और घायल अमित को मौरावां स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उसकी हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर सीओ सोनम सिंह ने घटनास्थल पहुंच जांच शुरू की। लूट की सूचना पर एएसपी भी मौके पर पहुंचे और ज्वैलर्स के साथ बाइक पर बैठे फुरकान से जानकारी ली।

वेलेंटाइन-डे पर बुके देकर किया प्रेम का इजहार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। वेलेंटाइल-डे पर युवा से लेकर नव दंपति तक वेलेंटाइन-डे पर दिल जीतने के लिए उन्हें गिफ्ट, गुलाब, बुके देते दिखाई पड़े।

फरवरी शुरू होते ही प्रेमियों में उत्साह देखते ही बनता है। एक सप्ताह के दौरान पड़ने वाले विभिन्न दिनों में प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को रिझाने में लगे रहते हैं। वहीं मंगलवार को वेलेंटाइन को देखते हुए सुबह से ही आजाद मार्ग, बैराज मार्ग, हाइवे, नवीन पुल से युवक बाइकों में फर्राटे भरते नजर आये। युवकों ने प्रेम के इजहार में कसर नहीं रखी। दुर्गा मंदिर के पास गुलाब खरीदने के लिये युवाओं को देखा गया। वहीं वेलेंटाइन-डे अविवाहित जोड़ों तक ही सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्होंने एक दूसरे को गुलाब का फूल देकर वेलेंटाइन डे मनाया। कुछ ने मिठाई खिलाकर अपने प्रेम का इजहार किया। सरैयां वाटिका पार्क के आास पास भी प्रेमी युगल दिखाई पड़े।

वैलेंटाइन डे पर रेड रोज खरीदता युवक। अमृत विचार

पत्नी को बुके भेंट करता पति।

अंगौछे से गला कसने से युवक की मौत

परियर। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सदमपुर गांव निवासी पप्पू (44) पुत्र अभिमन्यु सिंह बुधवार देरशाम करीब साढ़े 5 बजे आम के पेड़ में दवा का छिड़काव कर रहा था। तभी अचानक उसका पैर पिसल गया और उसके गले में पड़ा अंगौछा दूसरी डाल में फस गया। जिससे उसकी गर्दन कस गई। परिजन उसे नजदीक के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर सात साल कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली में दर्ज मामले की अंतिम सुनवाई के बाद आए फैसले में कोर्ट ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए पति को दोषी माना है। इसमें उसे सात साल के कारावास के साथ 25 हजार का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।



बता दें कि फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सादुल्लापुर गांव निवासी शिवलाल पुत्र स्व. जयराम ने 28 जुलाई -22 को दामाद संतोष, उसकी मां व बहन के विरुद्ध सफीपुर कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि उसने अपनी बेटी पिंकी की शादी दो वर्ष पूर्व सफीपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी संतोष से की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुरालीजन उससे मारपीट करते थे। प्रताड़ना से ऊब कर बेटी मायके आ गई। रिश्तेदारों के बीच पति माफी मांगकर बेटी को विदा करा ले गया था। 28 जुलाई 22 की शाम बेटी का शव ससुराल में आंगन में फांसी के फंदे से लटका मिला था। पिता ने बेटी की हत्या कर खुदकुशी साबित करने का आरोप लगाया था।

धूमधाम

नौ कुंडीय हवन-पूजन के साथ मनाया पर्व, दुर्गा मंदिर में उमड़ा भक्तों का हुजूम

वसंत पर गायत्री शक्तिपीठ में हुए संस्कार, दुर्गा मंदिर में बंटा खजाना

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बुधवार को नगर में बसंत पर्व धूमधाम से मनाया गया। बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर हर वर्ष की भांति बसंत पंचमी पर्व पर नौ कुंडीय हवनपूजन के साथ विभिन्न संस्कार सम्पन्न हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर वेदियों में आहूतियां डाली।

हिंदू धर्म के अनुसार बसंत पंचमी पर्व का बहुत महत्व होता है। इस पर्व पर लोग बिना मुहूर्त निकाले ही शुभ कार्य की शुरूआत कर देते हैं। बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर बसंत पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर प्रागंण में सुबह से ही ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा विधि विधान से प्रारंभ की गई। इसके साथ ही कई मांगलिक संस्कार भी सम्पन्न कराये गये। इस मौके पर मंदिर में विभिन्न संस्कारों को आचार्यो द्वारा सम्पन्न कराया गया। इसके साथ ही यज्ञोपवीत, दीक्षा संस्कार, विद्यारम्भ, अन्नप्रासन, विवाह व मुंडन संस्कार समेत तमाम कार्यक्रम दिनभर चलते रहे। सुबह से ही शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर गायत्री देवी के अलावा सरस्वती जी की पूजा अर्चना की। इस बात की जानकारी रामचंद्र गुप्ता ने दी। इसके अलावा नगर के हजारों की तादात भक्तों ने बसंत पर्व को लेकर राजमार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की पूजा अर्चना करके अपने को कृतार्थ किया। कई वर्षो से चली आ रही परम्परा के तहत मंदिर से खजाना वितरण का कार्यक्रम भी सम्पन्न किया गया। इस मौके पर आदित्य सिंह, सुशील सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, प्रदीप शुक्ला, विजय करन, चक्रपाणि मिश्रा, अमित गुप्ता आदि रहे।

दुर्गा मंदिर में दर्शनों को लगी श्रद्धालुओं की लाइन। अमृत विचार

गायत्री मंदिर में बटुकों का होता उपनयन संस्कार। अमृत विचार

कल्याणी मंदिर में आयोजित हुआ भंडारा

उन्नाव। शहर में श्री मां कल्याणी मंदिर सेवा समिति द्वारा वसंत पंचमी के अवसर पर कल्याणी देवी मंदिर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग व श्री शनिदेव मंदिर की स्थापना दिवस के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में जिले के तीन स्थानों में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में समिति द्वारा मां कल्याणी के आशीर्वाद रूप में साड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान सुशील तिवारी गुड्डा, श्याम तिवारी, पीके मिश्रा, नयन, सर्वेंद्र सिंह खुन्नू आदि उपस्थित रहे।

भंडारे में प्रसाद लेते भक्त। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

फिर किसान आंदोलन

चुनावों से पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन करना कोई नई बात नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह तरीका संविधान सम्मत नहीं है। बीते दो दिनों से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की बराबर कोशिश कर रहें हैं। धारा-144 लगाकर शंभू बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती और पुख्ता इंतजाम करके किसानों को रोकने की कोशिश जारी है। इस दौरान किसानों की पुलिस से कई बड़ी झड़पें भी हो चुकी हैं। सही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, लेकिन किसानों को भी यह सोचना है कि बिना किसी उपद्रव के संवैधानिक तरीके से अपनी बात को मजबूती के साथ रखें। यहां इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व भी अपनी जमीन तलाश रहें हैं जिनका मंसूबा हमेशा से देश को अस्थिर करने का रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2021 में कृषि कानून के विरोध में आंदोलन चल रहा था, तब 26 जनवरी को दिल्ली के कई इलाकों खासकर लालकिला पर खूनी हिंसा का खेल खेला गया था जिसमें पुलिस अधिकरियों समेत कई जवान हिंसा का शिकार हुए थे।

आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को कृषि मंत्री अनुराग ठाकुर की किसानों से वार्ता हुई, लेकिन वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यहां एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सहमत हुआ जा सकता है, लेकिन कृषि ऋण माफी और पेंशन की मांग से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। क्योंकि पूर्व में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें कृषि ऋण माफी की आड़ में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि कार्यों के नाम पर कर्ज लिया गया, लेकिन उसका उपयोग कृषि कार्यों में न करके व्यक्ति कार्यों में किया जाने लगा। इस तरह कृषि ऋण को उपभोग की वस्तु बना लिया गया है। इसी प्रकार पेंशन संबंधी मांग से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि खेती एक व्यावसायिक कार्य है, जो निरंतर चलता है। साथ ही एक बात और गौरतलब है कि किसानों की आय पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं है। वर्तमान में हो रहे किसान आंदोलन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या शुरू हो चुकी है जिससे जनजीवन तो प्रभावित हो रहा है, साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनरत किसानों को समझना होगा कि वे अपना प्रदर्शन बेशक जारी रखें, लेकिन देश की संपत्ति और जनमानस को प्रभावित किए बिना प्रदर्शन करें।

संस्मरणात्मक विरासत बनाती पुस्तक मेलों की संस्कृति

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है।

दिल्ली और अपने घर के आसपास के संस्थानों में लगने वाले पुस्तक मेलों में पचासों बार गया हूं। मेरा मकसद साहित्यिक विमर्श और वैचारिक आदान-प्रदान नहीं होता। इसके लिए पुस्तक मेला बिल्कुल अनुपयुक्त स्थल है। बेचने के लिए ही पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। प्रकाशकों से पहचान हो जाना और पुस्तक लेखन की योजना पर आंशिक चर्चा होना भी संयोग समझिए। पुस्तक मेले में मंथर गति से चलते हुए,सुबह से शाम तक पुस्तकें छांटना और अपनी पसंद की क्वालिटी पब्लिकेशंस खरीदना बहुत समय साध्य है। हर एक मनुष्य अपनी फाइनेंसियल और बौद्धिक क्षमता के अनुसार यहां आकर पुस्तकें खरीद सकता है।

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है। वह समय सन् 1970 बीतते गया जब हिंदी भाषा के प्रकाशन ओरिजिनल हुआ करते अध्येता परिश्रम से इनमें ऐतिहासिकता,क्रिटिकैलिटी,विमर्श और इंटरप्रिटेशन की टाइपोलॉजी को उच्च स्तर पर रखा करते जैसे कि आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल के निर्देशन में अम्बा प्रसाद 'सुमन' जी की बृज क्षेत्र की कृषि शब्दावली। किताब तब खरीदी जाती है जब इसे लेने के लिए रुपया और रुचि दोनों मौजूद हैं। पढ़ने की ललक है और घर में रखने के लिए पर्याप्त स्पेस है। मंथर गति से चलने पर भी पुस्तक मेले में अवलोकन करते हुए थकान हो जाती है। करीब सात-आठ बार मेले में आने से तृप्ति होती थी। इस प्रक्रिया के चलते कुछेक बेहतरीन पुस्तकों और जर्नल्स का अच्छा कलेक्शन किया जा सकता है। मेरे निजी पुस्तकालय में पुस्तकों और जर्नल्स को देख-देख कर मुझे आनंद का अहसास होता रहता है। जीने की अनेक कलाओं में यह भी है। पुस्तकों को देखने मात्र से मिलने वाले आनंद के सहारे जिंदगी मजे से चल रही है। जब कुछ लिखता हूं तो इन्हें संदर्भ के लिए देख कर तसल्ली भी कर लेता हूं कि जो लिखा है वह त्रुटिपूर्ण तो नहीं है। हिंदी मीडिया के लिए लिखते समय संदर्भ का हवाला लेख की बॉडी में ही देना होता है और ऐसा

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है।

करने से लगता है कि यह मात्र विचार संप्रेषण नहीं है,बल्कि सबूत और संदर्भ के कारण इसे शोधपूर्ण भी बनाया गया है। लेखन चाहे पोलिटिको-सोशल हो या सोशियो-इकॉनोमिक, साइंटिफिक हो या सोशियो-साइंटिफिक या खेल से सम्बंधित,यह हर हाल में ऑथेंटिक होना चाहिए और चेंज एवं ट्रेंड्स को दिखाने वाला। लेखन को गहन, संयमित और संतुलित बनाकर इसे मानव ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसा आभास हमें पुस्तकों के अध्ययन से खासतौर से आत्मकथाएं पढ़ कर हासिल होता है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है। लाहौर के एक बड़े प्रकाशक 'फिरोज पब्लिशर्स' से मैंने एक बार बीसियों टाइटल्स खरीदे। वे मुझे आधे दाम में पड़े। ये सभी किताबें पाकिस्तान की ज्योग्राफिकल, आर्किटेक्चरल, आर्टिस्टिक, इंडस्ट्रियल क्राफ्ट्स और कल्चरल हिस्ट्री से संबंधित हैं और अब लगभग अप्राप्य हैं। पाकिस्तान के भिन्न ज्योग्राफिकल रीजन्स की कॉस्ट्यूम और फलों पर भी किताबों के टाइटल्स फिरोज पब्लिशर्स के कैटेलॉग में दर्ज थे,लेकिन किताब उपलब्ध नहीं थी। कहा कि अगले पुस्तक मेले में ले आएंगे। फिर वे कभी नहीं आए। जनाब शुएब राजा जो कि फिलवक्त डेरा गाजीखान में स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के मार्फत मुझे मालूम हुआ कि इन बुजुर्ग का काफी साल पहले इंतकाल हो चुका है। पुस्तक मेलों पर बहुत लेख मैंने पढ़े हैं,लेकिन एकाध लेखक ही ऐसा रहा होगा जो व्यक्तिगत शैली में जज्बाती होकर खुद के अनुभव लेख के जरिए साझा करता है। पुस्तकों को कभी एक उड़ती सी नजर से नहीं देखना चाहिए। मैं इसे ज्ञान की अवमानना मानता हूं। पुस्तकों में बंद ज्ञान को आत्मसात करने से आनंद चौगुना हो जाता है। मुझे तो जब कोई भी रेयर बुक अफोर्डेबल लगती है तो मुझे इस कीमती चीज का मालिक बन जाने से कौतुक और गर्व महसूस होता था। कुछ लाजवाब टाइटल्स केवल एक बार ही छपते हैं। इनका फुल-टेक्स्ट, पीडीएफ संस्करण भी सुलभ नहीं है। आप सजग नहीं और यह आपकी रुचि के बेहद करीब है तो समझिये कि एक खजाना हाथ से निकल गया। उदाहरण के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी ने 'इंडियन लिट्रेचर' जर्नल का जनवरी-फरवरी 2024 का ताजा अंक भारतीय विज्ञान कथा साहित्य को समर्पित किया है। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरु विश्व विद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर जी.जे.वी. प्रसाद ने चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कुछ दिन पहले साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित इस जर्नल के अंक में भारतीयों द्वारा लिखे गए विज्ञान कथा साहित्यिक सामग्री के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणी प्रकाशित की है। इस संग्रह में जौनपुर के डॉ.अरविंद मिश्र की भी एक कहानी है। पढ़कर मैं उत्सुक हुआ और 10 फरवरी को मेरा बेटा जब पुस्तक मेले में गया तो इसकी एक प्रति वह ले आया इसमें दी गई कुछ कथाएं मैंने पढ़ ली हैं। सन् 1980 से ही विज्ञान कथा साहित्य मैं पढ़ता रहा हूं। जाहिर है उस समय भारत में विज्ञान कथा लेखन बहुत नहीं होता था,लेकिन दसेक साल से इसमें बढ़ोतरी हुई। इसे महिला और पुरुष दोनों लिख रहे हैं और ये सब पश्चिम के विज्ञान कथा लेखन से कुछ मायने में इसलिए भिन्न हैं कि इसमें पात्र, घटनाएं और विषय वस्तु लीक से हटकर है। शैली भी भिन्न है और कुछ तो आत्म कथात्मक है।

इससे पहले मैंने अमेरिकन पल्प साइंस फिक्शन, ब्रिटिश, पोलिश, रशियन और फ्रेंच (दोनों भाषाओं से अंग्रेजी जुबान में अनूदित) विज्ञान कथाएं और उपन्यासों के अलावा विज्ञान कथा साहित्य की थ्योरी और लिट्रेरी क्रिटिसिज्म को खूब पढ़ा है। जाहिर है विज्ञान कथा साहित्य को अब एक लिट्रेरी विधा मानकर भारतीय लेखक इस पर ध्यान दे रहे हैं। इसके पाठक भी हैं। कुछ महीना पहले हिंदी की पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने विज्ञान कथाओं को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया था। पुस्तक मेले में लोकरुचि शैली में वैज्ञानिक विषयों के बारे में सौ से अधिक टाइटल्स तो नेशनल बुक ट्रस्ट ने ही अब तक प्रकाशित किए हैं। विज्ञान कथा साहित्य प्रकाशित करने के बारे में भारतीय प्रकाशकों की रुचि अब बढ़ रही है। परंपरागत साहित्य में लोगों की रुचि घट रही है। इसलिए डाइवर्सिटी के बतौर विज्ञान कथा साहित्य का प्रकाशन एक सुखद बात है। हिंदी भाषा में आजकल बहुत ही शानदार और प्रभावपूर्ण टाइटल्स, साहस यात्रा, एंथ्रोपोलॉजी, एथ्नोग्राफी, पॉपुलर साइंस, एजुकेशन, संस्मरण, जीवनी, ज्योग्राफी, ट्रेवल, भाषा और मनुष्य समाज की सोशियोलॉजी के बारे में आ रहे हैं। इन्हें पढ़कर हमारी समझ में जो इजाफा होता है,वही हमारी संस्मरणात्मक विरासत है। पारंपरिक ट्रेवल राइटिंग हिंदी में अब घुमक्कड़ी साहित्य हो गया है,परंतु जो मॉडर्न है वह राहुल संकृत्यायन जैसे यायावरों की लेखन शैली और कथ्य से अभी कुछ दूर है,लेकिन इससे भी पहले ब्रिटिश राज के समय में लिखा गए सर्वे, मिलिट्री, व्यापारिक और एथनोग्राफिक प्रकृति के यात्रावृत्तों की लेखन शैली का और उसी समय के कुछ भारतीय यायावरों के संस्मरण संबंधी पुस्तकें डिटेल्स में गजब की थीं। ऐसी पुरानी पुस्तकों के नवीन संस्करण पुस्तक मेलों में नहीं लाए जाते जबकि कॉपीराइट समाप्त होने से इनका पुनर्प्रकाशन मूल भाषा के अलावा हिंदी में अनूदित रूप में संभव है। इनमें बृहत्तर भारत की वह जानकारी है जो अब दुर्लभ है। रुचि अनुसार हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं,लेकिन कहना चाहूंगा कि प्रांतीय सरकारों के वित्तीय अनुदान से चलने वाली ग्रंथ अकादमियों द्वारा सन् 1950 और 1960 आदि दशक तक प्रकाशित की गई पुस्तकों के अलावा सन् 1965 से लेकर 1990 तक प्रांतों की साहित्य अकादमियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी अपने देश और लोगों से संबद्ध शानदार पठनीय सामग्री नियमित रूप से मामूली कीमत पर सुलभ कराती रहीं। बिहार राज्य की ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित 40-50 वर्ष पहले छापी गई। अनेक पुस्तकों की गुणवत्ता श्रेष्ठ थी जिनमें से मैंने दो-चार खरीदी थीं। असल में जैसी पुस्तकें मेरे जैसे व्यक्ति खरीदने और पढ़ने की उत्सुकता बनाए रखते हैं,उसकी वजह शायद ज्ञान के मूल स्रोत और इनके संदर्भों की जानकारी लेकर खुद को सक्षम बनाने की प्रवृत्ति ही अधिक है।

प्रसंगवश

महत्वपूर्ण है प्रेम में त्याग

कल वैलेंटाइन डे था। हर तरफ बड़ा शोर था,खासकर महानगरों में। यह एक प्रेम दिवस है,ऐसा माना जाता है। जीवन में प्रेम की आस सब को है। इस दिवस के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। कहानियों से अधिक महत्वपूर्ण है व्यक्ति का प्रेम के प्रति लगाव और उसके लिए अवसर की तलाश एवं प्रेम के लिए किया गया त्याग।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी ज़िद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी जिद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

शायद अहम-अहंकार-स्वार्थ, प्रेम-प्राप्ति के रास्ते के सबसे बड़े बाधक हैं। हम स्वकेंद्रित हो रहे हैं और समाज सापेक्षता एक बड़े वर्ग के जीवन से लुप्त हो रही। क्या एक स्व-केंद्रित व्यक्ति एक सच्चा प्रेम कर सकता है या पा सकता है? हैपी वैलेंटाइन डे के मैसेज एक प्रेम की आस से किया गया संदेश है। यह मात्र प्रेमी-प्रेमिका या पति-पत्नी के बीच के संबंधों से उपजा दिवस नहीं है।

इसके वृहद आयाम है। भारतीय इतिहास प्रेम-आख्यानों से भरा हुआ है-प्रेम परिवार के प्रति, पारिवारिक मान्यताओं के प्रति। प्रेम में त्याग महत्वपूर्ण है,यह संदेश प्रेम का सबसे आवश्यक अवयव है।

लिव इन अब कोई खेल नहीं

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष प्रावधान एवं रस्मों तथा रिश्तों पर वैधानिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए। विधेयक के दायरे में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी रहा और यह मुद्दा है- सहमति संबंधों अथवा लिव इन रिलेशनशिप का।

वैसे तो भारतीय समाज में लिव इन की परंपरा एक नए नवेले मेहमान की तरह है,क्योंकि हमारी पुरानी संस्कृति व परंपराओं में कहीं भी लिव इन का जिक्र नहीं मिलता है। किंतु बहुत से रिवाज ऐसे हैं जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता से या तो मजबूरन ग्रहण किया है अथवा सदियों की दासता के परिणामस्वरूप हमारी परंपराएं एवं प्रथाएं भी पश्चिमी रंग में रंग गई हैं। इन्हीं आधुनिक परंपराओं में से एक है लिव इन रिलेशनशिप अथवा सहमति संबंध। बिना किसी वैवाहिक रस्म के और बिना किसी प्रतिबद्धता के किसी पुरुष एवं महिला का एक साथ रहने लगना आखिर किस हद तक उचित है। हालांकि बदलते वक्त के साथ सही और गलत के पैमाने भी पूर्णतया बदल गए हैं। हकीकत यह है कि लिव इन संबंध आज के समय में आधुनिकता के स्तर को स्पर्श करने का प्रतीक माना जाता है,लेकिन इस प्रथा के चहुं ओर किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा मौजूद नहीं था। कई मामले तो ऐसे सामने आए हैं जिनमें लिव इन में रहने वाले प्रेमी युगल के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी और आखिरकार वे संबंध बालू की किसी भीत की तरह साबित हुए। स्वाभाविक सी बात है कि जिस संबंध में किसी तरह की कोई सीमाएं या नियंत्रण रेखा न हों,वह निश्चित रूप से अस्थिर ही सिद्ध होगा। यह बात तो समझ से पूर्णतया परे है कि सहमति संबंध का अर्थ सिर्फ यही है कि पुरुष व स्त्री स्वेच्छा एवं सहमति के आधार पर जब तक चाहें साथ रहें और जब चाहे अलग हो जाएं। लिव इन के साथ यौन संबंध न हों, ऐसा तो नितांत असंभव है,बल्कि सत्य कहा जाए तो लिव इन संबंधों का केंद्र बिंदु ही शारीरिक संबंध है। क्या ऐसा संभव है कि लिव इन में साथ रहने पर तो सहमति हो किंतु शारीरिक संबंधों पर नहीं। ऐसा हो जाए तो लिव इन का अस्तित्व क्षण भर में खत्म हो जाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में कानून दंड देगा। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लिव इन में रहने के लिए पुरुष व स्त्री दोनों का वयस्क होना अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के उपरांत मिलने वाली रसीद के आधार पर ही युगल किसी घर अथवा हॉस्टल को किराए पर ले सकेगा। पंजीकरण न करने की दशा में तीन माह का कारावास अथवा दस हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। पंजीकरण में गलत सूचना देने पर भी छह माह के कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। निस्संदेह लिव इन संबंधों पर लगने वाले ये प्रतिबंध संबंधों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण कराने वाले युगल की पूरी सूचना उसके माता-पिता को दी जाएगी। परिजनों को इस विषय में पूरी सूचना व जानकारी होना भी चाहिए ताकि वे निश्चिंत होकर रह सकें। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि लिव इन संबंधों के दौरान पुरुष के द्वारा महिला को छोड़ दिया जाता है तो महिला भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव इन संबंधों से पैदा हुआ बच्चा पैतृक संपत्ति का अधिकारी होगा। इस प्रावधान से लिव इन से पैदा होने वाले बच्चों को भी एक सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाएगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि लिव इन संबंधों को एक सुरक्षा आवरण देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। लिव इन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वाले यह तर्क देते हैं कि इन संबंधों के माध्यम से पुरुष व महिला को एक दूसरे को समझने एवं परखने का अवसर मिलता है, लेकिन अनेक ऐसे मामले हैं जिनमें किसी पुरुष अथवा महिला को कुछ भी जानने एवं समझने का अवसर ही नहीं मिला और उनकी जिंदगी लिव इन की भेंट चढ़ गई। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिव इन संबंधों को सख्त प्रतिबंधों एवं कानून के दायरे में लाना नितांत आवश्यक है। पंजीकरण अनिवार्य हो जाने से यह समस्या हल हो जाएगी। लिव इन संबंधों का उद्देश्य स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता प्राप्त करना है,किंतु यह भी निश्चित है कि स्वच्छंदता पर अगर बंदिशें न लगाई गईं तो वही स्वच्छंदता घातक भी सिद्ध हो सकती है।

सोशल फोरम

कौन हैं देवी सरस्वती

हिंदू धर्म की तीन पौराणिक महानायिकाओं लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती में विद्या और कला की देवी सरस्वती वस्तुतः प्राचीन भारत की सबसे पवित्र नदी सरस्वती का मानवीकरण है। वैदिक भारत में उसके तट पर हुई विद्या, बुद्धि, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक। प्राचीन आर्य सभ्यता-संस्कृति का केंद्र उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत हुआ करता था। आज की विलुप्त सरस्वती इस क्षेत्र की मुख्य नदी थी। सदानीरा सरस्वती के रास्ते अरब सागर होकर आर्य व्यापारियों का दुनिया के दूसरे हिस्सों से समुद्र व्यापार होता था। ऋग्वेद में एक नदी के रूप में ही सरस्वती के प्रति श्रद्धा निवेदन किया गया है।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आर्य सभ्यता के सारे नगर, गढ़ और व्यावसायिक केंद्र सरस्वती के किनारे बसे थे। उस युग की तमाम शिक्षण संस्थाएं, ऋषियों की तपोभूमि और आचार्यों के आश्रम सरस्वती के तट पर ही स्थित थे। ये आश्रम अध्यात्म, धर्म, कला, संगीत, चिकित्सा और विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र थे। वेदों, उपनिषदों और अनेक स्मृति ग्रंथों की रचना इन्हीं आश्रमों में हुई थी। ऋग्वेद के एक सूक्त के अनुसार-'प्रवाहित होकर सरस्वती ने जलराशि ही उत्पन्न नहीं की, समस्त ज्ञानों का भी जागरण किया है।' हजारों साल पहले सरस्वती में आई प्रलयंकर बाढ़ अथवा सूखे से अधिकांश नगर और आश्रम नष्ट हो गए थे। सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद आर्य सभ्यता धीरे-धीरे गंगा और यमुना के किनारों पर स्थानांतरित हो गई। कालांतर में सरस्वती विलुप्त हो गईं, लेकिन लोगों की धारणा है कि प्रयाग में वह अब भी अंतः सलिला होकर बहती है।

सरस्वती के तट से आर्यों के विराट पलायन के बाद भी जनमानस में सरस्वती की पवित्र स्मृतियां बची रहीं। प्रकृति की कल्याणकारी शक्तियों पर देवत्व आरोपित करने की हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप कालांतर में पुराणों में सरस्वती नदी को अलौकिक देवी का दर्जा दिया गया। आज वसंत पंचमी का दिन होने वाली सरस्वती पूजा वस्तुतः आर्य सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, गीत-संगीत, धर्म और अध्यात्म के कई क्षेत्रों में विलुप्त सरस्वती नदी की भूमिका के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

-फेसबुक वॉल से

राजनीति से समाज में रहता है मूवमेंट का माहौल

कभी कांशीराम ने 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा', कहकर तत्कालीन राजनीति में चुनौती पेश कर हलचल पैदा कर दी थी। राजनीति में नारों का बहुत योगदान है। समाजवादी पार्टी का एक नारा बहुत प्रचलित हो रहा पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सवर्णों को भी खुश रखने हेतु कहा गया एका मतलब अगड़े भी आधी आबादी भी, लेकिन जानने वाले सब जान रहे हैं। यह नारा बहुजन के आधार पर लगा, क्योंकि बहुजन में भी दलित, पिछड़े व धार्मिक अल्पसंख्यक थे वो पार्टी भी जब बहुजनों के आधार पर स्थापित हो गई तो बहुजन से सर्वजन की पार्टी हो गई। जानते सब हैं कि उनके वोटर कौन हैं।

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं। कोरोना काल में खूब ताली, थाली, टॉर्च भी जलाई थी तब भी समाजवादी नेताओं को टॉर्च का प्रकाश किस ओर है नहीं दिख रहा। 22 जनवरी के राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अभिषेक बच्चन साथी फिल्मी कलाकारों के साथ मौजूद थे। अहसास नहीं होता किस विचारधारा के साथ हैं। ऐसे ही बिहार के फ्लोर टेस्ट में राजद विधायक चेतन आनंद ने विचारधारा के साथ जाना पसंद किया, क्योंकि उन्हें मनोज झा द्वारा

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं।

ओमप्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुंआ पढ़ना पसंद नहीं आया। उनके पिता आनंद मोहन को सजा से बरी कराया गया, जो कि दलित जिलाधिकारी कृष्णईया की हत्या में भीड़ को उकसाने के दोषी थे। भाजपा पूरी तरह अपनी विचारधारा के आधार पर गरीब सवर्णों को आरक्षण के साथ लीडरशिप बढ़ा रही। साथ ही साथ पिछड़े दलितों को लोकसभा व विधानसभा और विधान परिषद व राज्यसभा भेज उन जातियों को साध रही, जो कभी बहुजनवादी या समाजवादी थे।

लगभग 12 राज्यसभा में दलित पिछड़े और 4 सामान्य लोग भेजने को टिकट का एलान किया है। कांशीराम कहते थे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यहां उलट हो रहा है। न उनकी संख्या भारी, न उनके समाज की वोट, तुम्हारी फिर सर पर बैठाने की तैयारी। न कोई अल्पसंख्यक, न कोई पिछड़ा केवल एक ही रामजी लाल सुमन को भेजने से पीडीए का सिद्धांत असरदार नहीं हो जाएगा।

कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पिछड़े दलित कितने हैं। विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर कितने हैं, जो समाज निश्चित अवस्था मे वोट कर रहा है। उनको साधना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो अनिश्चित को निश्चित बनाने के चक्कर में निश्चित भी चले जाएं। पाला खींचकर सामाजिक न्याय की बात करो जब देने की बात आए तो दो भी, उधर भाजपा चारों ओर बैटिंग कर रही है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा दिया। उधर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा कर घोषित साथी जयंत चौधरी को छीन लिया। सत्ता मिले या न मिले सिद्धांत पर राजनीति करनी चाहिए। यही गलती हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कि, उन्होंने दलितों को मंत्री नहीं बनाया। समाजवादी राजनीति तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कर रहे। अब भी पिछड़े दलित समाज की राजनीति करने वालों ने अपना दिल बड़ाकर गठबंधन नहीं किया। हिदुत्व की धार में बेअसर हो जाओगे, भले ही बड़े नेताओं का कुछ न होगा, लेकिन जो समाज तुम्हारे पीछे है, उनका नुकसान बहुत बड़ा हो जाएगा, बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खोले जा सकते हैं।

संभलकर करें डिजी यात्रा का प्रयोग

एयरपोर्ट और हवाई यात्रा के निजीकरण के बाद सरकार ने यात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामले में अनदेखी शुरू कर दी है। एयरपोर्ट पर हो रहे यात्रियों से झगड़े, हवाई यात्राओं में हो रही देरी और ग्राहकों की असुविधा जैसे एयरपोर्ट पर ही उनको लाक करने जैसी घटनाओं से उसे कोई सरोकार नहीं है,इन्हीं प्राइवेट पार्टनर्स ने सुरक्षा चेकिंग के नाम पर एयर पोर्ट और आसान सुरक्षा चेकिंग के नाम पर डिजी यात्रा पोर्ट शुरू किया है,जो देश के 13 एयरपोर्ट पर शुरू हो चुका है। इससे जल्दी सुरक्षा चेकिंग की बात कही जा रही है। इसमें चेहरे की बायोमेट्रिक होगी वो भी एक प्राइवेट मॉनिटरिंग डाटा सेंटर पर यानी आधार के बाद आपका बायोमेट्रिक डाटा भी इन सेंटर पर पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी। एयर पर सुरक्षा चेकिंग के काउंटर घटाए जा रहे हैं और ग्राहकों को फोर्स किया जा रहा है कि इन डिजी काउंटर में सुरक्षा चेक कराए,ग्राहक भी समय बचाने और सुविधा को देखते हुए तेजी से इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हो सकता है आने वाले समय में देश के सभी एयरपोर्ट पर इन्हें चालू कर दिया जाए और जब कोई विकल्प नहीं रहेगा तो ग्राहक और भी तेजी से इस और रुख करेंगे। हम टेक्नोलॉजी के विरोध में नहीं है,लेकिन जिस तरह आधार बनाने और बैंक से लिंक करने को पहले स्वैच्छिक बताया गया और बाद में अनिवार्य बना दिया। उसी तरह जब सामान्य चेकिंग के काउंटर कम या खत्म हो जाएंगे तो इसी का प्रयोग होगा। हमारी सरकार भी जानती है कि जिस तरह आधार का

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी।

थोड़ा सा विरोध हुआ वो भी कुछ समय के लिए उसी तरह देश की जनता इस डिजी यात्रा को अपना लेगी और फिर सारा खेल शुरू होगा। यही डाटा जगह-जगह प्रयोग होगा आपके मोबाइल पर विज्ञापन आएंगे,लोन लेने,होटल,टेक्सी बुक करने मकान खरीदने बेचने वाले ऐप आने शुरू हो जाएंगे जिनका प्रयोग करते ही जानता किसी बड़े स्कैम का शिकार भी हो सकती है।

यहां यह उल्लेख करना असंगत न होगा की वर्ष 2023 में देश में हवाई यात्रा करने वाले 90 लाख यात्रियों ने इस डिजी यात्रा का प्रयोग किया,लेकिन इसका डाटा कहा रखा गया यह पता नहीं। सरकार का कहना है कि यह डाटा पूरी तरह सुरक्षित,लेकिन प्राइवेट लोगों के हाथों में गया डाटा कितना सुरक्षित है,कहा नहीं जा सकता। हमें याद होगा कि आधार डाटा भी सुरक्षित रहने की बात कही गई थी,लेकिन कोई नहीं कह सकता कि वो सुरक्षित रह पाया,यह भी बताना जरूरी है कि कई देशों में बायोमेट्रिक डाटा मांगने का भारी विरोध हो रहा है। क्या हमारी सरकार भी इस और ध्यान देगी तथा हमारे हवाई यात्री इस डिजी यात्रा के मर्म को समझ पाएंगे।

चीख-पुकार के साथ भगदड़, थमा महोत्सव का शोर

चित्रकूट इंटर कॉलेज के मैदान पर आतिशबाजी से पहले ही विस्फोट, भगदड़ में कोई गिरा तो कोई नंगे पांव जान बचाकर भागा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार: चित्रकूट इंटर कॉलेज के मैदान पर बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार की शाम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम मचने से पहले ही आतिशबाजी में विस्फोट से चीख-पुकार मच गई। विस्फोट से भगदड़ मच गई, जिसमें कोई गिरा तो कोई नंगे पांव ही भागा। इस हादसे के बाद महोत्सव का शोर थम गया।

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की आखिरी शाम यादगार बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में भव्य आतिशबाजी की तैयारी थी। आतिशबाजी के लिए मैदान पर पैनल लगाए गए थे। एक तरफ आतिशबाजी की तैयारियां चल रही थीं, दूसरी ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच सज रहा था। साउंड सिस्टम लगाए जा रहे थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे अचानक विस्फोट से भगदड़ मच गई। इस विस्फोट में चार लोगों की मौत होने के बाद हड़कंप मच गया।

जहां पर विस्फोट हुआ, वहां सब कुछ अस्त-व्यस्त था। एक जगह पर हादसे के शिकार युवकों की चप्पलें पड़ी थीं। एक जगह जूता पड़ा था। पास में बच्चे की साइकिल थी और खून बिखरा पड़ा था। घटनास्थल पर पड़ीं दो साइकिलें विस्फोट की भयावहता बताने के लिए काफी थीं। इनमें से एक साइकिल किसी छोटे बच्चे की थी। विस्फोट में घायलों की जानकारी न होने से यह पता नहीं चल सका कि यह साइकिल किसकी थी और वह बच्चा कहां है। जिसे भी विस्फोट की जानकारी हुई, वह सीआईसी की ओर दौड़ पड़ा। हालांकि वहां पुलिस की चौकसी से लोगों को घटनास्थल के पास जाने से रोक दिया गया।

जिला अस्पताल में मौजूद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

कर्मचारियों की गिनती की गई

विस्फोट में किसकी जान गई है, यह बात हर कोई जानना चाह रहा था। सबके मन में यही जिज्ञासा थी। सभी एक-दूसरे से यही जानने की कोशिश कर रहे थे। महोत्सव स्थल पर काम की जिम्मेदारियों में लगे कर्मचारियों की भी गिनती कराई गई, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हादसे का शिकार हुए लोगों में कोई कर्मचारी तो नहीं है।

विस्फोट के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया रद

विस्फोट के बाद समारोह रद कर दिया गया। समारोह के तहत शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना था। बैंगलाइन दिल्ली से म्यूजिक सिस्टम मंगाया गया था, जिसे रंग पर लगाने का काम चल रहा था। कंपनी के कर्मचारी हंसराज ने बताया कि विस्फोट के बाद उन्हें साउंड सिस्टम समेटने के लिए कहा गया है।

अखिलेश यादव ने ट्वीट कर जताया गहरा दुख

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस दुखद घटना को लेकर एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा- बुंदेलखंड महोत्सव में हुआ विस्फोट बेहद दुखद। सभी मृतकों को श्रद्धांजलि। भाजपा सरकार नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मृतकों के परिजनों को 1-1 करोड़ मुआवजा दे।

अनुमति के बारे में प्रधानाचार्य को पता नहीं

चित्रकूट इंटर कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद के अक्सर आयोजन होने लगे हैं। तमाम अभिभावक दबी जुबान आपत्ति भी जताते रहे हैं। जब सीआईसी के प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान से कॉलेज परिसर में आयोजन की अनुमति को लेकर पूछा गया तो उनका कहना था कि इस बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं है। प्रबंधक और अध्यक्ष ही इस बारे में कुछ बता सकते हैं।

कुछ भी कहने से बचते रहे भाजपाई

प्रदेश सरकार का यह महत्वाकांक्षी आयोजन है। ऐसे में सीआईसी में इसकी जोरदार तैयारियां की गई थीं। मंगलवार की अपराह्न हादसे की जानकारी होते ही जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि मौके पर पहुंचे। हालांकि इन लोगों ने कुछ भी कहने से इंकार किया।

आयोजन की अनुमति नहीं, मुकदमा दर्ज हो

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- पूर्व सांसद एवं कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष भैरों प्रसाद मिश्र ने जताई नाराजगी

अमृत विचार: चित्रकूट इंटर कालेज के मैदान पर बुधवार को विस्फोट के बाद पूर्व सांसद एवं कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष भैरों प्रसाद मिश्र बहुत आक्रोशित दिखे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उन्होंने कालेज में आयोजन के लिए कोई परमीशन नहीं दी थी।

भैरों प्रसाद मिश्र।

पूर्व सांसद ने कहा कि इस संबंध में आयोजकों की ओर से परमीशन के लिए पत्र जरूर आया था पर उन्होंने इसकी अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि आखिर इस तरह के आयोजन में इलेक्ट्रानिक आतिशबाजी की आवश्यकता ही क्या थी। उन्होंने पूरे आयोजन में कार्यक्रमों के औचित्य पर भी सवाल उठाए। बोले, बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में बुंदेलखंड गायब है। बाहर से बड़े कलाकारों को बुलाकर फिल्मी गीत गवाए जा रहे हैं। लोककलाकारों के इक्कादुक्का कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह मंगलवार को कार्यक्रम देखने गए थे और बीच में ही उठकर चले आए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा पर पानी फेरा जा रहा है और करोड़ों का बजट डकारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आखिर इन मौतों का जिम्मेदार कौन है। प्रशासन, पर्यटन अधिकारी और इस तरह के आयोजन से जो भी जुड़ा हो, उसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इन पर मुकदमा चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां अगर इस तरह की योजनाओं की जांच की जाए तो बड़े घोटाले सामने आएंगे।

वरीक्षा के लिए पैसे नहीं अधेड़ ने लगा ली फांसी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- मरौली निवासी गंगा प्रसाद को बुधवार को जाना था वरीक्षा में
- पैसों का इंतजाम करने में जुटे रहे पर कोशिश नाकामयाब

अमृत विचार: बिसंडा थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी एक अधेड़ व्यक्ति ने इसलिए आत्महत्या कर लिया क्योंकि बेटी की शादी के लिए पैसों का इंतजाम नहीं कर सके। बुधवार को ही उन्हें वरीक्षा के लिए जाना था पर पैसे नहीं जुटे तो उन्होंने दुकान के बाहर छज्जे में अंगोछा डालकर मौत को गले लगा लिया। घटना से घर में कोहराम मच गया। लोगों की भीड़ लग गई।

गंगा प्रसाद (55) पुत्र भुल्ली कोटार्य की परचून की दुकान के साथ आटा चक्की का कारखाना है। उन्होंने अपनी बेटी संध्या की शादी के लिए रुपयों का इंतजाम शुरू किया पर ताम कोशिशों के बाद भी रुपये का इंतजाम नहीं हो पा रहा था। इससे गंगा प्रसाद परेशान थे। बुधवार को गंगा प्रसाद को वरीछा करने के लिए ब्यूर रसिन गांव जाना था। तमाम कोशिश के बाद जब रुपये नहीं मिले तो वे दुखी हो गए और

दुकान के बाहर छत की सरिया में अगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मंझले पुत्र मोनू ने उनका शव फंदे पर लटकते देखा। मृतक के छोटे भाई जमुना प्रसाद ने बताया कि गंगा प्रसाद पैसों का इंतजाम न हो पाने से दुखी थे। पूरा परिवार पैसों का इंतजाम करने में जुटा था पर सफलता नहीं मिल पायी।

बीमारी से परेशान महिला ने दी जान

नरैनी : कोतवाली क्षेत्र के नहरी गांव निवासी भानकुमारी (55) पत्नी रामबरन ने बुधवार की सुबह बरामदे में लगी बल्ली पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका की बेटी रोशनी ने बताया कि पिता की छह पहले हार्ट अटैक से मौत होने के बाद मां मानसिक रूप से बीमार थी। उसका इलाज भी कराया गया। लेकिन फायदा नही हुआ।

युवक को आत्महत्या से पुलिस ने बचाया

राठ (हमीरपुर)। बुधवार को फेसबुक मेटा कंपनी की तरफ से जरिए अलर्ट से सूचना मिलते ही पुलिस सकते में आ गई। पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने जा रहा हैं। सोशल मीडिया सेल ने आत्महत्या मामले को तत्काल संज्ञान ले युवक से फोन पर वार्ता की। पुलिस ने युवक को विश्वास में लेकर जीवन के महत्व के बारे में बताया। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह टीम के साथ मोहल्ला भटियाना निवासी रविंद्र कुमार के मोबाइल लोकेशन के आधार पर मौके पर पहुंचे। युवक के पास रखे जहरीले पदार्थ को नष्ट कराया। जब युवक से आत्महत्या करने का कारण पूछा गया तो बताया कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।

एसओजी-पुलिस से मुठभेड़, दो बदमाशों को मारी गोली

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- घेराबंदी कर चार बदमाशों को किया गिरफ्तार
- एक दिन पूर्व चेन लूट की दो घटनाओं को दिया था अंजाम

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर से भाउलपुर जाने वाले रास्ते पर दिनदहाड़े पुलिस व बाइकसवार चार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गये। पुलिस ने दो बदमाशों को सही सलामत घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। दोनों घायल बदमाशों को सौ शैया अस्पताल के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिए गया। एसपी ने अस्पताल पहुंच कर बदमाशों से जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि नगर के मोहल्ला बनवारी नगर निवासी एक महिला तथा थाना सौरिख क्षेत्र की निवासी एक अन्य महिला के साथ बाइक सवार बदमाशों ने चेन छीनें छीन ली थी। लूट की जानकारी पर छिबरामऊ व सौरिख पुलिस ने एसओजी टीम के साथ लूट करने वालों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान की। इसके बाद टीम ने सिकंदरपुर से भाउलपुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग अभियान चलाया। उसी समय दो बाइक पर सवार होकर निकले चार लोगों को रोका गया।

आरोपी को कंधे का सहारा देकर ले जाती एसओजी प्रभारी। अमृत विचार

इस बीच बदमाशों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। आत्म सुरक्षा के लिये पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान कानपुर नगर जनपद के कल्यानपुर निवासी बदमाश आकाश थारू व रवि थारू के दायें व बायें पैर में गोली लगी। इससे दोनों घायल होकर गिर पड़े। वहीं पुलिस टीम ने फायरिंग करते हुए साहिल व गौतम को सही सलामत गिरफ्तार कर लिया। दोनों घायल बदमाशों को सौ शैया अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बदमाशों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइकें तथा दो तमंचे, कारतूस बरामद किए गए। तलाशी के दौरान पुलिस ने बदमाशों के पास से महिलाओं से छीनी गई दो चेन भी बरामद कर ली हैं। मुठभेड़ की घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मचा रहा। देर शाम तक वहां दहशत का माहौल बना रहा। घटना स्थल पर पुलिस तैनात रही।

युवक को पीट-पीट कर मार डाला

चरखारी महोबा । कस्बा चरखारी के मोहल्ला तुर्कियाना निवासी एक युवक को मामूली विवाद में इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई।

राजेश श्रीवास पुत्र कालूराम निवासी मोहल्ला तुरकियाना अपने घर के दरवाजे पर खड़ा हुआ था तभी राजेश के मकान के पास ही स्थित शिबू के मकान में कारीगरी कर रहे एक मिस्त्री से राजेश का मामूली विवाद हो गया। जिस पर मिस्त्री बृजभान ने राजेश को बेरहमी से पटक दिया तथा पीटने लगा। राजेश की मां रज्जी पत्नी कालूराम ने बृजभान को ललकारा लेकिन इसके बाद भी वह राजेश को पीटता रहा।

पूर्व राज्य मंत्री के बेटे को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दूसरे गुट के पूर्व विधायक के बेटे को अदालत ने दस साल की सुनाई सजा

अमृत विचार। आठ साल पहले हुए बहुचर्चित गोलीकांड मामले में बुधवार को अदालत ने पूर्व मंत्री के बेटे पर दोष सिद्ध हो जाने पर उसे उम्रकैद की सजा सुनाई साथ ही 25 हजार रुपये जुर्माना ठोंका। वहीं दूसरे गुट के पूर्व विधायक के बेटे को जानलेवा हमले के मामले में दस साल सजा और 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। दोनो पक्षों के 11 लोगों को बरी कर दिया गया। अदालत ने दोनो अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेज दिया।

वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव दौरान महोबा विधानसभा सीट से बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह चुनाव लड़ रहे थे, जबकि सपा से पूर्व राज्यमंत्री सिद्ध गोपाल साहू चुनाव मैदान में डटे थे। मतदान से एक दिन पहले रात में कन्वेसिंग के लिए घूम रहे सपा बसपा के समर्थकों में शहर के मोहल्ला बजरिया में पुलिस चैकी के समीप पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह के बेटे हिमांचल और पूर्व मंत्री व सपा प्रत्याशी सिगोपाल के बेटा साकेत साहू व उनके समर्थको के बीच हुई मारपीट और गोलीबारी में पूर्व विधायक के रिश्तेदार राकेश सिंह की मौत हो गई थी, जबकि पूर्व राज्यमंत्री के बेटे साकेत साहू गोली लगने से बुरी तरह घायल हो गए। साकेत साहू की तरफ से कोतवाली महोबा में हिमांचल सिंह, समीर सिद्दीकी, समीर अंसारी, परवेज अहमद, गुढ़ी मंसूरी, सिद्धाथ, सुधीर सिंह, कल्लू सहित नौ लोगों के खिलाफ धारा 307 सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

उधर दूसरे गुट के हिमांचल सिंह ने साकेत साहू व उसका भाई सौरभ साहू, तारिक अहमद, हर्ष प्रताप सिंह के खिलाफ 302 सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। न्यायालय में चार्जशीट दाखिल होने के बाद अदालत में सुनवाई शुरू हुई।

अपहर्ता मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। चकर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर रोड पर रहने वाले एक व्यापारी के पुत्र का पढ़ने जाते समय कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। अपहरण कर बदमाश भरेह की ओर भागने लगे। लोगों की सूचना पर सिपाही ने बाइक से पीछा किया तो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस ने एक अपहरणकर्ता को पकड़ कर बच्चे को बरामद कर लिया। पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ ने अपना नाम आकाश निवासी रानीपुरा थाना पावई भिंड बताया। पुलिस जब उसकी निशानदेही पर तमंचा बरामद करने के लिए ले गई तो उसने तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। बचाव में पुलिस ने भी फायरिंग की तो बदमाश दोनों पैरों में गोली लगने से घायल हो गया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपने साथियों के नाम भी बताए है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि राजपुर रोड चकरनगर निवासी योगेश गुप्ता का 13 वर्षीय पुत्र कर्तव्य गुप्ता सुबह साढे आठ बजे स्कूल जा रहा था तभी सफेद रंग की कार से युवकों ने अपहरण कर लिया।

किसानों को नहीं दे पा रहे एमएसपी : अखिलेश

संवाददाता, सैफई-इटावा

अमृत विचार। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि भारत रत्न बांटने वाले भाजपा सरकार आज तक किसानों को एमएसपी नहीं दे पा रही है। एक तरफ स्वामीनाथन जी और देश के सबसे बड़े किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया जा रहा है और किसानों को भूल रहे हैं। सरकार ने कहा कि आय दोगुनी कर देंगे लेकिन सरकार की नीयत साफ नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तहसील क्षेत्र के बैदपुरा कस्बे में तिरुपति ग्रुप के अध्यक्ष संतोष यादव के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के सवाल बोलने से बचते नजर आए।

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते पूर्व सीएम अखिलेश यादव। अमृत विचार

कहा कि इस मुद्दे पर तभी बोलूंगा जब आप लोगो को वहां पर लेकर चलूंगा। वैसे कई पत्रकार साथियों ने चोरी छिपे स्टोरी बना ली है।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा भगवान राम के दर्शन करने और अखिलेश के राममंदिर न जाने के सवाल के जवाब पत्रकार से बोले कि तुम बहुत छोटे पत्रकार हो जो मैंने सदन में कहा है वही बात को फिर से दोहराता हूं। स्वामी प्रसाद मौर्य और पल्लवी पटेल के सवाल पर कहा कि राजनीति में ऐसा समय आता है उसी समय को हम लोग देख रहे हैं।

किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म में दो को सजा

कन्नौज। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म का दोषी पाते हुए दो अभियुक्तों को 15-15 साल की जेल तथा क्रमशः 18-15 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे तथा सह जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि कोतवाली कन्नौज क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 साल की भतीजी परिवार के साथ रहती थी। उसके माता-पिता का स्वर्गवास होने वहीं पालन पोषण करता है। तीन सितंबर 22 को जब वह घर लौटा तो भतीजी घर पर नहीं थी। आसपास में पूछा तो कुछ पता नहीं चला। दर्ज रिपोर्ट में एक मोबाइल नंबर देकर उस पर भतीजी द्वारा बातचीत करने की बात भी कही थी। मामले की विवेचना के बाद शरीफ पुत्र फखरुद्दीन निवासी उदैतापुर, कन्नौज और रामसनेही पुत्र अयोधी निवासी जलालपुर, थाना बिलग्राम, हरदोई के नाम सामने आए।

शादी तय होने के बाद पीएसी जवान 'गायब'

सरीला (हमीरपुर)। थाना जरिया के बरगवां गांव निवासी बुद्धराम प्रजापति पुत्र बसंता ने थाना जरिया में तहरीर दी है। बताया कि उसका लड़का धीरेंद्र कुमार महोबा में पीएसी में है। उसकी 18 फरवरी को शादी होना है। वह पांच फरवरी को छुट्टी लेकर घर के लिए निकला और अभी तक घर नहीं आया। राठ के बारह खंभा छोटी जुल्हैटी मुहाल निवासी लड़की के पिता पहलवान सिंह ने राठ पुलिस को तहरीर में कहा कि लड़के के पिता बुद्धराम ने अतिरिक्त दहेज की मांग की।

कवायद लकड़ी, दुग्ध उत्पाद, प्लास्टिक के खिलौने व पाइप बनाने वाले उद्योग लगेंगे, शासन से 1250 करोड़ निवेश का मिला था लक्ष्य

औरैया जनपद में 1065 करोड़ से उद्योग लगाने का रास्ता साफ

शैलेन्द्र अवस्थी, औरैया

अमृत विचार। जिले के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। जनपद में 1065 करोड़ रुपये के निवेश के लिए उद्यमियों से करार हो गया है। यह उद्यमी लकड़ी, दुग्ध उत्पाद, प्लास्टिक से बनने वाले खिलौने व पाइप बनाने वाले उद्योग जनपद में लगाएंगे। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी चल रही है।

सरकार 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सरेमनी (जीबीसी) करने की तैयारी कर रही है। इसमें यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त हुए निवेशों को जमीनी स्तर पर लाया जाएगा। जिले में सरकार की तरफ से उद्योग विभाग को 1250 करोड़ रुपये के उद्योगों के निवेश का लक्ष्य मिला था। जानकारी के अनुसार 1065 करोड़ का निवेश करने वाले उद्यमी मिल चुके हैं। बाकी 15 फीसदी लक्ष्य पूरा करने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए उद्यमियों से बात कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभी तक करार करने वाले उद्यमी लकड़ी से जुड़े, दूग्ध उत्पाद, फार्मेसी कालेज, प्लास्टिक के पाइप, खिलौने, बोतल बनाने, पशुपालन, आटा व दाल से जुड़े उद्योग लगाएंगे। इन उद्योगों लगने से जिले में ही युवाओं को रोजग्रार मिलेगा। जिला उद्योग उपायुक्त अरविंद भास्कर ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर तैयारियां चल रही हैं। जिले में 1250 करोड़ रुपये के उद्योग लगवाने का लक्ष्य मिला था। इसमें 1050 करोड़ रुपये का निवेश करने वाले उद्यमियों से करार हो चुका है। लक्ष्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। लकड़ी के सामान की मांग आसपास के जिले में ज्यादा इन 1065 करोड़ रुपये के निवेश में लकड़ी से जुड़े उद्योग ज्यादा हैं। क्योंकि यहां लकड़ी 60 साल पुराना उद्योग है। यहां पर दरवाजा, खिड़की व अन्य फर्नीचर तैयार कर आसपास के जनपदों में भेजा जाता है। लकड़ी के अलावा दूध से बने उत्पाद भी प्रमुख उद्योग में से एक है। जिसे एक उत्पाद एक जिला योजना के तहत प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में घी का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है। यह आस पास के जिलों में भी जाता है।

जिले का औद्योगिक भूखंड प्लास्टिक सिटी। अमृत विचार

सौर ऊर्जा के लिए कोई प्रस्ताव नहीं

प्रदेश सरकार के बजट में सोलर एनर्जी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का फैसला लिया गया है, लेकिन इस क्षेत्र में निवेश की आकांक्षा फिलहाल जिले में पूरी होती नहीं दिख रही। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार किए गए एमओयू में एक भी सोलर एनर्जी से जुड़ा हुआ प्रोजेक्ट शामिल नहीं हो सका है। राजधानी लखनऊ से लेकर जिले में फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में जीबीएस (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) प्रस्तावित है। जिले को इसे लेकर 1250 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिला उद्योग केंद्र की ओर से तकरीबन 1065 करोड़ के 108 एमओयू जुटा लिए गए हैं। इसमें एक जिला एक उत्पाद से लेकर स्क्रैब, बोतल बंद पानी, फार्मेसी, पाइप निर्माण, प्लास्टिक उद्योग, मेडिकल व मशीनरी समेत तमाम तरह के उद्योगों की फाइलों तैयार कराई गईं हैं। इन्हें धरातल पर लाने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बाद कवायद शुरू हो जानी है, लेकिन इस सब के बावजूद सोलर एनर्जी से जुड़े एक भी उद्योग को लेकर अभी तक एक भी एमओयू सामने नहीं आया है।

> जिले में अभी तक सोलर एनर्जी को लेकर एक भी एमओयू सामने नहीं आया है। कई उद्यमियों से वार्ता चल रही है। यदि कोई आता है तो उसे भी शामिल किया जाएगा। भविष्य में जिले में सोलर एनर्जी से जुड़े उद्योगों का बड़ा क्षेत्र बन सकता है। फिलहाल उद्यमियों की ओर से दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है।
>
> – अनुराग अग्रहरि, उद्यमी मित्र

पाइप की फैक्ट्री लगाने के लिए प्लास्टिक सिटी में उद्यमी ने देखी भूमि : कंचौसी रोड स्थित प्लास्टिक सिटी में प्लास्टिक के उद्योग लगेंगे। यहां पर एक बड़ी कंपनी ने प्लास्टिक के पाइप बनाने की फैक्ट्री लगाने के लिए भूमि भी देखी है। इसके अलावा खिलौने की फैक्ट्री भी लगेगी। दाल और आटा मिल के उद्यमी अपनी मिल लगाने जा रहे है।

घरवालों के शादी से इंकार पर प्रेमी युगल ने दी जान

संवाददाता, चरखारी महोबा

- प्रेमी-प्रेमिका के परिजन काफी मनाने के बाद भी नहीं माने

अमृत विचार। कोतवाली चरखारी क्षेत्र के ग्राम कनेरा में दो सजातीय प्रेमी प्रेमिका के परिजनों द्वारा शादी के लिए राजी न होने पर आहत प्रेमी ने खेत में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर प्रेमिका ने भी घर में जहर खा लिया, परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होता देख परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

ग्राम कनेरा सुरेन्द्र खंगार (20) पुत्र दौलत खंगार का गांव की ही सीमा से प्रेम प्रसंग था। दोनो एक ही जाति के थे। दोनो ने अपने अपने परिजनों को फैसला बताया, लेकिन दोनो के परिजन राजी नही हुए। प्रेमी प्रेमिका ने अपने अपने रिश्तेदारों से भी यह बात बताई, रिश्तेदारों ने भी परिजनों से बच्चों की शादी के लिए प्रयास किया, लेकिन परिजन अपनी जिद पर अड़े रहे। इस पर सुरेंद्र ने खेत में जहरीला पदार्थ खा लिया और घर की तरफ चल दिया। रास्ते में पुलिया के पास गिर गया। परिजन को रास्ते में सुरेंद्र पड़ा मिला। परिजन उसे लेकर सीएचसी चरखारी पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कनेरा गांव की सीमा (19) पुत्री रामबाबू खंगार ने खबर सुनी तो उसने भी जहर खा लिया। परिजनों ने उसके मुंह से झाग निकलता देखा तो उसे सीएचसी चरखारी पहुंचाया, जहां से डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

10 लाख 15 हजार 583 करोड़ की 14 हजार 537 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नन्दी ने की जीबीसी की तैयारियों की समीक्षा

500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं

10 से 100 करोड़ की चार हजार 577 परियोजनाओं का शुभारंभ

01 से 10 करोड़ की 8 हजार 735 परियोजनाएं भी उतरेंगी जमीन पर

अमृत विचार। प्रदेश को वन ट्रिलियन इकॉनमी बनाने को तत्पर योगी सरकार के प्रयासों से 19 फरवरी को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन होने जा रहा है। इसके माध्यम से प्रदेश में कुल 10 लाख 15 हजार 583 करोड़ की 14 हजार 537 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को पूरी तरह तैयार हैं। इनमें 500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4 हजार 577 परियोजनाएं, 01 से 10 करोड़ की 8 हजार 735 परियोजनाएं शामिल हैं। सभी परियोजनाओं के धरातल पर आने के बाद 34 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। कुल मिलाकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

बदलाव और रफ्तार यूपी की पहचान बना : बुधवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 की तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आयोजन को भव्यतम बनाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश के रूप में एक नई पहचान मिली है। 2018 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद आयोजित पहले भूमि पूजन समारोह में 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव को शामिल किया गया था।

वहीं अब छह वर्ष बाद 2024 में 10.15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाएगा। यही बदलाव व रफ्तार यूपी की पहचान है।

अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी

समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंत्री नन्दी को तैयारियों के साथ ही अयोजन की भी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जीबीसी के दौरान ही 20 और 21 फरवरी को विभिन्न विषयों पर सेक्टोरल सेशन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें ज्ञानार्जन की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी विभिन्न तकनीकी, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थानों के छात्रों को आमंत्रित किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर लखनऊ ने बताया कि जीबीसी के दौरान अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। जीबीसी के दौरान ही एफडीआई को लेकर इमर्जिंग डेस्टीनेशन फॉर फॉरेन इन्वेस्टमेंट इन इंडिया कॉक्लेव का आयोजन होगा। बैठक में आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर, सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश, कमिश्नर लखनऊ रोशन जैकब, पुलिस कमिश्नर लखनऊ, डीएम लखनऊ के साथ ही गृह, लोक निर्माण, पर्यटन, पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रैक्टिकल से वंचित इंटरमीडिएट के छात्रों को एक और मौका

लखनऊ। राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित प्रयोगात्मक परीक्षाओं में छूटे और वंचित छात्रों के लिए 16 फरवरी को एक और अवसर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में 22 फरवरी से 9 मार्च तक बोर्ड परीक्षाएं होनी है। उससे पहले सरकार सुनिश्चित करना चाहती है कि प्रत्येक छात्र अपनी प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कर खुले मन से प्रमुख परीक्षाओं में हिस्सा ले सकें।

माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि 25 जनवरी 2024 से 09 फरवरी के मध्य आयोजित की गई वर्ष 2024 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे हुए, वंचित रह गए छात्र/छात्राओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 फरवरी, 2024 को पुनः आयोजित कराई जाएंगी। यह प्रयोगात्मक परीक्षा मुख्य परीक्षा की भांति ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा सम्पादित कराई जाएंगी।

मुख्यमंत्री योगी ने एमएचपीएल इंडिया के कार्य को सराहा

संवाददाता, वाराणसी

- सीएम ने डॉ. सम्पूर्णानानंद स्टेडियम (वाराणसी) का किया निरीक्षण
- निर्धारित समय सीमा से आठ माह पहले तैयार किया विशाल स्टेडियम

अमृत विचार। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कानपुर की प्रतिष्ठित कंपनी एमएचपीएच इंडिया के कार्य की सराहना की है। वह बुधवार को वाराणसी में नवनिर्मित विशाल डॉ. सम्पूर्णानंद सिगरा स्टेडियम का निरीक्षण करने के लिए आए थे।

सात जुलाई 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में डॉ. सम्पूर्णानंद सिगरा स्टेडियम का शिलान्यास किया था। 66758 स्क्वायर भूमि पर महज 12 महीने में बनकर तैयार हुए डॉ. सम्पूर्णानंद सिगरा स्टेडियम के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकारी संस्था एमएचपीएल इंडिया की सराहना करते हुए मैनेजिंग डायरेक्टर पियूष अग्रवाल व डायरेक्ट प्रणव अग्रवाल को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने एमएचपीएल के निदेशकों से स्टील बिल्डिंग टेक्नोलॉजी और स्टेडियम निर्माण में इस्तेमाल किये गये मैटिरियल के बारे में भी जानकारी ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम का लोकार्पण कर जनता को यह अविस्मणीय तोहफा देंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यों का निरीक्षण भी किया।

कंपनी के एमडी से बात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

द स्पोर्ट्स हब से दस गुना बड़ा

एमएचपीएल इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री अग्रवाल ने बताया कि कानपुर में बनाया गया द स्पोर्ट्स हब क्षेत्रफल व आकार में सिगरा स्टेडियम से दस गुना बड़ा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकारी संस्था एमएचपीएल इंडिया के प्रबंध निदेशक पियूष अग्रवाल व निदेशक प्रणव अग्रवाल से स्टेडियम के कार्यों व संचालन आदि के बारे जानकारी ली और कंपनी के कार्य के प्रयासों की प्रशंसा की। एमएचपीएल इंडिया कंपनी ने तय समय सीमा से आठ माह पहले डॉ. समपूर्णानंद स्टेडियम को निर्मित कर एक कीर्तिमान रचा है।

राज्यसभा उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य।

11वां उम्मीदवार आया तो फंसेगा पेंच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा को तीसरे के लिए एक तो भाजपा से अगर 8वां उम्मीदवार आया तो 16 वोटों की पड़ेगी की आवश्यकता

अमृत विचार। राज्यसभा की 10 सीटों के लिए भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों की संख्या बल को देखते हुए सोच-समझ कर उम्मीदवार उतारे हैं। एक ओर जहां भाजपा के पास आठवां उम्मीदवार जिताने के लिए आवश्यक संख्या बल नहीं है वहीं, सपा के पास भी अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए एक वोट फिलहाल कम पड़ रहा है। हालांकि, सपा में गहराए असंतोष का फायदा उठाकर भाजपा अपना आठवां उम्मीदवार भी ला सकती है।

विधानसभा की गणित समझी जाए तो सपा के पास अपने 108 विधायक हैं और कांग्रेस को जोड़ लिया जाए तो यह संख्या 110 तक पहुंच जाती है। सपा को तो वैसे जीत के लिए 111 वोट चाहिए, लेकिन भाजपा द्वारा अगर आठवां उम्मीदवार नहीं उतारा जाता है तो मात्र एक वोट की जुगत करना ही उसके लिए रह जाएगा।

वहीं, भाजपा को आठवां उम्मीदवार जिताने के लिए गठबंधन के धड़ों को मिलते हुए कुल संख्या बल के बाद भी 16 वोट की और आवश्यकता होगी। दरअसल, उप्र. विधानसभा में अभी 399 विधायक हैं। विधायकों के निधन से चार सीटें रिक्त हैं।

प्राचीन व नवीन टेक्नोलॉजी का अद्भुत मिश्रण है राम मंदिर

अयोध्या : अयोध्या में भव्य राम मंदिर हमारी प्राचीन और नवीन तकनीकी का अदभुद मिश्रण है। यह परिकल्पना भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही देन है। ये बातें बुधवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री साइंस और टेक्नोलॉजी जितेन्द्र सिंह ने कहीं। वो रामलला के दर्शन करने के बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

वसंत पंचमी पर रामलला के दर्शन कर अभिभूत केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि केवल हमारे ही नहीं बल्कि सर्वसमाज के लिए राम मंदिर भारतीय संस्कृति और सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज हर कोई अयोध्या आकर रामलला के दर्शन के लिए उत्सुक और व्याकुल है। 20-22 पीढ़ियों के त्याग और बलिदान के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुई।

मंदिर को दिए रजत कलश, चांदी की चरण पादुकाएं

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : चेन्नई के शारदा शृंगेरी मठ के सानिध्य में रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने बुधवार को 16 पवित्र नदियों के जल से युक्त 64 रजत कलश श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे। इसके साथ ही 16 नदियों की रज और चांदी की तीन चरण पादुका भी ट्रस्ट को भेंट की हैं। रजत कलश का पूजन चेन्नई के 64 लाख घरों में हुआ है।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए 48 दिवसीय मंडप उत्सव में चेन्नई से आए 64 रजत कलशों में रखे पवित्र 16 नदियों के जल से पूजन किया जाएगा। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य को तुलसी उद्यान के मंच पर रामोत्सव कार्यक्रम में समर्पित किया गया। रामोत्सव कार्यक्रम के संयोजक व इंडिया थिंक काउंसिल नई दिल्ली के सदस्य सौरभ पांडेय ने बताया कि रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने 16 पवित्र नदियों के जल को एकत्र करने का अभियान राममंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद शुरू किया था। जल एकत्रित करने के बाद इसे चांदी के कलश में रखकर अयोध्या लाया गया है। इसके साथ चांदी की चरण पादुका भी है। इनके निर्माण में 25 किलो चांदी का प्रयोग हुआ है। इसमें करीब 45 लाख का व्यय आया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर) स्वच्छ सर्वेक्षण

पत्रांक: 1614 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 01/02/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	भवन सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्री सन्तोष सिंह परिहार पुत्र बाबू सिंह परिहार व श्रीमती उमा सिंह परिहार पत्नी सन्तोष सिंह परिहार	श्री अजय चौहान पुत्र हरकेश सिंह	जुल्हैटी–1	15	294	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर) स्वच्छ सर्वेक्षण

पत्रांक: 1652 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 13/02/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती नीमा वर्मा पत्नी रविन्द्र कुमार व फूलचन्द्र पुत्र बद्री प्रसाद व रविन्द्र कुमार व मनोज कुमार व शिवरतन पुत्रगण फूलचन्द्र	श्री मनोज कुमार अग्रवाल पुत्र गोपाल अग्रवाल	मुगलपुरा–1	08	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

कन्या सुमंगला योजना में मिलेंगे 25 हजार रुपये

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बसंत पंचमी पर खाद कारखाना परिसर गोरखपुर में एक हजार जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 252 करोड़ रुपये की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया।

समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में एक हजार जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से संवाद भी किया।

चालकों को मानसिक आराम देने की तैयारी

नीरज मिश्र, लखनऊ

- दुर्घटनाएं घटाने में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं ये पार्क
- एक ही छत के नीचे मिलेंगी खानपान, ठहरने, वर्कशॉप समेत सभी जरूरी सुविधाएं

अमृत विचार : सड़क किनारे ट्रक खड़ा किया। ढाबे या खेतों पर दैनिक क्रियाओं से निवृत्त हुए। स्नान-ध्यान भी सड़क किनारे। खाना खाया और सड़कों पर ही नींद ली। गाड़ी बिगड़ी या फिर टायर पंचर हुआ तो मिस्त्री को ढूंढ उसे ठीक कराया और फिर चल पड़े कभी न खत्म होने वाले माल को लोड-अनलोड करने वाले सिलसिले की ओर। बात हो रही लंबी दूरी वाले उन ट्रक चालकों की, जिनकी जिंदगी का एक बड़ा समय वाहनों पर ही बीतता है। एक्सप्रेस-वे हो या फिर राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा हाइवे, इन चालकों के लिए मार्गों पर सुविधा के नाम पर कुछ नहीं होता है। सरकार अब इनकी जिंदगी को बेहतर करने की कोशिश में है। इसके लिए प्रदेश में हर 100 किमी. की दूरी पर ट्रर्कर्स पार्क बनाए जाएंगे। ट्रक चालकों को एक ही छत के नीचे सभी अहम सुविधाएं दी जाएं।

निवेशकों को मिलेगी छूट

एक्सप्रेस–वे, एनएच पर हर 100 किमी. की दूरी पर ट्रर्कर्स पार्क बनाए जाएंगे। दस एकड़ जमीन पर ट्रक पार्किंग और विश्राम स्थल बनेगा। भूमि का 85 फीसद हिस्सा पार्किंग में प्रयोग होगा और 15 प्रतिशत में कमर्शियल एक्टीविटी होंगी। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टैंप डयूटी में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इनके विकास पर भी सरकार बड़ी छूट देगी। निवेशकों के लिए यूपी डेस्को निवेश मित्र पोर्टल तैयार कर चुका है। उसका ट्रायल चल रहा है।

"एक्सप्रेस–वे, एनएच पर बनाए जाने वाले ट्रर्कर्स पार्क में चालकों के लिए कैश निकालने की सुविधा होगी। यहां पर एटीएम लगेंगे। वर्कशॉप रहेगी और पेट्रोल पंप की भी उपलब्धता कराई जाएगी। बिगड़े इंजन को दुरुस्त करने के लिए मिस्त्री और पंक्चर वाहनों को दुरुस्त कराने की भी सुविधा चालकों को प्रदान की जाएगी।

–एके सिंह, अपर परिवहन आयुक्त

सूबे के विभिन्न मार्गों पर होने वाली कुल हादसों का करीब दस फीसद हिस्सा ट्रकों से होता है। इसे लेकर सरकार गंभीर है। इसके लिए लॉजिस्टिक पॉलिसी में तय हुए बिंदुओं पर काम तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मंशा है कि किसी भी खामी की वजह से सड़क किनारे ट्रक खड़े न होने पाएं। साथ ही ट्रक चालकों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

–चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उप्र"

कार्यवाही | एसटीएफ टीम उस धर्मगुरु के खिलाफ जुटा रही है साक्ष्य

फर्जी हलाल सर्टिफिकेट के पीछे एक धर्मगुरु

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ के हत्थे चढ़े हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों से पूछताछ में कई अहम जानकारी लगी है हाथ

अमृत विचार। फर्जी हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के खेल के पीछे एक मुस्लिम धर्मगुरु की भूमिका नाम सामने आ रहा है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों से पूछताछ में कई अहम जानकारी हाथ लगी है। एसटीएफ उससे जुड़े साक्ष्य जुटा रही हैं। तस्दीक करने के बाद उन पर कार्रवाई हो सकती है। हालांकि एसटीएफ ने उस धर्मगुरू की पहचान को अभी सार्वजनिक नहीं किया है।

दरअसल, एसटीएफ ने सोमवार को हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना हबीब युसूफ पटेल, उपाध्यक्ष मौलाना मुईदशीर सपडीहा, जनरल सेक्रेटरी मुफ़्ती ताहिर जाकिर और कोषाध्यक्ष मोहम्मद अनवर खान को गिरफ्तार किया था।

ये मुंबई मे बैठकर विभिन्न कम्पनियों को अवैध रूप से हलाल प्रमाण पत्र जारी कर धोखाधड़ी के माध्यम से लाखो रुपयों की कमाई कर रहे थे। एसटीएफ जांच में पता चला था कि बिना किसी जांच और किसी लैब टेस्ट के केवल ''हलाल'' का लोगो देकर जबरन वसूली की जा रही थी। इनसे पूछताछ के दौरान ही इस पूरे खेल के पीछे एक बड़े धर्मगुरू की भूमिका का पता चला है।

बहरहाल, एसटीएफ उनके बैंक खाते को सीज करा कर लेनदेन का विवरण जुटा रही है। ताकि यह पता चल सकेगा कि इन खातों में कहाँ-कहाँ से और किन-किन लोगों ने पैसे भेजे हैं। इसके साथ ही इन पैसों को किन-किन लोगों एवं संस्थाओं को भेजे गए हैं?

कुछ कम्पनियों- हलाल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जीमयत उलेमा हिन्द हलाल ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इण्डिया मुम्बई आदि ने विभिन्न उत्पादों पर उसकी ब्रिकी बढाने के उद्देष्य से आर्थिक लाभ लेकर फर्जीवाड़ा करते हुए हलाल प्रमाण पत्र विभिन्न उत्पादन के लिए जारी किए जाने का मामला पिछले साल सामने आया था। इस मामले में हजरतगंज में मुकदमा दर्ज हुआ था। बाद में उस मामले की तफ्तीश एसटीएफ को सौंपी दी गई थी। अब एसटीएफ इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज

पंत्रांक: / के0जी0बी0वी0 / स्टाफ चयन /6639–44 2023–24 / दिनांक: 12/02/20204

विज्ञप्ति सूचना

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ शिक्षक / 11308/2022–23 दिनांक – 14.02.2023 तथा शासनादेश सं0– 2805/68–5–2023 – 5/2020 दिनांक 01.02.2023 एवं शासनादेश सं0–1553 (1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग – 5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज के अनुमोदन दिनांक– 08.02.2024 के अनुपालन में जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अर्ह केवल महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक – 28.02.2024 की सांय 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

क0 सं0	पदनाम	शैक्षिक योग्यता	कुल रिक्त पद	वर्गवार रिक्त पदों का विवरण				मानदेय प्रतिमाह (रू0 में)
				अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु0	अनु0जन जाति	
1	पूर्णकालिक शिक्षिका (अंग्रेजी)	अंग्रेजी (अंग्रेजी से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0)	02	01	0	01	0	22000/–
2	उर्दू शिक्षिका (उर्दू)	उर्दू–बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा	02	01	01	0	0	13200/–
3	अंशकालिक शिक्षिका (शा0शिक्षा)	स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा (बी0पी0 एड0 सी0पी0एड0 एवं डी0 पी0एड0 आदि उपाधि)	02	01	0	01	0	9800/–
4	अंशकालिक शिक्षिका (कला / संगीत)	कला क्राफ्ट एवं संगीत / गृह शिल्प	01	0	0	01	0	9800/–
5	मुख्य रसोइया	कक्षा –08 पास	01	01	0	0	0	6900/–
6	सहायक रसोइया	कक्षा –08 पास	03	01	01	01	0	5175/–
7	चौकीदार	कक्षा –08 पास	01	0	01	0	0	5750/–

अर्हता एवं शर्त :– https://kannauj.nic.in पर देखी जा सकती है।

(उपासना रानी वर्मा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कन्नौज

एक नजर

प्रधानमंत्री 22 और 23 को वाराणसी में

अमृत विचार, लखनऊ : अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बार दौरा दो दिवसीय होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री वाराणसी में छह हजार दो सौ करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री का 22 और 23 फरवरी को वाराणसी प्रवास लगभग तय हो चुका है। माना जा जा रहा है कि प्रधानमंत्री का मौजूदा दौरा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले अंतिम बार का हो, जिसमें वह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास करें।

सपा में शामिल हुए बसपा के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ टीटू प्रधान अब समाजवादी हो गए हैं। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए बुधवार को पार्टी की सदस्यता ली।

प्रस्ताव में फंसा सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों का चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : समाज में अहम भूमिका निभाने वाले मंगल दलों को प्रोत्साहित करने की योजना विभागीय उदासीनता का शिकार हो गयी है। इसके कारण राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ एवार्ड-2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों का चयन नहीं हो सका है। 46 जिलों के अधिकारियों ने अपनी सूची युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय को उपलब्ध नहीं कराया है। प्रस्ताव न भेजने वाले जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को चेतावनी दी गई है। लापरवाही के कारण पोर्टल पर पंजीकरण भी कम हुआ है।

इसे लेकर मुरादाबाद, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर, चंदौली, कानपुर नगर, कानपुर देहात, ललितपुर, जालौन, आजमगढ़, झांसी, भदोही समेत 29 जिलों ने प्रस्ताव दिए हैं।

> राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों के प्रस्ताव आज मिल जाएंगे। शुक्रवार को इस संबंध में बैठक रखी है। इसमें आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।
>
> –**मेघना सोनकर**, उप निदेशक, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय

पुरस्कार में मिलते पांच हजार रुपये

मंगल दल कार्यकर्ता ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ, शिक्षा व खेलकूद जैसे कार्यक्रमों में शामिल होकर बढ़ावा देते हैं। जिले पर बेहतर कार्य करने पर एक महिला व एक पुरुष मंगल दल व राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय तीन श्रेणी में विवेकानंद यूथ एवार्ड दिया जाता है। पुरस्कार के तौर पर पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

प्रदेश में बनेंगे छह नए छात्रावास

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए शहर आने वाले अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को अब छात्रावास के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। अगले वित्तीय वर्ष से समाज कल्याण विभाग छह नए छात्रावास बनवाएगा। नए छात्रावास के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। छात्रावास के निर्माण पर 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे। प्रदेश के 75 जिलों में 230 छात्रावास संचालित हो रहे हैं, जबकि 31 छात्रावास जर्जर हो चुके हैं और इनको बंद कर दिया गया है।

इस संबंध में समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नए छात्रावास बनाने के लिए स्वीकृति मिल गई है और इसके लिए 25 करोड़ से अधिक का बजट भी स्वीकृत हो गया है। छात्रावास का निर्माण नए वित्तीय वर्ष में शुरू होगा।

निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे

मदरसों और डिग्री कॉलेजों की हो रही निगरानी, हो सकता है औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे हैं। कुछ डिग्री कॉलेजों की भी निगरानी की जा रही है। गहराते मामले को लेकर चर्चा है कि किसी भी दिन मौका - मुआएना और गाज गिरनी तय है।

यूपी के 73 जिलों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। हर केन्द्रों को राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ने की व्यवस्था अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा के निर्देश पर इंदिरा भवन में की गई है। मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में हुई जांच के दौरान कई घालमेल पाए गए, ऐसे में निदेशक के निर्देश पर एक जनपद में शिक्षकों के विरुद्ध केस दर्ज हो चुका है। सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसा ही मामला सीतापुर के मदरसों में सामने आया है। गंभीर इनपुट के बाद जांच का दायरा बढ़ चला है। माना जा रहा है कि निदेशक तथ्यपरक जांच करने का मन बना चुकी हैं। इसको लेकर स्थलीय परीक्षण भी किया जाना तय है। ऐसे में मौका मुआयना के साथ गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

कंट्रोल रूम में परीक्षा केंद्रों की जानकारी लेतीं निदेशक जे. रीभा व अन्य। अमृत विचार

▸▸ मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पाई गई हैं कई गड़बड़ी

> प्रदेश के कई जनपदों में मदरसा और कॉलेजों के मौका मुआयना किये जाते रहे हैं। अगर कहीं कमी या दिक्कत आती है, तो उसका निस्तारण कराया जाता है। विभागीय त्रुटि और अन्य खामियों में कार्रवाई भी होती रही है।
>
> –**जे. रीभा**, निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

महाविद्यालयों पर भी पैनी नजर

सीतापुर जनपद के कुछ महाविद्यालय भी जांच की परिधि में शामिल किये गए हैं। जानकारों की मानें तो विभागीय जांच में जिले के दो महाविद्यालयों का नाम चर्चा में आया है। ये भी मुआएने की जद जोड़ा जा रहा है।

प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने जा रही है भाजपा : पांडा

लोकसभा चुनाव में प्रदेश प्रभारी बनाए गए बैजयंत जय पांडा ने संभाली कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के लोकसभा चुनाव में प्रदेश प्रभारी बनाए गए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने लखनऊ आकर बुधवार को कमान संभाल ली। कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि राम जी की कृपा और जनता के आशीर्वाद से आने वाले दिनों में भाजपा प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने जा रही है।

वे प्रभारी बनने के बाद पहली बार बुधवार को लखनऊ आए तो, एयरपोर्ट पर उतरते ही सुबह 9 बजे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वागत किया। प्रदेश मुख्यालय तक तमाम कार्यकर्ताओं ने भी जगह-जगह उत्साह दिखाया। इसके बाद श्री पांडा ने राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा के सात प्रत्याशियों के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने और नेतृत्व का अवसर प्रदान करने में सफल रही है। भाजपा की ओर से राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित किये गए प्रत्याशी इसका उदाहरण हैं।

उम्मीदवारों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए बैजयंत जय पांडा ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को वंसत पंचमी की शुभकामनाएं दी। कहा कि देश की 140 करोड़ जनता प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की नीति पर चलते हुए आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रत्याशियों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम के साथ मोदी व योगी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी प्रत्याशियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कंधे से कंधा मिलाकर काम करना है और प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि सपा समाप्त और कांग्रेस मुक्त करने के संकल्प के साथ प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का काम करना है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं व बधाई दी। कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इतिहास का सृजन करते हुए प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए संकल्पित है।

भाजपा कार्यालय में लोकसभा प्रभारी बैजयंत पांडा का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, साथ में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

▸▸ एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री और संगठन महामंत्री ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री ने किया भोज पर आमंत्रित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैजयंत जय पांडा को बुधवार दोपहर भोजन के लिए आमंत्रित किया। विधान भवन में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद पांडा मुख्यमंत्री के साथ उनके सरकारी आवास चले गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय लौटकर उन्होंने दोनों उप मुख्यमंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात की और इसके बाद वापस दिल्ली चले गए।

राज्यसभा के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

राज्यसभा के लिए भाजपा के सभी सात उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सातों प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा की मौजूदगी में प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। बुधवार को विधान भवन में प्रत्याशी भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, संगीता बलवंत, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, तेजवीर सिंह, नवीन जैन ने पर्चा दाखिल किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर से विधानभवन के कमरा नं. 48 में नामांकन की कागजी औपचारिकता दो-दो सेट के साथ पूरी की। भाजपा ने सात में से चार सीटों पर पिछड़ी जातियों के उम्मीदवार खड़े किये गये हैं। इससे साफ है कि भाजपा लोकसभा चुनावों से पहले विभिन्न समुदायों तक पहुंचने की कोशिश में है। नामांकन दाखिल करने वाले सात प्रत्याशियों में से आरपीएन सिंह (सैंथवार), चौधरी तेजवीर सिंह (जाट), अमरपाल मौर्य (कोइरी) और डॉक्टर संगीता बलवंत (बिंद) पिछड़ी जाति की हैं। इसके अलावा डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी (ब्राह्मण) साधना सिंह (क्षत्रिय) और नवीन जैन (जैन) समाज से आते हैं।

उम्मीदवारों को लेकर सपा में गहराया असंतोष

स्वामी, पल्लवी के बाद राम गोविंद ने सपा नेतृत्व को दिया सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा और राज्यसभा उम्मीदवारों को लेकर समाजवादी पार्टी में असंतोष नजर आ रहा है। पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने पार्टी में अपने पद से इस्तीफा दिया, फिर विधायक पल्लवी पटेल ने नाराजगी दिखायी और वरिष्ठ नेता राम गोविंद चौधरी ने भी स्वामी के पक्ष में उतर कर सपा नेतृत्व को सुझाव दे डाला है। इससे पहले सहयोगी दल रालोद ने भी सीट बंटवारे पर नाखुश होकर खुद को अलग कर लिया।

सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के सिर पार आते-आते सपा के और भी नेता अपनी-अपनी महत्वाकांक्षा को साधने का दबाव पार्टी नेतृत्व पर बना सकते हैं। अंदरखाने की बात की जाए तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के ही चुनावी फार्मूले पीडीए (पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक) की ही नजर से पार्टी नेता उनके (अखिलेश के) हर छोटे-बड़े फैसलों को भी देखने लगे हैं। ऐसे में आने वाले समय में अन्य इस वर्गों के नेता नेतृत्व पर दबाव बनाने की चाल चल सकते हैं।

दरअसल, स्वामी प्रसाद ने पार्टी नेतृत्व पर दलितों और पिछड़ों को उचित भागीदारी न दिए जाने का आरोप यूं ही नहीं लगाया। उनका यह आरोप लोस और राज्यसभा दोनों के लिए घोषित उम्मीदवारों से जुड़ा है। राज्यसभा के लिए जहां तीन में दो टिकट सामान्य वर्ग को दे दिए गए वहीं, टिकट वितरण में स्वामी की न तो सलाह ली गई और न ही कोई जानकारी तक दी गई। खासकर जया बच्चन और आलोक रंजन को प्रत्याशी बनाए जाने के स्वामी और पल्लवी खिलाफ हैं। स्वामी प्रसाद मौर्या की पुत्री संघमित्रा बदायूं से भाजपा सासंद हैं, जहां से सपा ने धर्मेंद्र यादव को टिकट दे दिया है। वर्तमान में भाजपा से स्थिति साफ न होने पर स्वामी प्रसाद अपनी पुत्री के लिए आंवला (बरेली) से टिकट चाह रहे हैं। इधर सपा भी भाजपा से स्थिति साफ होने पर ही सपा आंवला की सीट पर पत्ते खोलेगी। इतना ही नहीं स्वामी माना जा रहा है कि, फर्रुखाबाद के टिकट से भी स्वामी खुश नहीं हैं। सूत्रों का कहना है कि मौर्य नहीं चाहते थे कि फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाया जाए। डॉ. शाक्य की शादी संघामित्रा से हुई थी, लेकिन बाद में तलाक हो गया था।

▸▸ सपा के और नेता नेतृत्व के फैसलों पर उठा सकते हैं सवाल

राम गोविंद ने स्वामी प्रसाद का लिया पक्ष

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोविंद चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित पत्र में स्वामी प्रसाद मौर्य का समर्थन करते हुए उनका इस्तीफा न स्वीकार करने का व्यक्तिगत सुझाव दिया है। पत्र में राम गोविंद ने लिखा कि स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विचारों का मजबूती से प्रतिवाद कर रहे हैं। इसलिए वह दोनों संगठनों के निशाने पर है। आगे उन्होंने लिखा है कि स्वामी प्रसाद पिछड़े समाज से आते हैं। अपने जुझारू स्वभाव की वजह से इस समाज में उनका एक विशेष स्थान हैं। उनका पदाधिकारी बने रहना सपा के हित में है। इसलिए मेरा अग्रह है कि आप उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं करें।

ये पार्टी के अंदर की बात है: अखिलेश यादव

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे पर अपनी चुप्पी तोड़ते बुधवार को मीडिया को दी प्रतिक्रिया में कहा है कि स्वामी प्रसाद वरिष्ठ नेता हैं। ये पार्टी के अंदर की बात है। हम इसका समाधान निकाल लेंगे। इसके पहले, मौर्य ने भी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को मीडिया को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। अब आगे क्या करूंगा ये इस पर निर्भर करता है। अब गेंद अखिलेश यादव के पाले में हैं, देखते है वह क्या करते हैं?

किसानों की मांगों का समाधान करे सरकार

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि, किसानों की मांगें गंभीरता से लेकर उनका समाधान किया जाए। भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने वाले मेहनतकश किसानों की जो मांगें हैं, सरकार उन्हें गंभीरता से ले और उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनका समय से समुचित समाधान करे, ताकि अन्नदाता किसानों को अपनी मांगों के समर्थन में बार-बार आंदोलन के लिए मजबूर न होना पड़े।

बसपा प्रमुख ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि इस संबंध में ''दिल्ली चलो'' के अभियान के तहत आंदोलित किसानों पर सख्ती करने के बजाय केन्द्र सरकार उनसे सही वार्ता कर उनके आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास करे तो बेहतर होगा। इनका शोषण करना भी ठीक नहीं।

वर्ग पहेली-343

बाएं से दाएं

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।
5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।
6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।
7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

ऊपर से नीचे

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना, थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना, जैसे- गर्भ ठहरना।
2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।
3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।
5. 1. आघात लगना



वर्ग पहेली - 342 का हल

	1 शु		2 झ	3 स
4 मे	जा		न	ना
	5 अ	भि	क	थि	त
	त		म	न
		6 मा	न	स
	7 जी	र	क	
		ना		

सुडोकू-60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			6			5		
3	8				2		7	
			4		7			1
8				5		1		
1								9
		2		7				6
6			3		9			
	1		2				3	8
		4			8			

सुडोकू - 59 का हल

5	3	1	2	8	4	9	7	6
8	9	4	6	3	7	2	1	5
2	6	7	5	1	9	8	3	4
6	5	2	9	7	3	4	8	1
4	7	9	1	2	8	6	5	3
3	1	8	4	6	5	7	9	2
1	4	3	7	9	6	5	2	8
9	2	5	8	4	1	3	6	7
7	8	6	3	5	2	1	4	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 10.12 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 09.26 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज व्यापारिक घाटे में तेजी से कमी आएगी। कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। किसी सार्वजनिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की खरीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है।

मिथुन — आज सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे। फाइनेंस और कमीशन वाले कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

कर्क — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा।

सिंह — आज वह कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

कन्या — आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें।

तुला — आज घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है। आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है।

वृश्चिक — आज कुछ परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी एवं भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

धनु — आज धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रणय जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

मकर — आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर समन्वय की कमी के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शांति पूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

कुंभ — आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

मीन — आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- वन टू थ्री — सुबह : 09.31
- भैयाजी सुपरहिट — रात : 07.17

SONY MAX
- इशकजादे — सुबह : 11.04
- चक दे इंडिया — रात : 07.02

SONY PIX
- मॉर्टल कॉम्बैट — सुबह : 10.17
- वेनम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- ईना मीना डीका — सुबह : 10.30
- नमस्ते इंग्लैंड — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- राम और श्याम — दोपहर : 12.03
- कल हो न हो — शाम : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

छोरा- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरा- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी-नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरा- अरे! वाट्सऐप चलाती है क्या?
छोरी-नहीं पगले मेरे पास साईकिल है वहीं चलाती हूं।
छोरा- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पूछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी -मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति-एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,822.83	21,840.0
बढ़त	267.64	96.80
प्रतिशत में	0.37	0.45

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, गुरुवार, 15 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14000-14200
अरहरस्पेशल1	11800-12000
चनादाल	6700-6800
मटरदाल	5600-5700
मसूरमलका	7000-7100
मसूरदाल	7000-7100
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5050-5100
अलसी	4500-4600 रुपये।

भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध

आईईए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी बोले-बढ़ती सक्रियता से एजेंसी को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा-मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा-समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा-एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक करना है कम



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

सोना में 750 रुपये चांदी के दाम में 1,400 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

इक्विटी बाजार में एफपीआई का निवेश 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिसंबर तिमाही में सितंबर की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा

दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक-इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई आईपीओ आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित किया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	71,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,300
गिन्नी (प्रति नग)	47,150-47,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	71,300
चांदी तैयार	71,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,350
सोना जेवरात गिन्नी	62,350
चांदी पक्की	710 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,500
चांदी आभूषण	71,350।

वित्त मंत्रालय के नियमों एवं शर्तों के बारे में की गई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 16वें वित्त आयोग की पहली बैठक संपन्न

अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित सोलहवें वित्त आयोग की बुधवार को पहली बैठक संपन्न हुई। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस बैठक में आयोग ने भारत की राष्ट्रपति के आदेश और 31 दिसंबर, 2023 को जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुरूप अपने नियमों एवं शर्तों के बारे में चर्चा की। मंत्रिमंडल ने संविधान के अध्याय एक, 12वें खंड के तहत संघ और राज्यों के बीच शुद्ध कर आय का वितरण और संबंधित राज्यों की हिस्सेदारी के आधार पर कर आवंटन से संबंधित नियमों एवं शर्तों को मंजूरी दी थी।

इसके अलावा 16वां वित्त आयोग भारत की संचित निधि से राज्यों को राजस्व सहायता अनुदान देने और राज्यों को सहायता अनुदान के जरिये दी जाने वाली राशि तय करने वाले सिद्धांतों पर भी गौर करेगा। निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार आयोग पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों को लेकर राज्य की संचित निधि बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय भी सुझाएगा।

कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नई दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों के अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 26 रुपये या 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,768 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.84 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

बीमित नहीं हो पाई रबी फसल, कटने लगी मटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंकों ने तय समय पर काट लिया प्रीमियम पर फीडिंग नहीं की
- बीमा कंपनी को होगा फायदा किसानों को नुकसान

अमृत विचार: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की फसलें बीमित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिलों में मटर कटने लगी है। इनमें वह किसान शामिल हैं, जिनका बैंकों ने प्रीमियम तो काट लिया लेकिन बीमित करने के लिए पोर्टल पर फीड नहीं कर पाए हैं। ऐसे में बीमा होता है या नहीं किसानों को फायदा नहीं होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंकों ने आलू, गेहूं, सरसों, मटर, टमाटर आदि फसलों का बीमा करने के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक किसान क्रेडिट कार्ड से प्रीमियम तो काट लिया। लेकिन, पोर्टल पर पूरी तरह से किसान और फसलों का विवरण फीड नहीं कर पाए हैं। जब तक फीडिंग नहीं तब तक बीमा मान्य नहीं होगा। फीडिंग की अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। जो खराब प्रगति पर बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। इधर, अधिकांश जिलों में मटर की कटाई होने लगी है।

अब सवाल इस बात का जिन किसानों ने मटर काट ली उनकी फसल किस आधार पर बीमित होंगी और कैसे लाभ मिलेगा। क्योंकि मौके पर फसल नहीं है। यदि 15 फरवरी तक फीडिंग कर बीमा हुआ तो आगे क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान भी बिना फसल के नुकसान का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इस लापरवाही का सीधा फायदा बीमा कंपनी को मिलेगा।

राष्ट्रीय

70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा

राजस्थान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सलाह-देश की महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें

जयपुर, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है। राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, '' देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा?

राष्ट्रपति ने कहा कि इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरुष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा-जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।

कोर्ट ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

शिवसेना नेता पर गोलीबारी

ठाणे। अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

नागपुर में बुधवार को हिंदुओं के प्रमुख पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर महिलाओं ने मंदिरों में जाकर मां सरस्वती की पूजा की। इसके बाद मंदिर से निकलीं महिलाओं ने एक-दूसरे टीका करके पर्व की बधाई दी। ● एजेंसी

एक नजर

सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा जुर्माने का आदेश दिया गया था।

हत्या के आरोपी ने जेल में की आत्महत्या

जम्मू। पिछले साल अक्टूबर में अपनी मां और एक नाबालिग बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे एक व्यक्ति ने जेल के अंदर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जगदेव सिंह (37) उर्फ माइकल के शव को मंगलवार शाम अम्फाला जिला जेल में उसकी कोठरी के अंदर पतलून से बनाए गए फंदे पर लटका हुआ पाया गया।

तमिलनाडु विस में एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित

चेन्नई, एजेंसी

- मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र के प्रस्ताव को मनमाना कहा

तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को केंद्र की प्रस्तावित एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया और इसे अव्यावहारिक तथा अलोकतांत्रिक करार दिया। विधानसभा ने परिसीमन प्रक्रिया पर भी एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया है कि अगर इसे अपरिहार्य कारणों से किया भी जाना है तो इस कवायद के लिए 1971 की जनगणना मानदंड होनी चाहिए। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दोनों प्रस्ताव पेश करते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव को मनमाना करार दिया।

उन्होंने जनगणना (जो लोकसभा चुनावों के बाद आयोजित की जा सकती है) के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद जारी रखने के प्रस्तावित कदम को एक साजिश करार दिया। स्टालिन ने कहा कि इससे तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या में गिरावट आएगी। मार्च 2023 में तत्कालीन केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यसभा में कहा था कि अगली परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के बाद की जा सकती है। स्टालिन ने कहा-एक राष्ट्र, एक चुनाव पूरी तरह अव्यावहारिक और संविधान की मौलिक रूपरेखा के खिलाफ है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संविधान में दी गई गारंटी के पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से राज्य विधानसभाओं को समय से पहले भंग किया जा सकता है जो संविधान के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है तो क्या सभी राज्य विधानसभाओं को भंग किया जाएगा? इसी तरह यदि कुछ राज्यों में सरकारों को निर्धारित कार्यकाल से कम समय तक रहना पड़ा तो क्या केंद्र की सत्ता में बैठे लोग पद छोड़ेंगे? मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निकायों में चुनाव राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है और स्थानीय निकाय चुनाव कराने का दावा राज्य के अधिकारों का हनन माना जाएगा।

मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

इंफाल, एजेंसी

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मंगलवार की रात में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए हैं, जहां भारी मात्रा में हथियार हैं। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने बताया-यह घटना मंगलवार रात को तब हुई जब स्थानीय युवा, जिनमें ज्यादातर ग्राम स्वयंसेवक थे, एमपीटीसी के गेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

राशन घोटाले का एक और आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) घोटाले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान व्यवसायी विश्वजीत दास के रूप में हुई है। उसे जेल में बंद राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व बोनगांव (उत्तर 24 परगना) नगर पालिका अध्यक्ष शंकर अद्ध्या का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद राशन घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में कम से कम आठ स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें बिधाननगर थाना क्षेत्र के तहत साल्ट लेक में विश्वजीत का घर भी शामिल था।

ईडी ने अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में तलाशी ली

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। कार्रवाई का विस्तृत विवरण अभी नहीं मिला है। जबकि मामले की अभी भी जांच जारी है।

कोर्ट ने महिलाओं की आयु सीमा पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सरोगेसी कानून को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरोगेसी के लिए महिलाओं की आयु निर्धारित करने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा। इस कानून में केवल 23 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सरोगेसी की अनुमति दी गई है। एक दंपती की ओर से दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जवाब मांगा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दंपती की याचिका पर नोटिस जारी किया जिनकी उम्र लगभग 51 वर्ष है। उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह का कानून उन्हें बच्चा पैदा करने के उनके अधिकार से वंचित करता है। पीठ ने केंद्र से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि विज्ञान के कुछ आधार होते हैं। हम विज्ञान के बीच हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं...किसी और के जीवन के साथ न खेलें। इससे बच्चा विकृत हो जाएगा। दंपती ने सरोगेसी के लिए राज्य मेडिकल बोर्ड में आवेदन किया था, लेकिन बोर्ड ने यह कहकर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार कर दिया कि इच्छुक महिला ने सरोगेसी अधिनियम- 2021 के तहत निर्धारित आयु सीमा पार कर ली है, जिसके बाद दंपती ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करेगा निस्तारण

दिल्ली उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करेगा और उनसे जुड़ी कानूनी कार्यवाही में पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। अदालत ने उच्चतम न्यायालय के 26 सितंबर 2023 के एक फैसले में पारित निर्देशों के अनुपालन में ये निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार जनरल कंवलजीत अरोड़ा के मार्फत सात फरवरी को जारी निर्देश के अनुसार-एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से जुड़ी किसी भी कानूनी कार्यवाही का निस्तारण अदालतें एचआईवी (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 की धारा 34(2) में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर करेंगी। इसमें कहा गया कि अदालतें यह भी सुनिश्चित करेंगी कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की गोपनीयता को पूरी तरह से बरकरार रखा जाए और कार्यवाही की रिकॉर्डिंग में ऐसे व्यक्तियों के असली नाम की जगह छद्म नामों का इस्तेमाल किया जाए।

सिंधू की जीत के साथ वापसी, चीन को 3-2 से हराया

भारतीय पुरुष टीम ने भी नॉकआउट में किया प्रवेश, हांगकांग की टीम को दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने से पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को चीन से भिड़ेगी, जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई, जिससे 3 मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने 149वें नंबर की वू लियो यू को हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। इस बीच पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को हराने में पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को हराकर टीम की 4-1 से जीत तय की। 4 ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।

एफआईएच प्रो-लीग में भारत का लक्ष्य हैट्रिक

भुवनेश्वर, एजेंसी

एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो-लीग के सत्र को लगातार दो जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैम्पियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी। नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भी इस मुकाबले में दो जीत के साथ उतरेगी। टीम ने स्पेन को 4-3 और आयरलैंड को 5-0 से मात दी है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अभी सुधार बाकी है। शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलना हमेशा कठिन होता है, लेकिन हमें उबरने के लिए अच्छा ब्रेक मिला और अब हमारा ध्यान भुवनेश्वर चरण के आखिरी दो मैचों पर है। फुल्टोन को पता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम कितनी मजबूत है लेकिन उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले मैच के लिए तैयार हैं। यह निश्चित रूप से एक कठिन मैच होने वाला है। वे (ऑस्ट्रेलिया) लगातार बड़ी जीत दर्ज कर रहे हैं। भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह लय में है। उन्होंने अब तक तीन गोल किए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शूटआउट में शानदार रक्षण के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को भुवनेश्वर चरण में आयरलैंड का सामना करेगी।

खेल डायरी

नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

डैज के गोल से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

लेपजिग (जर्मनी), एजेंसी। ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी। उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा।

भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण और रजत पदक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने में 9 स्वर्ण सहित 7 पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629 .0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627 .4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

नागल की नजरें अब पेरिस ओलंपिक पर

बेंगलुरू, एजेंसी। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने जीत के बाद कहा कि हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वह बस अलग तरह से खेलते हैं: जडेजा

राजकोट में खेला जाएगा आज पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद के मैच में भारत को हराया था, लेकिन मेजबान टीम ने

विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी कर ली। तीसरा टेस्ट यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने कहा कि मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट से दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा कि अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते। भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी

करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा कि अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और अधिक रन लुटा दें और विकेट भी नहीं मिले। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है।

भरत को रन बनाने होंगे: पार्थिव

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में बल्ले से लचर प्रदर्शन करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत को एक और मौका देने की वकालत करते हुए पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा कि आंध्र के इस खिलाड़ी ने विकेट के पीछे अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। इस बात की संभावना है कि तीसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी के कारण ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका मिले। भरत ने इस श्रृंखला में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी (विकेटकीपिंग में) शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं की आप उसके बल्ले से रन चाहते हैं।

क्रिकेट के लिए अच्छा बैज़बॉल: कुलदीप

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि बैजबॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ ही उन्हें विकेट लेने में भी मदद करता है। आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं। लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब वे शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है।

भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाऊंगा: स्टोक्स

राजकोट, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर बनी 'हाइप' को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह हैं लेकिन वह इस मैच में भारतीय दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जब इंग्लैंड की अगुवाई करने को उतरेंगे तो वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के 16वें खिलाड़ी होंगे। अपनी उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह होती हैं लेकिन मैंने हमेशा भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया है, क्योंकि इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और लोगों की काफी दिलचस्पी होती है।

स्टोक्स ने कहा कि उनका ध्यान अभी परिस्थितियों को समझने और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर है। जब आप विकेट देखते हो तो उसमें कुछ दरार होती हैं। यह समय ही बताएगा कि मैच में उनकी भूमिका होगी या नहीं। मैं पिच के बारे में अभी से बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता हूं लेकिन आपके पास रणनीति होनी चाहिए जो आप अपने खिलाड़ियों को बताओगे। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह निसंदेह अविश्वसनीय गेंदबाज है। वह लंबे समय से यह साबित कर रहा है और उसने पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

बशीर की जगह वुड इंग्लिश टीम में शामिल

इंग्लैंड ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा की, जिसमें बदलाव किया गया है। टीम में आफ स्पिनर शोएब बशीर के स्थान पर तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया है। श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड दो तेज गेंदबाजों को शामिल करेगा। वुड पहले टेस्ट में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, हालाँकि उन्हें दो पारियों में कोई विकेट नहीं मिला।

मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपेनहेगन को रौंदा

कोपेनहेगन, एजेंसी। केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है। टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है। सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई, लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया। बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा।

रोहित होंगे टी-20 विश्व कप में कप्तान

राजकोट, एजेंसी

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बुधवार को कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत के कप्तानी होंगे। भारत के पास हार्दिक पंड्या के रूप में छोटे प्रारूप का पूर्ण कालिक कप्तान है, लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की। शाह ने कहा कि हम 2023 में लगातार 10 जीत के बावजूद अहमदाबाद में विश्व कप नहीं जीत पाए लेकिन हमने दिल जीते। मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि 2024 (टी-20 विश्व कप) में बारबाडोस (फाइनल का स्थान) में हम रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत का झंडा गाड़ेंगे। शाह खंडेरी में सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में मुख्य अतिथि थे। इस स्टेडियम का नाम अब क्रिकेट प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर है। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर, अनिल कुंबले और आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल मौजूद रहे। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के अलावा रोहित शर्मा, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

बॉलीवुड हलचल

नेहा- लवली का ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी गाना ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज हो गया है। ब्लेजर में बेजोड़ लागेला वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में लवली काजल अपने पति पर प्यार जताते हुए बहुत प्यारी लग रही हैं। वह अपने हसबैंड को प्यार भरी नजाकत के साथ तारीफ करते हुए कह रही हैं कि...'भले सांवर बाड़ा नाही कम बाड़ा हो, खाके मम्मी के कसम हैंडसम बाड़ा हो, दिलवा में बोली के गोली दागेला, अरे गोली दागेला...राजा हो ब्लेजर में तू बेजोड़ लागेला, ब्लेजर में बेजोड़ तू लागेला...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ब्लेजर में बेजोड़ लागेला' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर नेहा राज हैं, जबकि अभिनेत्री लवली काजल है।

नोरा के जन्मदिन पर 1000 बच्चों को खिलाया गया खाना

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गई और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है। हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं, क्या तोहफा है।

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गई है। फिल्म चीख की कहानी जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा, चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है, टेक्नोलॉजी के इस जमाने में फिल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को संज़ीदगी से उठाया गया है। हम लोग फिल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे। हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफलता के बाद हम यह काफी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फिल्म बनेगी। दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर ने इस फिल्म को खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया हैं। दूसरे शेड्यूल में हम हर सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर जाएं। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि दूसरे शेड्यूल में फिल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ हैं। फिल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन टीम तन्मयता से काम मे लगी थी और इसी का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं। पिछले शेड्यूल में हमने 1 महीने तक फिल्मांकन किया और आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है। फिल्म के लेखक धर्मेन्द्र सिंह, छायांकन विजय मंडल हैं। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अर्चना सिंह राजपूत, संतोष पहलवान, जितेंद्र झा, प्रेम दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, आर्यन बाबू, छोटी, निशा सिंह, सोनिया मिश्रा, जेश केशरवानी हैं।

करण जौहर की वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिए बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया, शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है।

अरविंद अकेला कल्लू का गाना अनार रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना अनार रिलीज हो गया है। गाना अनार को जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस गाने को कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के वीडियो में आरोही सिंह और कल्लू है। अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि अनार फुल्ली कमर्शियल गाना है और यह दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देने वाला है। जेएमएफ भोजपुरी शानदार म्यूजिक प्लेटफ़ॉर्म हैं, जहां हर तरह के गाने उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का मनोरंजन हो सके। उसी प्ले लिस्ट में हमारा यह गाना भी जुड़ गया है, जिसे मैं भोजपुरी के दर्शकों से बड़ा और मिलियन व्यूज वाला बनाने का आग्रह करता हूं। यह गाना आपके लिए है और इसे खूब एन्जॉय करें। वहीँ इस चैनल के मालिक बद्रीनाथ झा ने कहा कि कल्लू का गाना अनार मनोरंजन की ताजगी देने वाला है, इसलिए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



मंदिर के भव्य शिखर हैं खास: मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में किया गया है। बीएपीएस मंदिर की आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। इसके आधे हिस्से में पार्किंग भी बनाई गई है। अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। बीएपीएस के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएई के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, बकौल स्वामी ब्रह्मविहरिदास, इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए मंदिर में भारतीय पौराणिक कथाओं में अहम स्थान रखने वाले हाथी, ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।

सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी सबसे ऊंची इमारत

दुबई, एजेंसी

भारत के मित्र देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का तिरंगा शान से लहरा रहा है। दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा तिरंगे के रंगों में उस वक्त जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।

भारत-यूएई के रिश्तों में सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी विश्व की सबसे ऊंची इमारत। दरअसल, भारत दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में बतौर एक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुआ। पीएम मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे में मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।

कई देशों की सभ्यताओं को भी मिली जगह

मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया (मैक्सिको की महत्वपूर्ण सभ्यता), एज्टेक (मध्य अमेरिकी सभ्यता), मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर की बाहरी दीवारों को भारत के बलुआ पत्थर का इस्तेमाल करके बनाया गया, जबकि आंतरिक दीवारें सफेद इतालवी संगमरमर से बनाई गई हैं।

धीरज का प्रतीक है ऊंट

पत्थरों पर नक्काशी करने वाले शिल्पकार सोमसिंह ने कहा कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को यूएई के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।



एक नजर

गुजरात: दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

गांधीनगर। गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

इजराइल-हमास युद्धविराम पर बातचीत जारी रहेगी: मिस्र

काहिरा। मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र इजराइल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र मीडिया ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं।

पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी

वाशिंगटन। पाकिस्तान चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पाकिस्तान में चुनावों से अवगत हैं।

ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

दुबई। ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य करार दिया। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई।

अमेरिका: दो जुड़वा बच्चों का घोंटा गला, दंपती को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

घर में मृत मिला भारतवंशी परिवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था। इसलिए, उनकी मौत की वजह का पता लगाने के शव का परीक्षण होगा। पुलिस मानकर चल रही है कि बच्चों का या तो गला घोंटा गया या उन्हें जानलेवा ओवरडोज दी गई, क्योंकि उनके शरीर पर हमले का कोई निशान नहीं था। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी बाथरूम के अंदर पाए गए। दोनों को गोली लगी हुई थी। बाथरू में 9 एमएम की पिस्तौल और भरी हुई मैगजीन मिली है।

अमेरिका में भारतीयों पर बढ़े हमले

हाल के महीनों में एक भारतीय छात्र सहित सात भारतवंशी लोगों की मौतें हुई हैं। वाशिंग में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले शिकागो में एक छात्र सैयद मजाहिर पर हमला हुआ था। उससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेड़ी ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था।

भारतवंशी नागरिकों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां

बीते कुछ अरसे से भारतीयों, खासकर भारतीय छात्रों के साथ घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में काम करने वाले संगठन टीम के अनुसार भारतीय छात्रों के समक्ष मुख्य तौर पर ये तीन प्रमुख चुनौतियां आती हैं। **ड्रगिस्ट के हमले :** अमेरिका में बीते कुछ समय से ड्रग एब्यूज (नशे की स्थिति में दुर्व्यहार) के मामलों में काफी तेजी आई है। भारतीय छात्र इनका आसान शिकार बन जाते हैं। पंचकुला के विवेक सैनी की जान ऐसे ही एक ड्रगिस्ट ने गत सप्ताह ले ली थी। **संवाद**

की समस्या : उत्तर भारत से अमेरिका जाने वाले अनेक छात्रों को भाषा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिकारियों के समक्ष उसे बयां करने से हिचकते हैं, जिससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है। **मानसिक संताप :** भारतीय अभिभावक अपने बच्चों को अमेरिका पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका तनाव भी बच्चों को रहता है। जब उन्हें लगता है कि राशि का वे उचित प्रतिसाद नहीं दे पाएंगे तो खुदकुशी जैसे कदम उठा लेते हैं।

पं. बंगाल की जेलों में 4 साल में जन्में 62 बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी गई है कि पिछले चार वर्षों में बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जेल जाने से पहले ही यह महिला कैदी गर्भवती थीं। जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

- शीर्ष कोर्ट में रिपोर्ट पेश जेल जाने से पहले ही हुईं थीं महिला गर्भवती

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के तबादले का प्रस्ताव

नई दिल्ली। सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। दरअसल, इन न्यायाधीशों ने अपने तबादले का अनुरोध किया था। मंगलवार को कॉलेजियम की बैठक में जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल थे। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के अन्य हाई में ट्रांसफर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कॉलेजियम ने कहा, 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता हाई कोर्ट से किसी अन्य हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में जस्टिस भट्टाचार्य को तेलंगाना हाई कोर्ट में ट्रांसफर किये जाने की सिफारिश की जाती है।

जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद ने शीर्ष कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 14 फरवरी को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका रद्द कर दी। अदालत ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बुधवार को उमर खालिद ने कोर्ट ने अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उमर खालिद को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। खालिद साल 2020 से ही दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में जेल में बंद हैं। उमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि यह याचिका इसलिए वापस ली जा रही है क्योंकि कुछ परिस्थितियां बदली हैं और अब हम बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में फ्रेश याचिका डालेंगे। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने याचिका को रद कर दिया।

इंडोनेशिया: 20 करोड़ मतदाता चुनेंगे अपना नेता, मतदान शुरू

जकार्ता। मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं।

बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। 'जोकोवी' के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है।

बर्फबारी से 1100 उड़ानें रद...

न्यूयॉर्क : अमेरिका के कई हिस्से बर्फीले तूफान की चपेट में हैं। न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कनेक्टिकट प्रांतों में मंगलवार को भीषण बर्फीला तूफान आया। सर्दी के सीजन में इस बर्फीले तूफान में नॉरईस्टर विंटर स्टॉर्म कहा जाता है। इस तूफान की वजह से न्यूयॉर्क में 5 से 8 इंच तक हिमपात हुआ है। न्यूयॉर्क के कैनेडी एयरपोर्ट की 1100 उड़ानों को रद करना पड़ा। साथ ही, न्यूयॉर्क के स्कूल-कॉलेज को भी बंद कर दिया गया है। ● एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध मजबूत: पेंटागन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध को लेकर पेंटागन ने बयान जारी किया है। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध बहुत अच्छे हैं।

सबरीना सिंह ने कहा किस क्षेत्र में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी जारी रखेंगे। रक्षा मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों के बारे में पेंटागन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 13 फरवरी से अमेरिका के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने पाकिस्तान में संपन्न हुए चुनाव को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेंटागन, पाकिस्तान में चल रही गतिविधियों पर नजर रख रहा है। पाकिस्तान में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी की जा रही है। भारतीय सेना में परिवर्तन, वैश्विक खतरे की धारणा, सेना में परिवर्तन-2030/2040, मानव संसाधन चुनौतियां, भविष्य की सेना का विकास और आधुनिकीकरण, और सह-उत्पादन जैसे मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है।

जनरल रैंडी जॉर्ज से मुलाकात करेंगे मनोज

रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल रैंडी जॉर्ज, अमेरिका के सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय चर्चा और बातचीत करेंगे।

युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो उनकी हत्या हो जाएगी: एलन मस्क

वाशिंगटन। रूस और यूक्रेन युद्ध को करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया साक्षात्कार काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता।

अमेरिकी सांसदों के सामने एलन मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। मस्क एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है।

43 भारतीयों समेत 186 लोगों को मालदीव ने किया निर्वासित

माले। मालदीव ने वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए 43 भारतीयों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित किए गए लोगों में सर्वाधिक संख्या बांग्लादेशियों (83) की है।

मालदीव में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों को बंद करने की जारी प्रयासों के बीच विदेशियों को निर्वासित किया गया है। गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि विभिन्न नामों से संचालित अवैध व्यवसायों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। गृह मंत्रालय इस प्रकार के व्यवसायों को बंद करने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों निर्वासित करने पर काम कर रहा है। यदि व्यवसाय किसी विदेशी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुनाफा कमाने के लिए संचालित किया जा रहा है तो ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण को समाप्त करने के लिए दिसंबर 2021 में एक कानून बनाया गया था। आव्रजन नियंत्रक शमां वहीद ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विदेशी श्रमिकों को खोजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आव्रजन विभाग ने कई लोगों को हिरासत में लिया और वैध दस्तावेजों व पासपोर्ट वाले लोगों को निर्वासित कर दिया गया।

- अवैध कारोबार करने का लगाया आरोप, बांग्लादेशी सबसे ज्यादा

विज्ञान नासा के रोबर पर्सिवरेंसरोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में किया कैद, मंगल के चंद्रमा फोबोस ने लगाया ग्रहण

लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ग्रहण की चपेट में पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य ही नहीं आते, बल्कि हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहते। पिछले सप्ताह मंगल पर लगे सूर्य ग्रहण को देखा गया। जिसकी तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान ने अपने कैमरे में कैद की हैं। मंगल पर यह अद्भुत ग्रहण की खगोलीय घटना आठ फरवरी को हुई।

लाल ग्रह मंगल के चंद्रमा फोबोस के कारण यह दुर्लभ नजारा सामने आया। नासा के रोबर पर्सिवरेंस रोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में कैद किया। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण के दौरान फोबोस का आकार आलू के बराबर नजर आया। मंगल का जेज़ेरो नामक क्रेटर क्षेत्र ग्रहण की चपेट में आया। ग्रहण के दौरान सूर्य के सामने से फोबोस गुजरा। रोबर ने इस घटना का विडियो बनाया है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने सूर्य ग्रहण की 68 तसवीरें अपलोड की हैं। फोबोस को पहली बार 1877 में अमेरिकी खगोलशास्त्री आसफ हॉल ने खोजा था। यह क्षुद्रग्रह के आकार का छोटे आकार का चंद्रमा है जो मंगल ग्रह की सतह से कुछ हजार मील की दूरी से परिक्रमा करता है। मंगल के काफी नजदीक होने के कारण यह मंगल के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में रहता है।

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।



लाल ग्रह मंगल से सूर्य ग्रहण की तस्वीर।

रहस्य के साए में उपग्रह फोबोस और डेमोस

लाल ग्रह के उपग्रह फोबोस और डेमोस दो ऐसे उपग्रह हैं, जिनके निर्माण के बारे में रहस्य अभी भी बना हुआ है। वैज्ञानिक अभी तक पता नही लगा पाए हैं कि वे क्षुद्रग्रह बेल्ट से आए हैं या किसी टकराव से इनका निर्माण हुआ है। यह भी समझा जाता है कि यह दोनो उपग्रह प्रारंभिक सौर मंडल के बचे हुए मलबे से बने हों। बहरहाल इस रहस्य को समझने के लिए अध्ययन जारी हैं।

पुतिन नाटो देशों पर हमला करते हैं तो हम रक्षा करेंगे: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने हाल ही में अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई टिप्पणियों की खतरनाक बताते हुए कहा कि 74 साल पुराना यह संगठन अमेरिका के लिए पवित्र प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि जब तक मैं राष्ट्रपति हूं और यदि पुतिन नाटो में शामिल किसी भी देश पर हमला करते हैं तो अमेरिका नाटो क्षेत्र के हर इंच की रक्षा करेगा। अभी हाल ही में दक्षिण कैरोलिना में एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह नाटो सहयोगियों से अपना रक्षा खर्च बढ़ाने को कहेंगे अन्यथा उन देशों पर आक्रमण करने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि जब अमेरिका जबान देता है तो उसका कुछ मतलब होता है। जब हम कोई वादा करते हैं तो हम उसे निभाते हैं और नाटो हमारे लिए पवित्र प्रतिबद्धता है। हालांकि ट्रंप इसे बोझ के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब वह नाटो को देखते हैं तो उन्हें अमेरिका और पूरी दुनिया की रक्षा करने वाला गठबंधन नहीं दिखता है।

- बाइडन ने ट्रंप के बयान पर कसा तंज, उन्होंने टिप्पणियों को खतरनाक बताया